आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 09:39 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024

वर्ष 5, अंक 188, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

आसमान में चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु-ए 3 14

27,000 रन पूरे करने वाले चौथे बल्लेबाज बने विराट 13

एक नजर

मदुरै के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

मदुरै (तमिलनाडु)। तमिलनाडु में सोमवार को नारिमेदु स्थित केंद्रीय विद्यालय सहित कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी के बाद से अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में दहशत फैल गई और प्रबंधन को बच्चों को जल्दी घर भेजने पर मजबूर होना पड़ा। बम तलाशी एवं निरोधक दस्ते सहित पुलिस की टीमें केंद्रीय विद्यालय और तीन अन्य स्कूलों में पहुंचीं तथा गहन जांच की। जांच में बम की धमकी अफवाह प्रतीत हुई।

झारखंड में परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्टूबर को झारखंड के हजारीबाग का दौरा करेंगे और इस दौरान धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत करने के अलावा 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

महाराष्ट्र में आया 4.2 तीव्रता का भूकंप

नागपुर। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार की दोपहर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी। अमरावती के स्थानिक उपजिलाधिकारी अनिल भटकर ने कहा कि किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान की कोई खबर नहीं है। एनसीएस ने कहा कि भूकंप जिले के चिखलधारा तालुका के टेटू गांव में दोपहर बाद 1.37 बजे आया। भूकंप का केन्द्र 13 किलोमीटर की गहराई पर था।

डीयू के 12 कॉलेजों की होगी विशेष ऑडिट

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कॉलेजों की विशेष लेखापरीक्षा शुरू की है। मुख्यमंत्री आतिशी ने इसकी स्वीकृति दे दी है। डीयू के यह कॉलेज दिल्ली सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त पोषित हैं। एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद लेखापरीक्षा निदेशालय ने विशेष ऑडिट करने के लिए आठ सदस्यीय टीम का गठन किया है।

मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

- 8 अक्टूबर को दिया जाएगा 74 वर्षीय अभिनेता को सम्मान

हिंदी सिनेमा में डिस्को डांस को लोकप्रिय बनाने वाले तथा मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस-डांस जैसी फिल्मों के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकार ने सोमवार को उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देने की घोषणा की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर यह घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें एक सांस्कृतिक दूत बताया। चक्रवर्ती (74) ने कहा कि जब उन्हें यह खबर मिली तो उनके दिमाग में भोजन और सिर छुपाने के शुरुआती संघर्ष के दिनों सहित जीवन की अब तक की तमाम यादें ताजा हो गईं। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण का मतदान आज

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को 40 विधानसभा क्षेत्रों में अंतिम चरण में मतदान होगा, जिनमें कश्मीर के 16 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। ये क्षेत्र कुपवाड़ा, बारामूला और बांदीपुरा के तीन जिलों में फैले हैं। उत्तरी कश्मीर के डीआईजी मकसूद-उल-जमान ने कहा कि मंगलवार को तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए तीन सीमावर्ती जिलों में विभिन्न सुरक्षा बलों की 400 कंपनियां तैनात की गई हैं। यह तैनाती सेना और बीएसएफ सहित उन बलों के अतिरिक्त है जो एलओसी पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं।

महाराष्ट्र में देशी गाय को राज्यमाता का दर्जा

शिंदे सरकार ने प्राचीन परंपरा का हवाला देते हुए जारी किया आदेश

मुंबई, एजेंसी

राज्य में देशी नस्ल की बढ़ाई जाएगी संख्या

राज्य के विभिन्न हिस्सों में गायों की अलग-अलग देशी नस्लें पाई जाती हैं, लेकिन दिन-ब-दिन देशी गायों की संख्या में भारी कमी आ रही है। देशी गायों के दूध में मानव आहार में अधिक पोषण मूल्य होता है। देशी गायों का दूध एक संपूर्ण आहार है, क्योंकि इसमें मानव शरीर के पोषण के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं।

गाय पालन के लिए सब्सिडी योजना भी लागू

रिपोर्टों के अनुसार महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने देशी गायों के पालन के लिए 50 रुपये प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का निर्णय लिया है क्योंकि राज्य में गोशालाएं अपनी कम आय के कारण इसका खर्च वहन नहीं कर सकती थीं इसलिए उन्हें मजबूत बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को भारत में गायों के सांस्कृतिक महत्व और उसकी परंपराओं का हवाला देते हुए गाय को ''राज्य माता'' घोषित करने का आदेश जारी किया। आधिकारिक आदेश में महायुति सरकार ने कहा कि गाय भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है और प्राचीन काल से ही इसका आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सैन्य महत्व रहा है।

आधिकारिक अधिसूचना में शिंदे सरकार ने कहा कि प्राचीन काल से ही गायों का मानव जीवन में एक अनूठा महत्व रहा है। वैदिक काल से गायों के धार्मिक, वैज्ञानिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए उन्हें कामधेनु कहा जाता है।

भगवान को तो सियासत से दूर रखें

तिरुपति लड्डू विवाद सुप्रीम कोर्ट ने जांच के बिना चंद्रबाबू के बयान पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने कहा-जांच लंबित होने तक बयान देना उचित नहीं था
- लड्डू बनाने में दूषित घी के इस्तेमाल के नहीं थे ठोस सबूत

दुनियाभर के भक्तों की भावनाएं आहत हुईं

सुब्रमण्यम स्वामी के वकील ने कहा कि वह इससे चिंतित हैं कि मुख्यमंत्री ने किस आधार पर स्पष्ट बयान दिया है, क्योंकि इससे देवता के प्रति सम्मान कम हुआ और दुनिया भर के भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। अधिवक्ता लूथरा और रोहतगी ने स्वामी पर टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया। रेड्डी ने घी के स्रोत और गुणवत्ता पर विस्तृत फॉरेंसिक रिपोर्ट तथा भक्तों की भावनाओं की रक्षा के लिए मुद्दे को प्रचारित करने पर अस्थायी रोक लगाने को अलग से याचिका दायर की है।

दूषित घी का प्रयोग अस्वीकार्य, जांच होनी चाहिए कि कौन है जिम्मेदार

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह आस्था का मामला है और यदि दूषित घी का उपयोग किया गया है तो यह अस्वीकार्य है। इसकी जांच की जानी चाहिए कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। शीर्ष अदालत ने तीन अक्टूबर को अगली सुनवाई पर सॉलिसिटर जनरल से जवाब मांगा है। नायडू ने दावा किया था कि राज्य में पिछली वाई एस जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डू बनाने में पशु वसा का उपयोग किया गया था, जिससे बड़ा विवाद शुरू हो गया।

उच्चतम न्यायालय ने ''तिरुपति लड्डू'' विवाद मामले में मुकदमा दर्ज होने और विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश देने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की ओर से प्रसाद में कथित तौर पर दूषित घी के इस्तेमाल के बारे में बयान देने पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उसे उम्मीद है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि 18 सितंबर को प्रेस के सामने बयान देने का औचित्य क्या था? इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं था कि लड्डू बनाने में वास्तव में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था। पांच आपूर्तिकर्ता थे। जिनमें से केवल एक की आपूर्ति दूषित पाई गई। पीठ ने यह भी पूछा कि क्या सभी आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त घी को इस्तेमाल से पहले मिलाया गया था। पीठ ने कहा कि हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि जब जांच लंबित थी तो सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए बयान देना उचित नहीं था। शीर्ष अदालत भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, इतिहासकार डॉ. विक्रम संपत, सुदर्शन टीवी चैनल के संपादक सुरेश चव्हाण और एक अन्य व्यक्ति के द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह निर्देश लेने को कहा कि क्या राज्य सरकार द्वारा गठित वर्तमान एसआईटी को ही जारी रहने दिया जाना चाहिए या कोई अन्य एसआईटी गठित की जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश सरकार और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने मुख्यमंत्री के 18 सितंबर को दिए गए बयान का बचाव करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आपूर्ति (घी की) मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई थी, इसलिए इसे परीक्षण के लिए आनंद में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की प्रयोगशाला में भेजा गया था। जांच की रिपोर्ट आने के बाद मिलावट संबंधी जानकारी सामने आई।

केजरीवाल-आतिशी के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

मानहानि मामला

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि के एक मामले को रद करने से इनकार किए जाने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी एक याचिका पर सोमवार को दिल्ली सरकार तथा भाजपा नेता राजीव बब्बर से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने इस विषय में नोटिस जारी किया और निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

आतिशी और केजरीवाल की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि मानहानि मामला भाजपा की दिल्ली इकाई के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बब्बर द्वारा दायर किया गया है।

डेढ़ गुना बढ़ा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वर्दी भत्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो लाख कर्मियों और एक लाख वाहन चालकों को मिली राहत
- मुख्य सचिव समिति की सिफारिश पर राज्यपाल ने दी स्वीकृति

अमृत विचारः प्रदेश सरकार ने सभी राजकीय विभागों समेत सचिवालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मियों और वाहन चालक संवर्ग के वर्दी भत्ता में डेढ़ गुना की बढ़ोत्तरी की है। मुख्य सचिव समिति की सिफारिश को राज्यपाल ने मंजूरी दी है। पांच साल बाद भत्ता बढ़ने से करीब दो लाख कर्मियों और एक लाख वाहन चालकों को राहत मिली है।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सोमवार को सचिवालय प्रशासन समेत अलग-अलग प्रमुख सचिवों को बढ़ोत्तरी से संबंधी शासनादेश भेजा है। चतुर्थ श्रेणी में दफ्तरी, जमादार, चपरासी, चौकीदार और सफाईकर्मी शामिल हैं। सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी व वाहन चालक संवर्ग के लिए वर्दी, वर्दी नवीनीकरण, धुलाई भत्ता और सिली वर्दी लेने के लिए तय रकम में अलग-अलग वृद्धि की गई है। वर्दी नवीनीकरण की समय सीमा भी घटा दी गई है। वर्दी धुलाई की दरें 40 से बढ़ाकर 90 रुपये की गई है। चालकों के लिए हर दो साल में एक जोड़ी जूता-मोजा और पांच साल में एक छाता भी मिलेगा।

चतुर्थ श्रेणी कर्मी व चालक के लिए वर्दी की दरें

वर्दी	भत्ता	नई संस्तुति
ग्रीष्मकालीन	680	1020
शीतकालीन	1310	1965
जूता	164	246
कंबल	200	300
छाता	96	144
रेनकोट (5 वर्ष पर)	500	750

(नोट : सभी आंकड़े रुपये में)

बगैर वर्दी ड्यूटी आने पर होगी कार्रवाई

एसीएस दीपक कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन कर्मचारियों को वर्दी अथवा वर्दी भत्ता दिया जा रहा है, उन्हें ड्यूटी पर वर्दी पहनना अनिवार्य होगा। वर्दी न पहनने पर संबंधित पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

अयोध्या गैंगरेप : पीड़िता के भ्रूण से मोईद का डीएनए मैच नहीं हुआ

विधि संवाददाता, लखनऊ

- मामले में दूसरे अभियुक्त राजू की डीएनए रिपोर्ट आई पॉजीटिव, 3 को होगी सुनवाई

अमृत विचार : अयोध्या दुष्कर्म मामले में पीड़िता के भ्रूण की डीएनए रिपोर्ट आ गई है। जो मुख्य अभियुक्त और सपा नेता मोईद अहमद के डीएनए से मेल नहीं खा रही है। सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मामले की सुनवाई के दौरान उक्त डीएनए रिपोर्ट राज्य सरकार की ओर से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। हालांकि मामले की सुनवाई नहीं हो सकी, न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 3 अक्टूबर तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने अभियुक्त मोईद अहमद की जमानत याचिका पर पारित किया। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। अभियुक्त के अधिवक्ता ने बताया कि आदेश के अनुपालन में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में दूसरे अभियुक्त राजू से डीएनए मेल खाने की बात तो कही गई है लेकिन मोईद अहमद से नहीं। मोईद की ओर से दलील दी गई कि वह 71 वर्ष का वृद्ध है और मामले में उसे राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है। वहीं राज्य सरकार का कहना है कि मामला बहुत ही गंभीर प्रकृति का है, पीड़िता नाबालिग है जिसके साथ दुराचार का आरोप अभियुक्त व उसके नौकर पर है। पीड़िता गर्भवती भी हो गई थी, गर्भपात के पश्चात डीएनए जांच के लिए सैंपल भेजा गया था।

प्रदेश के 4000 क्रय केंद्रों पर आज से होगी धान की खरीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़, झांसी और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जिलों में धान की खरीद मंगलवार से शुरू हो जाएगी। किसानों से धान खरीद को लेकर 31 जनवरी तक चलने वाली इस प्रक्रिया के लिए राज्य सरकार ने 4000 क्रय केंद्र बनाए हैं।

धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसानों को धान की उतराई, छनाई व सफाई के मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से प्रतिपूर्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री ने क्रय केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है। खाद्य-रसद विभाग की ओर से धान खरीद के लिए पहली सितंबर से पंजीकरण शुरू हो गया था। 30 दिनों में अब तक लगभग 32 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया है। कृषि विभाग के मुताबिक, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान से आच्छादित क्षेत्रफल 61.24 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष धान का उत्पादन 265.54 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। औसत उत्पादन लगभग 43.36 कुंतल प्रति हेक्टेयर अनुमानित है।

केरल के मंत्री ने वक्फ बिल को लेकर जताई चिंता

तिरुवनंतपुरम। केरल के वक्फ एवं हज तीर्थयात्रा मंत्री वी अब्दुर्रहीमान ने चेन्नई में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल के साथ एक बैठक के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक पर आपत्तियां और चिंताएं जताई हैं। केरल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन एम के साकिर भी बैठक में मौजूद थे। मंत्री ने इससे पहले केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात कर उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराया था। केरल में लगभग 12,000 पंजीकृत वक्फ संपत्तियां हैं, तथा उतनी ही संख्या में गैर पंजीकृत संपत्तियां भी हैं।

भड़काऊ बयान : सपा विधायक महबूब अली पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- एक कार्यक्रम के दौरान कहा था- मुस्लिम बढ़ रहे हैं, जल्द सत्ता पर कब्जा कर लेंगे

अमृत विचार : बिजनौर में रविवार को हुए संविधान मान स्तंभ स्थापना कार्यक्रम में भड़काऊ बयान देने के मामले में अमरोहा सदर विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक महबूब अली के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। समाजवादी पार्टी के बिजनौर जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के खिलाफ भी मामला दर्ज हुआ है।

शहर कोतवाली में दर्ज एफआईआर के मुताबिक रविवार को बिजनौर में चांदपुर रोड स्थित एक वेंक्वेट हॉल में सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में संविधान मान स्तंभ स्थापना कार्यक्रम हुआ था। जिसमें विधायक महबूब अली ने कहा कि अब मुसलमानों की आबादी बढ़ रही है। हम जल्दी ही सत्ता में आएंगे। मुगलों ने 850 साल तक शासन किया। जो लोग देश को जला रहे हैं, उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि लोग जाग गए हैं। लोगों ने लोकसभा चुनाव में जवाब दिया और 2027 में आप निश्चित रूप से सत्ता से चले जाएंगे और हम आएंगे। इस बयान का वीडियो वायरल हो गया। बिजनौर कोतवाली के एसआई संजीव कुमार की तहरीर पर सोमवार को महबूब अली और शेख जाकिर हुसैन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

> बयान के वीडियो को एडिट किया गया है। यह फर्जी मामला है। इस मामले को लेकर जांच कराएंगे। – **परवेज अली**, पूर्व एमएलसी एवं विधायक पुत्र।

कोर्ट में हाजिर हुईं पूर्व सांसद जयाप्रदा, दर्ज कराया बयान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अभद्र टिप्पणी में पूर्व सांसद पर जारी हुआ था गैर जमानती वारंट

अमृत विचार : रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा अभद्र टिप्पणी के मामले में सोमवार को कोर्ट में हाजिर हुईं और अपने बयान दर्ज कराए। उन्होंने वारंट भी रिकॉल कराया।

2019 में लोकसभा चुनाव के बाद रामपुर के पूर्व सांसद सपा नेता आजम खां के सम्मान में कटघर गुलाब बाड़ी स्थित मुस्लिम डिग्री कालेज में कार्यक्रम हुआ था। जिसमें आजम और मुरादाबाद के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन समेत पांच सपा नेता मौजूद थे। तभी जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। रामपुर के मुस्तफा हुसैन की ओर से आजम खां, एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मोहम्मद आरिफ, रामपुर नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में हो रही है। विशेष लोक अभियोजक मोहनलाल विश्नोई ने बताया कि अदालत में हाजिर न होने से जयाप्रदा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

वायुसेना के नए प्रमुख ने संभाला कार्यभार

नई दिल्ली। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी के सोमवार को सेवानिवृत होने पर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वायु सेना के नए प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर वायु सेना मुख्यालय में एयर चीफ मार्शल सिंह को वायु सेना की कमान सौंपी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर चीफ मार्शल सिंह फरवरी 2023 से वायु सेना उप प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

निष्क्रिय उपभोक्ता खाद्य एवं रसद विभाग ने एनआईसी को दिए निर्देश, रद भी किये जा सकते हैं कार्ड

पांच माह से नहीं लिया राशन, होल्ड हुए 6 .75 लाख कार्ड

राजीव शुक्ला, लखनऊ

प्रदेश के कार्डधारकों की स्थिति

पात्र गृहस्थी कार्डधारक-	3,18,28,499
अंत्योदय श्रेणी के कार्डधारक-	40,89,480
इतने कार्ड पर नहीं उठा राशन -	6,75,753

अमृत विचार : सरकार की ओर से पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को हर माह प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जाता है। प्रदेश में 6 लाख 75 हजार ऐसे पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड धारक हैं, जो पिछले करीब पांच माह से सरकारी राशन नहीं ले रहे हैं। खाद्य एवं रसद विभाग ने लंबे समय से निष्क्रिय इन राशन कार्डों को होल्ड पर रख दिया है। आशय यह है कि इन कार्ड का उपयोग फिलहाल धारक राशन लेने में तत्काल नहीं कर सकेंगे। इसे लेकर एनआईसी को निर्देश दे दिए गए हैं। अगर किसी जरूरत के तहत होल्ड किए गए ये कार्ड धारक आते हैं तो उसे इस व्यवस्था से मुक्त भी किया जाएगा। इसके लिए डीएसओ को अधिकृत किया जा रहा है। मंशा है कि इन कार्ड का दुरुपयोग न हो सके और नए जरूरतमंदों को जोड़ा जा सके।

वर्तमान में दो श्रेणी के राशन कार्ड सरकार की ओर से मान्य हैं। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों की संख्या प्रदेश में 3,18,28,499 है। इन्हें वर्तमान में प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जा रहा है। जबकि अंत्योदय श्रेणी के कार्ड धारकों की संख्या 40,89,480 है और इन्हें प्रति कार्ड 35 किलोग्राम के हिसाब से मुफ्त राशन दिया जाता है। पिछले दिनों प्रदेश के नॉन-ट्रांजेक्टेड राशन कार्डों की समीक्षा में खुलासा हुआ कि यूपी में 6,75,753 पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड ऐसे हैं, जिन पर पांच महीनों से (अप्रैल 24 से अगस्त 24 तक) राशन का उठान नहीं हुआ है। कार्डधारकों ने नेशनल पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के तहत किसी दूसरे राज्य की दुकान से भी मुफ्त राशन नहीं लिया। इससे स्पष्ट होता है कि इन कार्ड धारकों को मुफ्त राशन की जरूरत नहीं है।

पात्र के बनाए जाएं कार्ड

अपर आयुक्त खाद्य प्रभाष कुमार ने एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक राजीव रस्तोगी को पत्र लिख कर निष्क्रिय इन 6,74,753 राशन कार्डों को होल्ड करने को कहा है। साथ ही निष्क्रिय कार्डों को होल्ड पर डालने के बाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत उनकी जिलावार रिक्तियां सृजित करने को कहा है, ताकि उनके स्थान पर दूसरे पात्र लोगों के नए कार्ड बनाए जा सकें।

शहर में आज

☞ प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट में रामलीला मंचन के अन्तर्गत मुकुट पूजन श्री गणेश जी की शोभायात्रा का शुभारंभ रात 8:00 बजे।

☞ गोकुल दास गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्र कल्याण परिषद का चुनाव दोपहर 12:30 बजे।

☞ स्वामी नारदानंद रसोई की ओर से भोजन वितरण ऋषि आश्रम लालबाग पर शाम 6:00 बजे।

एक नजर

समारोह में सम्मानित हुईं शिक्षिकाएं।

रोटरी क्लब ने 20 शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

मुरादाबाद, अमृत विचार: महानगर के मंडी बांस स्थित राजकला पीडीए गर्ल्स इंटर कालेज में सोमवार को रोटरी क्लब मुरादाबाद ईस्ट ने नेशनल बिल्ड प्रोग्राम के तहत शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया। समारोह की शुरुआत रोटरी क्लब ईस्ट के अध्यक्ष अनिल गुप्ता, चार्टर मेंबर एसएन टंडन, हरिनंदन जैन, एमपी अग्रवाल व कालेज की प्रधानाचार्य पूनम भटनागर ने भगवान गणेश व मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके की। जिसके बाद कालेज की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। क्लब की ओर से कालेज की प्रधानाचार्य पूनम भटनागर, नीलम पंवार, डॉ. अर्चना कुमारी, ममता शर्मा व विनीता यादव समेत 20 शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। संचालन संजय गुप्ता ने किया।

आज इन क्षेत्रों में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

मुरादाबाद, अमृत विचार: मंगलवार को आरडीएसएस योजना के अंतर्गत वितरण खंड द्वितीय के ताड़ीखाना फीडर पर तार बदलने का कार्य किया जाना है। जिसके लिए सुबह 3 से पांच बजे तक दो घंटे के लिए जीएमडी रोड और ताड़ीखाना मोहल्ले की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके बाद शाम 5 बजे से 6:30 बजे तक डेढ़ घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। पीली कोठी जैन चौराहा और कचहरी कंपाउंड के 5 हजार उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति सुबह 5 से 6 बजे तक चार घंटे के लिए बाधित रहेगी।

जिलाधिकारी ने की जल जीवन मिशन ग्रामीण की समीक्षा, संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

पानी आपूर्ति का निर्धारित समय सार्वजनिक रूप से लिखवाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत हर घर जल योजना की निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की भौतिक प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में की।

जिलाधिकारी ने नोडल एजेंसियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि पेयजल परियोजनाओं पर पानी की आपूर्ति के लिए निर्धारित समय सार्वजनिक रूप से लिखवाएं। जिससे ग्रामीणों को पता रहे कि कितने बजे से कितने बजे तक पेयजल की आपूर्ति होगी। अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर पेयजल परियोजना का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि जो परियोजनाएं संचालित हैं उनका निर्बाध संचालन हो। उन्होंने भुजपुर, मोहम्मदपुर बस्तौर, जैतपुर, रनिया ठेर, फरीदपुर बहेड़ी, रूस्तमपुर खास, बकैना चांदपुर और भटगंवा आदि ग्राम पंचायतों में ओवरहेड टैंक, ट्यूबवेल निर्माण सहित अन्य कार्यों की जानकारी ली। फेज 3 के अंतर्गत कार्यदायी एजेंसी एनकेजी के कार्यों में सुस्ती पर नाराजगी जताई। एलटी इंफ्रा को भी अपने कार्यों में तेजी लाने के लिए निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यों के लिए सड़कों को काटने की स्थिति में काम पूरा होने के बाद उसका मानकों के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित कराने के लिए कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अधिशासी अभियंता ग्रामीण फराहिम अहमद मौजूद रहे।

निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

नामित पशु चिकित्साधिकारी गोशालाओं में नियमित करें पशुओं की जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गो संरक्षण के अंतर्गत गोशालाओं में प्रबंध सुनिश्चित कराने के लिए समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने कहा कि गोशालाओं में बीमार पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखा जाए। जिससे उनका बेहतर तरीके से इलाज हो सके। उन्होंने गोवंश के प्राथमिक उपचार के लिए दवाओं की उपलब्धता और नामित पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा नियमित निरीक्षण कर पशुओं की जांच कराना सुनिश्चित करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि हर गोशाला में पैरावेट/पशुमित्र को यह जिम्मेदारी दी जाए कि वे बीमार पशुओं की देखभाल करें। गोशाला में क्षमता से अधिक गोवंश को पास के दूसरे गोशाला में स्थानांतरित कराने के लिए भी निर्देश दिया। गोशालाओं तक जाने वाले संपर्क मार्गों के निर्माण/दुरुस्तीकरण की जानकारी अपर मुख्य अधिकारी से ली। कहा कि ग्राम पंचायतों के सचिव यह सुनिश्चित करें कि उनकी ग्राम पंचायत में संचालित गोशालाओं में कार्यरत गो-सेवकों को समय से मानदेय मिल जाए। बैठक में सीडीओ सुमित यादव, एडीएम प्रशासन गुलाबचंद, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कंसल आदि मौजूद रहे।

14 डेलीगेट के लिए 3 अक्टूबर को होगा मतदान, चुनाव चिह्न आवंटित

- 358 डेलीगेट का निर्विरोध निर्वाचन, 54 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए, 172 सीटें रिक्त
- 29 उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों में जांच के दौरान मिली खामियां, निर्वाचन अधिकारी ने रद किए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सहकारी गन्ना विकास समिति मुरादाबाद में डेलीगेट का चुनाव 3 अक्टूबर को होना है। जिसके लिए अब 14 सीटों पर चुनाव होगा। 26 सितंबर को 481 किसानों ने डेलीगेट (सामान्य प्रतिनिधि) के पद के लिए अपना नामांकन कराया था। जिसमें सोमवार को 54 लोगों ने नाम वापस ले लिए हैं। 29 लोगों के नामांकन प्रपत्र जांच के दौरान रद कर दिए गए।

सोमवार को निर्वाचन अधिकारी खंड विकास अधिकारी मूंढापांडे अशोक कुमार ने बताया कि गन्ना डेलीगेट पद का चुनाव को लेकर किए गए नामांकन में 26 सितंबर को 481 किसानों ने अपना नामांकन कराया था। जिसके बाद 30 सितंबर को 54 लोगों ने अपना नामांकन प्रपत्र वापस लेकर चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया है। जिसमें 358 किसान गन्ना डेलिगेट के पद पर निर्विरोध चुने गए हैं।

डेलीगेट यानि सामान्य प्रतिनिधि की 14 सीटों पर 3 अक्टूबर चुनाव कराया जाएगा। जिसमें सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान किया जाएगा। जिसके लिए सभी को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए है। प्रपत्रों की जांच के दौरान 29 नामांकन रद्द कर किए गए हैं। जिसमें 172 सीटें अभी भी रिक्त हैं।

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर किया प्रदर्शन

जिलाधिकारी, एसएसपी के अलावा मंडलायुक्त को भी सौंपा शिकायती पत्र व ज्ञापन

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचे भाजपा नेता व क्षेत्रीय लोग।

मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते लोग।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कुंदरकी विधानसभा के भाजपा नेता रामवीर सिंह के नेतृत्व में सोमवार को क्षेत्र के 50 से अधिक ग्राम पंचायत / बूथों से आए मुस्लिम मतदाताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर इसके माध्यम से राज्य निर्वाचन आयुक्त लखनऊ को ज्ञापन दिया। बाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती दिया गया। यहां से जाने के बाद भाजपा नेताओं ने मंडलायुक्त को भी ज्ञापन सौंपा। इसके माध्यम से मामले की शिकायत केंद्रीय निर्वाचन आयुक्त से की।

कुंदरकी विधानसभा

- 50 से अधिक ग्राम पंचायत / बूथों से आए मुस्लिम मतदाताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

भाजपा नेताओं व स्थानीय मतदाताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता हाजी रिजवान व अन्य पारिवारिक लोगों के द्वारा कुछ ही दिन पहले सरकार व प्रशासन की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया था। जिसमें दुष्प्रचार किया कि मुस्लिमों के वोट के अलावा मृतक और विवाहित दिखाकर लोगों के वोट काटे जा रहे हैं। यह सरासर गलत है। इसके विरोध में मुस्लिम मतदाताओं ने प्रदर्शन में कहा कि हमारा कोई भी वोट नहीं कटा है। ऐसे वोट काटे गए हैं जो कि फोटो से 2-3 जगह मतदाता पंजीकृत करके फर्जी वोटर बने हैं। जिसकी शादी हो चुकी है और जो मृतक है केवल ऐसे ही मामले के मतों को बीएलओ ने काटा है। भाजपा नेता ने कहा कि सपा नेता व अन्य लोगों के द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार की पोल खुल गई है। ऐसे में दुष्प्रचार कर सरकारी व्यवस्था पर लांछन लगाने वालों पर कार्रवाई की जाए। जिससे ऐसे लोगों को सबक मिल सके।

केंद्रीय निर्वाचन आयोग को भेजे शिकायती पत्र में कहा गया है कि कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 360 डोमघर आंशिक की मतदाता सूची के पेज नंबर 12, 13 के क्रमांक संख्या 293, 319, 327 व अन्य पेजों पर मतदाताओं के फोटो का इस्तेमाल कर वोटर बना दिए गए हैं। अर्थात एक जैसे फोटो का प्रयोग कर मतदाता बना दिए गए हैं। ऐसे ही मतदाताओं को साथ लेकर सपा नेताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर कहा गया था कि मैं जिंदा हूं मेरा वोट काट दिया गया है। जबकि मतदाता सूची में ऐसे मतदाताओं का नाम अंकित है। प्रदर्शन करने वालों ने केंद्रीय व राज्य निर्वाचन आयोग से मामले का संज्ञान लेकर तत्काल कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे डॉ. नवदीप यादव, विक्की ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो, रामकिशोर लोधी, चिराग अली, नजर अली सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के मतदाता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महबूब पर मुकदमा तो संगीत सोम पर क्यों नहीं

- अमरोहा विधायक के खिलाफ रिपोर्ट पर भड़कीं सांसद रुचि वीरा
- संगीत सोम के भड़काऊ भाषण को नजरअंदाज करने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: भड़काऊ भाषण देने के आरोप में सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री और अमरोहा से विधायक महबूब अली पर बिजनौर जिला प्रशासन ने मुकदमा दर्ज कराया है। वह बिजनौर में मंच से सभा को संबोधित कर रहे थे। इस पर मुरादाबाद की सपा सांसद रुचि वीरा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

सांसद का कहना है कि रविवार को मूंढापांडे ब्लॉक की ग्राम पंचायत भीतखेड़ा में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मेरठ की सरधना विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम के भड़काऊ भाषण देने पर प्रशासन ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया, न ही कोई कार्रवाई की है। इससे प्रशासन का दोहरा चेहरा साफ दिख रहा है। सपा सांसद ने कहा कि इससे साफ है कि शासन-प्रशासन सपा के लोगों को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे तो सबको अपनी गरिमा में रहना चाहिए।

भाजपा के लोग तो बिल्कुल निरंकुश हो चुके हैं। अगर यही बात किसी विपक्ष के नेता ने कही होती तो अब तक उस पर कई धाराओं में मुकदमा भी दर्ज हो चुका होता। पूर्व विधायक संगीत सोम ने अधिकारियों को जूते से पिटवाने की बात कह कर सभी अधिकारियों को शर्मसार कर दिया है। सबको ही अपनी गरिमा में रहना चाहिए। चाहे नेता हो या अधिकारी।

नीतियां बताकर दिलाई कांग्रेस की सदस्यता

मुरादाबाद, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश की महिला कांग्रेस की पश्चिमी जोन की अध्यक्ष भारती त्यागी के नेतृत्व में महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई।

भारती त्यागी ने बताया कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। मुरादाबाद में महिलाओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई। सदस्यता लेने वालों में शशि कला शर्मा, अमिता, राखी, लक्ष्मी, मुमताज, राबिया, शहनाज, रुबी आदि शामिल रहीं।

गांधी-शास्त्री जयंती पर चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सुबह 7:00 बजे परिवर्तन द चेंज संस्था द्वारा लालबाग काली मंदिर के पीछे रामगंगा नदी पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह ने बताया कि कि सुबह 9:00 बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। सभी कार्यालयों, विद्यालयों और अन्य संस्थाओं में वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा सुबह 9:00 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर भी माल्यार्पण किया जाएगा। गांधीजी के प्रिय भजन रामधुन का गुणगान किया जाएगा। सुबह 9:00 बजे नगर की मलिन बस्तियों में सफाई के लिए अभियान चलेगा। रामलीला मैदान के पास, दौलतबाग, मझोली, बौद्ध विहार, खुशहालपुर, गुलाबबाड़ी और आजाद नगर करूला की बस्तियों में सफाई अभियान चलेगा। नगरीय निकायों के अधिकारियों को मलिन बस्तियों को चिह्नित करने का निर्देश दिया।

दिल्ली टीम को हराकर फाइनल में पहुंचे महानगर के अवनीश रस्तोगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ व ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित एचएस चड्ढा मेमोरियल चैंपियंस कप टूर्नामेंट में सोमवार को चौथे दिन भी कड़े मुकाबले हुए। दिल्ली टीम को हराकर मुरादाबाद के अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी अवनीश रस्तोगी ने फाइनल में जगह बनाई।

सरदार हरभजन सिंह चड्ढा की स्मृति में डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस एकेडमी के पुलिस गेम्स क्लब में चौथे दिन भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले सभी खिलाड़ियों ने मुरादाबाद के टेनिस प्लेयर करन दुग्गल के असामयिक निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। टूर्नामेंट के सचिव अवनीश रस्तोगी ने बताया कि सोमवार को कुल 34 मैच हुए। इंडिया नंबर टू रैंक के खिलाड़ी पवन जैन को रायबरेली के आईआर सेठ ने वॉक ओवर दिया। अवनीश रस्तोगी व विजय कुमार की जोड़ी ने दिल्ली टीम के धीरेन्द्र और हर्षवर्धन की जोड़ी को 6-0,6-3 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग में निकुंज और मोनिका की जोड़ी ने विभा चौधरी और नाजनीन की जोड़ी को पराजित किया।

रैली निकाल कर सफाई रखने को किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सोमवार को नगर निगम की ओर से साइक्लोथॉन साइकिल रैली निकाली गई। कंपनी बाग से निकली इस रैली के माध्यम से अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार व अन्य अधिकारियों ने खुद भी साइकिल चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

साइकिल रैली को अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे, पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया। खुद भी साइकिल चलाते हुए इसमें शामिल हुए। साइक्लोथॉन साइकिल रैली एकता द्वार, पीलीकोठी, पीएसी, महाराजा अग्रसेन चौक, अटल पथ, सिविल लाइंस थाना, आंबेडकर पार्क, राजमहल होटल व जैन मंदिर से होते हुए एकता द्वार पर आकर संपन्न हुई। रैली में सरदार गुरविंदर सिंह, प्रदीप सक्सेना एडवोकेट, जैनुल आबेदीन, कपिल कुमार, रईस अहमद सहित विभिन्न स्कूल-कालेजों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

साइकिल रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश देते नगर निगम के अधिकारी।

कार्यशाला डॉ.आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित कार्यशाला में बोलीं लालपुर तीतरी की ग्राम प्रधान सोनी

महिला प्रधानों को पहले दें दायित्वों की जानकारी

- केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी राज सिंह बघेल ने किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सोमवार को डॉ.आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली में एक दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने के लिए जनपद की ग्राम पंचायत लालपुर तीतरी की ग्राम प्रधान सोनी का चयन किया गया था। ग्राम प्रधान सोनी ने महिला ग्राम प्रधानों को शपथ से पहले ही दायित्वों के निर्वहन की विस्तार से जानकारी देने का सुझाव दिया। ताकि महिलाएं भी गांव व समाज की बेहतरी के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य कर सकें।

सोमवार की शाम प्रशिक्षण कार्यशाला से बाहर आने के बाद

लालपुर तीतरी की ग्राम प्रधान सोनी।

ग्राम प्रधान सोनी ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र में उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला।

कार्यशाला में ग्राम प्रधानों से ग्राम पंचायतों के विकास के लिए सुझाव मांगे गए थे। जिस पर उन्होंने महिला ग्राम प्रधानों को शपथ से पहले प्रधान के दायित्वों की जानकारी कराने और उन्हें विकास कार्य का प्रशिक्षण दिलाने का सुझाव दिया। बोलीं- ऐसा न होने पर हर शख्स अपनी राय से ग्राम प्रधान को प्रभावित करने का प्रयास करता है जोकि कभी-कभी बहुत गलत साबित होता है।

यहां तक सचिव और खंड विकास अधिकारी और गांव में तैनात शिक्षक जानकारी न होने पर कभी-कभी गलत कार्य करवा देते हैं, जिससे नुकसान गांव की जनता का होता है। ग्राम प्रधान ने बताया कि कार्यशाला में सबसे पहले गांव के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करने का तरीका बताया गया। इसके बाद गांव में शिक्षित महिलाओं को भी अपनी कार्ययोजना के बारे जानकारी देने की बात बताई। इसमें होने वाली 9 थीमों के बारे में अधिकतर ग्राम प्रधानों को पता नहीं होता।

ग्राम पंचायत सचिव केवल थीम पर काम करने के बारे में बताते है। लेकिन, प्रधान को काम क्या करना है यह कोई नहीं बताता? ऐसे में प्रधान गांव के सही विकास की राह से भटक जाता है। अधिकारियों को स्वयं ग्राम प्रधान को बुलाकर जानकारी देनी चाहिए न कि उसके प्रतिनिधि को। कार्यशाला में ग्राम प्रधान सोनी को केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी राज सिंह बघेल ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही प्रमाणपत्र भी दिया।

स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक

मुरादाबाद, अमृत विचार: सोमवार को करूला की पुलिया स्थित सर सय्यद एसोसिएशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय से स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। जिसमें सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने को रैली निकाली गई।

स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली की शुरुआत सोसाइटी के कार्यालय से हुई। यह रैली इस्लाम नगर, करूला की पुलिया व पीर का बाजार होते हुए वापस कार्यालय पर आकर संपन्न हुई। इसके बाद विचार गोष्ठी में शपथ दिलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद आबिद, प्रबंधक सलमा एडवोकेट, महक खान, गोसिया बी, कुमारी अफशा, मौलाना मोहम्मद फैजान, इशरत जहां, सबा परवीन, फातिमा, रमशा, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद फैसल और तमन्ना समेत स्कूली बच्चे शामिल रहे।

आज का मौसम

मौसम साफ रहेगा।

33.0⁰ अधिकतम तापमान | 23.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:08 | सूर्यास्त 06:02

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

महिलाओं को कमजोर समझने वालों को सजा जरूर मिलेगी : जयाप्रदा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सोमवार को अभद्र टिप्पणी मामले में कोर्ट में पेश होने के बाद बाहर आईं बॉलीवुड अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा ने कहा कि मुझे कोर्ट से न्याय जरूर मिलेगा, इसकी पूरी उम्मीद है।

सोमवार को फिल्म अभिनेत्री व पूर्व सांसद जयाप्रदा मुरादाबाद पहुंचीं और कोर्ट में पेश हुईं। विशेष लोक अभियोजक मोहन लाल विश्नोई ने बताया कि सुबह से शुरू हुई कार्यवाही दोपहर तक चली। आरोपी पूर्व सांसद आजम खां, एसटी हसन व सपा नेता अब्दुल्ला के बचाव के लिए अधिवक्ता दिनेश चन्द्र पाठक ने जिरह की। विशेष लोक अभियोजक के अनुसार जिरह के दौरान अदालत ने अभियोजन पक्ष की ओर इलेक्ट्रानिक सबूत के तौर पर सपा कार्यक्रम की वीडियो सीडी भी रखी गई। जिसे अदालत ने लैपटॉप पर देखा। इस पर वहां मौजूद जयाप्रदा ने अपने खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने की पुष्टि की। कोर्ट से बाहर आने के बाद जयाप्रदा ने कहा कि उम्मीद है कि अदालत से उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह महिला के सम्मान की लड़ाई है। महिलाओं को कमजोर समझने वालों को सजा जरूर मिलेगी।

कोर्ट से बाहर आतीं पूर्व सांसद जयाप्रदा।

ससुरालियों पर आभूषण लूटने का आरोप, रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार: नवविवाहिता ने अपनी ससुराल वालों पर कम दहेज के लिए प्रताड़ित करने और कमरें में घुसकर उसे व उसके पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने ससुर, जेठ व जेठानी के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के रामगंगा विहार की रहने वाली महिला मोना ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी इसी साल बीती छह मार्च को नरेश कुमार के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही उसके ससुर वीर सिंह, जेठ उमेश व जेठानी रिंकल कम दहेज लाने पर उसका उत्पीड़न करने लगे थे। बीती पांच सितंबर को तीनों ने पीड़िता व उसके पति पर लाठियों से वार कर दिया। इस दौरान आरोपी कमरे में रखे आभूषण ले गए।

रामगंगा विहार कॉलोनी में स्वीकृत मानचित्र से हटकर किया जा रहा था निर्माण

एमडीए की टीम ने छह इमारतों को किया सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा बिना नक्शा के होने वाले अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को रामगंगा विहार कॉलोनी में अलग-अलग स्थानों पर स्वीकृत मानचित्र से हटकर निर्माण करने वालों के खिलाफ सील करने की कार्रवाई की गई।

प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने रामगंगा विहार द्वितीय में शुभम ग्रीन परंपरा के निकट राजेश चौधरी द्वारा लगभग 19.52 मीटर के क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र से हटकर (विचलन) कर निर्माण किया जा रहा था। जिस पर एमडीए की टीम ने उसे सील करा दिया। रामगंगा विहार की टीडीआई सिटी के निकट

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा सील की गई बिल्डिंग। ● अमृत विचार

डॉ. गिरजेश केन द्वारा लगभग 490 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर निर्माण किया जा रहा था।

इस पर एमडीए ने सील करने की कार्रवाई की। टीडीआई सिटी में ही सोनिया नारंग द्वारा लगभग 450 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र से हटकर निर्माण और रामगंगा विहार प्रथम में आशीष मल्होत्रा द्वारा लगभग 400 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर कराए जा रहे निर्माण को भी सील किया गया। वहीं रामगंगा विहार द्वितीय में सीएल गुप्ता आई हॉस्पिटल के निकट अनुपमा मित्तल द्वारा लगभग 400 वर्गमीटर के क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर निर्माण कराया जा रहा था। इसे भी सील किया गया।

केसरी कुंज कालोनी में प्रियंका रेहवाल द्वारा लगभग 100 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में भूतल, प्रथम तल व द्वितीय तल पर निर्माण कराया जा रहा था, लेकिन उन्होंने एमडीए से कोई स्वीकृति नहीं ली थी। जिसके चलते उनका निर्माण भी सील कर दिया गया। कार्रवाई में सहायक अभियंता मेधा यादव, अवर अभियंता सत्यवीर सिंह, राजन सिंह, मनोज कुमार व प्रवर्तन की टीम के अलावा सिविल लाइंस थाना की पुलिस टीम शामिल रही।

एक नजर

ईओ ने छापेमारी कर जब्त की पॉलिथीन

पाकबड़ा, अमृत विचार : सोमवार को अधिशासी अधिकारी पवित्रा त्रिपाठी ने टीम के साथ प्लास्टिक मुक्त अभियान को लेकर कस्बे के गोधूलि मार्केट में ऐजाजी कदीरी मियां एवं अंगूर वाली मस्जिद पर अकबर के यहां दुकान एवं गोदाम पर छापा मारा। टीम ने दोनों जगह से छापेमारी कर करीब 50 किलो थर्मोकोल एवं पॉलिथीन जब्त की। दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

6 घरों को बनाया निशाना

मैनाठेर, अमृत विचार : रविवार की देर रात्रि थाना क्षेत्र के गांव गुरेर में चोरों ने 6 घरों को निशाना बनाते हुए नकदी समेत लाखों का माल समेट लिया। गुरेर गांव निवासी मुस्ते अली पुत्र चाऊ कहना है कि देर परिवार के लोग घर के बरामदे में सोए हुए थे। रात्रि में किसी समय चोर घर में घुस आए और घर में रखी 15 हजार की नकदी, सोने चांदी के आभूषण समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर ले गए। सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। वहीं इरफान के घर में कूमल काट कर कमरे में रखी अलमारी से सोने चांदी के आभूषण आदि ले कर फरार हो गए। इसके अलावा 3 अन्य घरों में चोरों ने कूमल लगाया, लेकिन सामान आदि ले जाने में असफल रहे।

शराब कंपनी के कर्मी से दिनदहाड़े लूट

पैदल आए बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, बाइक पर सवार होकर भागे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार दोपहर तीन बदमाशों ने शराब कंपनी के कर्मचारी से नकदी से भरा बैग लूट लिया। बदमाशों ने पैदल आकर वारदात को अंजाम दिया और बाद में दो बदमाश अपने तीसरे साथी की बाइक पर बैठ कर फरार हो गए। लूट की सूचना पर पुलिस ने नाकेबंदी की, लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल सका। कर्मचारी मूंढापांडे थाना क्षेत्र की शराब दुकानों से बिक्री के पैसे इकट्ठा करके कंपनी के प्रिंस रोड स्थित कार्यालय जा रहा था। इसी बीच बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के नई बस्ती निवासी संजीव रावत शराब कंपनी का कर्मचारी है। वह शराब की दुकानों से कलेक्शन का काम करता है। संजीव के अनुसार सोमवार को वह मूंढापांडे थाना क्षेत्र की दुकानों से कलेक्शन करके उसे गलशहीद के प्रिंस रोड स्थित कंपनी के कार्यालय पर पहुंचाने जा रहा था। दोपहर लगभग डेढ़ बजे वह बस से गलशहीद रोडवेज अड्डे पर उतरने के बाद नकदी से भरा बैग कंधे पर टांग कर कार्यालय की ओर जा रहा था। प्रिंस रोड पर कोतवाली थाना क्षेत्र में मालवीयनगर गेट के पास पहुंचा तभी पीछे से आए दो नकाबपोश युवक उसके कंधे से बैग छीन कर भाग निकले। जिसके बाद संजीव भी पीछा करता रहा। लेकिन बाद में दोनों बदमाश एक बाइक पर बैठकर भाग निकले। बाइक पर बदमाशों का तीसरा साथी खड़ा होकर इंतजार कर रहा था। वारदात के बाद संजीव ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने शहर में नाकेबंदी की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने संजीव की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

घटना के बाद मौके पर जांच करते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह। ● अमृत विचार

एसपी सिटी ने जांच को लगाईं चार टीमें

मुरादाबाद, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में शराब कंपनी कर्मचारी से लूट की घटना के थोड़ी देर बाद ही एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और सीओ कोतवाली सुनीता दहिया और एसएचओ कोतवाली जसपाल सिंह ग्वाल घटना स्थल पर पहुंच गए थे। उन्होंने पीड़ित से घटना की जानकारी ली। एसपी सिटी ने बताया कि वारदात के खुलासे के लिए सीओ कोतवाली सुनीता दहिया और सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस की चार टीमों का गठन किया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर बदमाशों को जेल भेजा जाएगा।

बदमाशों के साथ कोई जानकार तो नहीं

मुरादाबाद, अमृत विचार : शराब दुकान कर्मचारी से जिस तरह से लूट की वारदात हुई उसे देखकर माना जा रहा है कि इस वारदात में कोई जानकार शामिल है, जिसे संजीव के पूरे मूवमेंट की जानकारी थी। वह यह भी जानता था कि संजीव के पास मोटी रकम है। इसके अलावा लूट करने वाले बदमाश शायद संजीव के पीछे काफी पहले से लग गए थे। वह मौका देख रहे थे और मौका मिलते ही वाहन की आड़ में जाकर उसे लूट लिए। आरोपियों को यह भी पता था कि सीसीटीवी कैमरे की नजर से कहां बचा जा सकता है। उसी जगह पर लूट को अंजाम दिया है। इस संबंध में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने कहा कि हर एंगल से जांच की जा रही है।

साझेदारी में प्लॉट खरीदने के नाम पर 11.50 लाख ठगे

मुरादाबाद, अमृत विचार: साझेदारी में प्लॉट खरीदकर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर मेडिकल स्टोर संचालक से 11.50 लाख रुपये हड़प लिए। रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी ने जांचकर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

थाना गलशहीद क्षेत्र स्थित ईदगाह नई आबादी निवासी खुर्शीद अहमद ईदगाह पर मेडिकल स्टोर चलाते हैं। उन्होंने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि थाना कटघर के मोहल्ला बरवालान निवासी व्यक्ति का उनकी दुकान पर आनाजाना था। आरोपी ने उनसे कहा कि एक आवासीय प्लॉट खरीद रहा हूं, जिसमें 11 लाख 50 हजार रुपये देकर तुम भी साझीदार बन जाओ। उसने कहा कि बाद में प्लॉट को बेचकर अच्छा मुनाफा हो जाएगा। खुर्शीद के अनुसार बीती एक अगस्त 2019 को उन्होंने आरोपी को साढ़े 11 लाख रुपये दे दिए। जिसके बाद बार-बार कहने पर भी उसने न तो प्लॉट दिलाया और न ही रुपये वापस किए। बाद में आरोपी और उसके बेटे ने गाली गलौज कर रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

हवाई अड्डा पर सुविधाओं की बेहतरी के लिए अधिकारियों को निर्देश देते मंडलायुक्त।

हवाई अड्डे के 5 किमी दायरे में मृत पशुओं के निस्तारण को कराएं स्थान का सर्वे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

पहल

- सुविधाओं की बेहतरी कराने के लिए मंडलायुक्त ने कहा

अमृत विचार: मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में सोमवार को बैठक हुई। इसमें मूंढापांडे स्थित हवाई अड्डे के संचालन में आ रही बाधाओं को दूर करने का निर्देश मंडलायुक्त ने दिया।

मंडलायुक्त ने हवाई अड्डे के निदेशक को निर्देश दिया कि वह आसपास कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि हवाई अड्डे को आसपास स्थित तालाब और वेस्ट डिस्पोजल का सर्वे कराएं। इसके साथ ही हवाई अड्डे के आसपास बड़े पेड़ों की छंटाई और सियारों को पकड़वाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। हवाई अड्डे के आसपास 5 किलोमीटर के दायरे में मृत पशुओं के शवों के निस्तारण के लिए निर्धारित स्थलों का सर्वे कराने के लिए मंडलायुक्त ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश दिया। जिससे क्षेत्र में पक्षियों के कारण विमान को लैंड और टेक ऑफ करने के दौरान कोई समस्या न हो। बैठक में वन संरक्षक मुरादाबाद मंडल, अपर आयुक्त प्रशासन, एडीएम प्रशासन गुलाब चंद्र, एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, सीवीओ डॉ. अनिल कंसल आदि मौजूद रहे।

अध्यापक की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

धोखाधड़ी

- स्कूल प्रबंधक, पत्नी व बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- पीड़िता से आरोपियों ने ठग लिए 9 लाख रुपये

अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र की एक महिला ने जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक, उनकी पत्नी और बेटे पर अध्यापक की नौकरी लगवाने के नाम पर 9 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने डीआईजी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले में जांच शुरू कर दी है।

बुद्धि विहार की रहने वाली भावना चौधरी ने डीआईजी मुनिराज जी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि साल 2019 में उसकी मुलाकात थाना मुगलपुरा थाना क्षेत्र के कानून गोयान स्थित भारतीय बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल की प्रबंध कमेटी की सदस्य स्नेहलता व उनके बेटे अमित भारद्वाज से हुई थी। पीड़िता ने दोनों से उनके स्कूल में अध्यापक की नौकरी लगवाने की बात कही। जिस पर स्नेहलता शर्मा व उनके बेटे अमित ने कहा कि हम तुम्हारी नौकरी लगवा देंगे, लेकिन उसके लिए 10 लाख रुपये खर्च होंगे।

स्नेहलता ने कहा कि मेरे पति हरस्वरूप स्कूल के प्रबंधक है। तुम उनके खाते में पैसे जमा करा दो। जिस पर पीड़िता ने अपनी रिश्तेदार कंचन निवासी अमरोहा के मूंढाखेड़ा स्थित प्रथमा बैंक खाते से 22 फरवरी 2019 को 4 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जबकि 5 लाख रुपये धीरे-धीरे करके नकदी के रूप में स्नेहलता के आवास दीनदयाल नगर फेज-दो में दिए। लेकिन, काफी समय बीतने के बाद भी पीड़िता की नौकरी नहीं लगी। पूछने पर तीनों आरोपियों ने कहा कि तुम्हारी नौकरी की प्रक्रिया चल रही है। पीड़िता का आरोप है कि मई 2024 में उसने फिर अपनी नौकरी के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि पैसे वापस नहीं मिलेंगे। पीड़िता ने बीती पांच सितंबर को आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाली की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसके बाद भी आरोपियों ने पीड़िता का पैसा वापस नहीं किया। पीड़िता की शिकायत पर डीआईजी मुनिराज जी ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज के आदेश दिए। सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का ट्रैक होगा सेंसर युक्त

मुरादाबाद, अमृत विचार: ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट मोरा की मिलक का ट्रैक जल्द ही सेंसर युक्त हो जाएगा। मारुति कंपनी ने इस कार्य के पहले किसी और कंपनी को ठेका दिया था। लेकिन, अब एवीएल कंपनी को ड्राइविंग ट्रैक ड्राइविंग ऑटोमेशन कर सेंसर युक्त करने का ठेका दिया है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) आन्जनेय सिंह ने बताया कि ऑटोमेशन होने के बाद सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट मोरा की मिलक को अक्टूबर में मारुति प्राइवेट लिमिटेड ट्रैक को सेंसर युक्त कर देगी। शनिवार को एवीएल कंपनी के मैनेजर द्वारा ड्राइविंग ट्रैक का सर्वे किया गया। संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) हरिओम बताया कि जैसे-जैसे वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वैसे-वैसे सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है।

लाखों का सोना लेकर पिता-पुत्र फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कार्रवाई

- आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ थाना मुगलपुरा में रिपोर्ट दर्ज
- तीन सर्राफा कारोबारियों को लगाया चूना

अमृत विचार: पश्चिम बंगाल के पिता-पुत्र महानगर के तीन सर्राफा कारोबारियों का लाखों रुपये का सोना लेकर फरार हो गए। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज उनकी तलाश करनी शुरू कर दी है।

थाना मुगलपुरा क्षेत्र के गुजराती मोहल्ला निवासी विपुल रस्तोगी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पश्चिम बंगाल के शक्तिगढ़ कोलकाता निवासी संजय कर्मकार बीते लगभग 17 साल से अपने बेटे सुप्रात कर्मकार और पत्नी सुजाता के साथ मुरादाबाद में रहकर आभूषण बनाने का काम करता था। बीते दो साल से वह महानगर के गुजराती मोहल्ले में किराये पर रह रहा था। विपुल के अनुसार वह और उनके पिता भी संजय से ही पुराने आभूषणों को देकर नया बनवाते थे। 11 सितंबर को उन्होंने संजय और उसके बेटे सुप्रात को 60 ग्राम सोना दिया और नमूने के लिए 15 ग्राम का एक कंगन दिया। उसने पुराने जेवर को गलाने के बाद 42 ग्राम सोने के कंगन 17 सितंबर को देने की बात कही थी, लेकिन 17 सितंबर को जब विपुल उसके घर पहुंचे तो बेटे की तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए दो-चार दिन में कंगन देने को कहा। इसके अलावा 12 सितंबर को विपुल के ही साथी मुगलपुरा के मोहल्ला कानून गोयान निवासी अरविंद कुमार रस्तोगी ने भी 87.600 ग्राम वजन 22 कैरेट सोने का दिया। वह सोना अरविंद के ग्राहक का था। गलाने के बाद 80.241 ग्राम नए सोने के जेवर देने की बात तय हुई। 19 सितंबर को मंडी चौक निवासी सर्राफा व्यापारी अतुल कुमार रस्तोगी से भी 40.500 ग्राम वजन की चार पुरानी सोने चूड़ियां संजय और उसका बेटा सुप्रात ले गए। जिसे गलाकर 32 ग्राम वजन में चार नई चूड़ियां बनानी थी। लेकिन, सारा सोना ले जाने के बाद पिता-पुत्र ने उसके गहने बनाकर नहीं दिए। विपुल रस्तोगी के अनुसार 21 सितंबर को जब वह अपने साथियों के साथ गुजराती मोहल्ले में संजय के किराये वाले मकान पर गए तो वहां ताला लगा मिला। पिता-पुत्र दोनों का मोबाइल भी बंद मिला। बाद में पुलिस को तहरीर दी। मुगलपुरा थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह तोमर ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

आरोपी पति को गिरफ्तार नहीं कर रही पुलिस

मुरादाबाद, अमृत विचार: नागफनी थाना क्षेत्र की एक महिला को कुकर्म व अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमा वापस न लेने पर उसका पति जान से मारने की धमकी दे रहा है। एसएसपी सतपाल अंतिल को दिए गए शिकायती पत्र में दसवां घाट रामलीला मैदान के पीछे रहने वाली महिला ने बताया कि 26 अगस्त को उसने अपने पति साबिर के खिलाफ थाना नागफनी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता का आरोप है अभी तक पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार नहीं किया है। जबकि आरोपी महिला पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोपी ने पीड़ित महिला व उसके परिवार के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज करा दिया। पीड़िता ने एसएसपी से आरोपी को गिरफ्तार कराने की गुहार लगाई है।

युवक की मौत, प्रेमिका के परिजनों पर जहरीला पदार्थ देने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: दिल्ली में कबाड़ का काम करने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार के लोगों ने मोहल्ले में ही रहने वाली प्रेमिका के परिजनों पर जहरीला पदार्थ देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

हफीज की फाइल फोटो।

थाना कटघर क्षेत्र के करूला की गली नंबर एक रहमत नगर निवासी रईस अहमद का पुत्र हफीज (23) दो बहनों और 4 भाइयों में सबसे छोटा था। हफीज दिल्ली में कबाड़ का काम करता था। भाई शब्बू ने बताया कि हफीज का मोहल्ले में रहने वाली युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन युवती के परिजनों को यह बात बर्दाश्त नहीं होती थी। आरोप है कि कई बार युवती का पिता, भाई व चाचा उसके भाई हफीज को जान से मारने की धमकी दे चुके थे। शब्बू के अनुसार रविवार की रात भी प्रेमिका के परिजनों ने हफीज को धमकी दी थी और दिल्ली से मुरादाबाद आने के लिए कहा था। जिस पर हफीज रात में ही मुरादाबाद आ गया था। शब्बू ने बताया कि देर रात 3:00 बजे हफीज घर पहुंचा और बोला कि मुझे प्रेमिका के परिजनों ने जहरीला पदार्थ दे दिया है। इतना कहकर हफीज गिर गया। आनन-फानन में परिवार के लोग उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। शब्बू का कहना है कि उसके भाई को प्रेमिका के परिजनों ने जहरीला पदार्थ देकर मारा है। मंगलवार को कटघर थाने में उनके खिलाफ तहरीर देंगे।

क्रिकेट | मुरादाबाद की टीम को छह विकेट से हराकर जीता फाइनल मुकाबला

मंडलीय प्रतियोगिता की चैंपियन बनीं अमरोहा की टीम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पारकर इंटर कालेज में अंडर-17 बालक वर्ग मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

अमृत विचार: सोमवार को पारकर इंटर कॉलेज में स्वरूपी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज के संयोजन में अंडर-17 वर्ष बालक वर्ग मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर, संभल जनपद की टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी नरेश चौहान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपदीय क्रीड़ा समिति के कोषाध्यक्ष मेजर एसके नेथन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का पहला मैच अमरोहा और बिजनौर के बीच खेला गया, जिसमें अमरोहा की टीम आठ विकेट से विजयी रही। पहला सेमीफाइनल मुरादाबाद और संभल के बीच खेला गया। जिसमें मुरादाबाद की टीम ने 12 रनों से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल रामपुर व अमरोहा के बीच खेला गया। जिसमें अमरोहा की टीम ने छह विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला मुरादाबाद व अमरोहा की टीम के बीच खेला गया। जिसमें अमरोहा की टीम ने मुरादाबाद को छह विकेट से हराकर प्रतियोगिता में जीत दर्ज करते हुए मंडल चैंपियन बनी।

सचिव बंश बहादुर ने बताया कि मंडल स्तर पर चयनित क्रिकेट टीम अब आगरा मंडल में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। पुरस्कार वितरण समारोह में स्वरूपी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रेमवीर सिंह ने सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। अंपायरिंग पवन त्रिवेदी, अमन शर्मा, रितेश रावत व सोनू ने की। स्कोरिंग यश शर्मा, रुद्र व कमेंट्री राजा व मोहम्मद फैजान ने की। अतिथि और खिलाड़ियों का स्वागत उदय राज सिंह प्रधानाचार्य एसडीएम इंटर कॉलेज ने किया। इस मौके पर भोजराज सिंह, निशीत, सचिन चौधरी, संगीता चौधरी, वीर सिंह, राजपाल सिंह, कपिल गोस्वामी, देवव्रत यादव, राजवीर सिंह, शुभम कुमार, उवैस जहीर, ममराज सिंह, मोहम्मद सोहेल आदि शामिल रहे।

पारकर इंटर कॉलेज के मैदान में क्रिकेट मैच के दौरान शॉट लगाता बल्लेबाज।

नवविवाहिता की मौत मामले में पति समेत चार पर हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कटघर थाना क्षेत्र में रविवार की रात छत से गिरकर हुई थी नवविवाहिता की मौत

अमृत विचार: रविवार को नवविवाहिता की छत से गिरने से मौत के मामले में कटघर थाना पुलिस ने पति और सास समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। यह रिपोर्ट मृतका के पिता की तहरीर पर लिखी गई थी। वहीं सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

जनपद संभल के थाना असमोली क्षेत्र के मोहल्ला बड़ा मंदिर निवासी स्नेहा शर्मा उर्फ मोना (25) पुत्री मनोज कुमार शर्मा की शादी 29 नवंबर 2023 को कटघर के पीतल बस्ती निवासी शरद कौशिक के साथ हुई थी। पिता मनोज कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शादी के बाद से स्नेहा का पति शरद कौशिक, सास सुषमा और दो जेठ कपिल कौशिक व विवेक कौशिक दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। सभी 10 लाख रुपये और स्कार्पियो गाड़ी की मांग करने लगे। पिता मनोज ने दावा किया कि रविवार को बेटी ने कॉल करके कहा कि पापा मुझे यहां से ले जाओ नहीं तो यह लोग जान से मार देंगे। उस समय मनोज ने असमर्थता जताई तो स्नेहा ने अपने जीजा आशुतोष को भी कॉल किया। इसके बाद रात 10 बजे पता चला कि स्नेहा की दिल्ली रोड मझोला स्थित निजी अस्पताल में मौत हो गई है। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर पर पति, सास और दो जेठ के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

बिलारी में युवती ने प्रेमी से किया निकाह

बिलारी, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला अंसारियान में प्रेमी से शादी करने की जिद पर युवती उसके घर पहुंच गई। बाद में दोनों कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने कोतवाली प्रभारी लखपत सिंह को बताया कि वह दोनों बालिग है और निकाह करना चाहते है। इसके बाद कोतवाली प्रभारी ने दोनों के परिजनों को कोतवाली बुलाया। हालांकि दोनों अलग-अलग बिरादरी के है। पूरे दिन रिश्तेदारों और संभ्रांत लोगों के समझाने पर देर रात दोनों का निकाह करा दिया गया। वहीं दिन भर नगर में इस प्रकरण को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रही। कोतवाली प्रभारी लखपत सिंह ने बताया कि प्रेमी जोड़ा कोतवाली में आया था। जहां उन्होंने बताया कि वह दोनों एक-दूसरे से निकाह करना चाहते है। बताया कि दोनों बालिग है।

सपाइयों ने बांटी मिठाई

ठाकुरद्वारा/शरीफ नगर, अमृत विचार : केंद्र सरकार द्वारा 24 संसदीय समितियों का गठन किया गया। जिसमें सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव और राज्यसभा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण समिति का अध्यक्ष बनाए जाने व मुरादाबाद की सपा सांसद रुचिवीरा को स्वास्थ्य परिवार कल्याण समिति का सदस्य बनाए जाने पर उनके समर्थको ने मिठाई बांटी। इस मौके पर जियाउल सलमान, मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद इमरान आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य परीक्षण किया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से नगर पालिका में कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाया गया। इसमें सफाई कर्मचारियों से लेकर कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया। इसमें शुगर समेत अन्य बीमारियों की जांच की। इसमें करीब 70 कर्मचारियों ने परीक्षण कराया। ज्यादातर कर्मचारियों को मौसम बदलने से खांसी, जुकाम, वारयल से पीड़ित मिले। इसमें चेयरमैन इरफान सैफी, अधिशासी अधिकारी ललित आर्य, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, डॉ. ग्यासुद्दीन आदि थे।

शांति भंग में गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गांव फ़रीदनगर में उपनिरीक्षक सचिन कुमार, होमगार्ड सतीश कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। तभी पुलिस ने समरपाल पुत्र महेंद्र सिंह को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एसडीएम न्यायालय में पेश किया जहां से जमानत पर रिहा कर दिया गया।

प्रकरण की सीबीआई से जांच की मांग

मृतक लोकेश के परिजनों से मिला सैनी समाज का प्रतिनिधिमंडल

ठाकुरद्वारा बवाल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार: ग्राम तरफ दलपतपुर में सैनी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने लोकेश उर्फ मोनू की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए उसके परिवार को हर संभव सहायता दिलाने के लिए हुंकार भरी। साथ ही उच्च अधिकारियों से प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग की।

ठाकुरद्वारा के गांव तरफ दलपतपुर में लोकेश की मौत के बाद हत्या पर सैनी समाज के लोगों ने उसके आवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देते हुए हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। जिसमें जिला अध्यक्ष सैनी सभा के डॉ. वीर सिंह सैनी, पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी, संभल से अमर सिंह सैनी, हुकम सिंह सैनी, नरसिंह सैनी, छत्रपाल सिंह सैनी एडवोकेट ,मास्टर शिवराम सिंह, ओमपाल सिंह सैनी, बिजनौर के राजवीर सिंह सैनी, उत्तराखंड से गोपाल सिंह सैनी, विजय सिंह सैनी, महेंद्र सिंह सैनी और किसान यूनियन के प्रान्त अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, हर्षरूप सिंह, करन सिंह, जय सिंह, नत्थू सिंह सैनी, मोहम्मद इलियास व अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं ग्राम प्रधान केशव सिंह सैनी, सुखबीर सिंह सैनी, पूर्व ग्राम प्रधान मनोहरी सिंह सैनी, अमर सिंह सैनी व अशोक कुमार सैनी ने भी मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। इसी बीच प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने बताया कि लखनऊ में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को मिलने का आश्वासन दिया है। जिसके लिए प्रतिनिधिमंडल लखनऊ के लिए रवाना होगा। साथ ही पूरी घटना की जानकारी उपमुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दी जाएगी। इस दौरान सीबीआई जांच की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की जायेगी।

गांव तरफ दलपतपुर में मृतक लोकेश के परिजनों को सांत्वना देता प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

इंसाफ न मिला तो दे दूंगा जान

मृतक के पिता धर्मपाल सिंह ने कहा कि उन्हें अगर इंसाफ नहीं मिला तो वह जान दे देंगे। उन्होंने कहा कि मुझे सरकार और ईमानदार पुलिस अधिकारियों पर विश्वास है कि वह मेरे साथ इंसाफ करेंगे। मैं प्रशासन से मांग करता हूं कि आरोपी पुलिसकर्मियों को जल्दी से जल्दी गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजने का काम करें। अन्यथा वह एसडीएम कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना व भूख हड़ताल करेंगे।

धोखाधड़ी कर दूसरी शादी करने के मामले में रिपोर्ट

छजलैट, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी कर दूसरी शादी करने और 10 लाख रुपए दहेज में मांगने व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम सराय खजूर निवासी रुकैया रानी का निकाह 9 मार्च 2023 को मोहम्मद जीशान पुत्र अनीश अहमद के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाहिता का पति जीशान, ससुर अनीस अहमद, तसलीमा खातून, जेठ फरमान, नंदोई ठाकरे आलम, ममिया ससुर सलीम त्यागी, सास मुर्शीद ने कम दहेज बताते हुए 10 लाख रुपये नकद लाने की मांग की। शादी से अगले ही दिन उसका पति जीशान, तसलीमा, सलीम त्यागी सऊदी अरब ले गए थे। 13 दिन रहकर विवाहिता को उसकी सास ने हिंदुस्तान वापस भेज दिया। उसका पति सऊदी अरब से वापस नहीं आया। बाद में पता चला कि जीशान ने पहले से ही चरथावल निवासी फरहीन पुत्री जाहिद से शादी कर रखी है। पीड़िता ने इस संबंध में कोर्ट में केस दर्ज कराया। इसके बाद 1 अगस्त विवाहिता के ससुराल वालों ने उसके घर में घुसकर मारपीट की और जबरन उठाकर अपहरण का प्रयास किया।

सार संक्षेप

मदरसा दारुल उलूम हुसैनिया मदनी में मौजूद हाफिज व अन्य। ● अमृत विचार

11 हाफिज-ए-कुरान की दस्तारबंदी की

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला नई बस्ती मदरसा दारुल उलूम हुसैनिया मदनी में सालाना जलसा का आयोजन किया गया। जिसमें हाफिज-ए-कुरान 11 की दस्तारबंदी की गई। नगर के मदरसा दारूल उलूम हुसैनिया मदनी में कुरआन हाफिज बनकर 11 बच्चों की दस्तारबंदी हुई। मदरसे के संचालक मौलाना अब्दुर रहमान नदवी ने बताया कि यह किताब इंसान को इंसान बनाती है और दिलों को जोड़ देती है। मुसलमान की असली पहचान यह है कि खुदा के रसूल का प्यार उसके दिल में सबसे ज्यादा होना चाहिए। इस दौरान हजरत मुफ्ती महमूद, मुजाहिरुल हक कासमी, अख्लाक, हाजी याकूब कुरैशी आदि मौजूद रहे।

5 ग्राम पंचायत टीबी रोग से मुक्त, प्रधान होंगे सम्मानित

कांठ/छजलैट, अमृत विचार : विकासखंड छजलैट के 5 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया है। इन ग्राम पंचायतों के प्रधानों को 2 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट में प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। टीबी मुक्त अभियान के सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर निहाल खान ने बताया कि बीते माह 10 सदस्यीय कमेटी ने सभी निर्धारित मानकों के आधार पर इन गांवों का सर्वेक्षण किया था। सर्वे के दौरान ग्राम पंचायत सीमला के ग्राम प्रधान लाल सिंह, ग्राम पंचायत रायपुर खुर्द के ग्राम प्रधान चंद्रावती देवी, ग्राम पंचायत पहाड़मऊ के ग्राम प्रधान जितेन्द्र सिंह, ग्राम पंचायत नसीरपुर के ग्राम प्रधान राजवीर सिंह, ग्राम पंचायत मनकुआं के ग्राम प्रधान सत्यपाल सिंह आदि के प्रयासों से इन ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पाया गया। इसके बाद इन ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया है।

स्वयंसेवकों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

कांठ, अमृत विचार : महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई गयी। सोमवार को महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छता ही सेवा है, इस वाक्य को हमें अपने जीवन में उतार लेना चाहिए। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, उषा सिंह, निशिकांत पाठक, अखिलेश कुमार विश्नोई, गजेंद्र प्रताप सिंह राणा, इंद्रपाल सिंह, योगेंद्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, हरिश्चंद्र तिवारी, दिनेश कुमार शर्मा समेत छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत किया जागरूक

छजलैट, अमृत विचार : विकासखंड छजलैट के अंतर्गत 2 ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। जिसमें कंपोजिट विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्रा को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के अंतर्गत शपथ दिलाई कर ग्रामवासियों को जागरूक किया। विकासखंड छजलैट की ग्राम पंचायत रसूलपुर चौहरा व फोल्डा पट्टी में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई। कंपोजिट विद्यालय के शिक्षक, छात्र छात्राओं व ग्राम वासियों ने कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया। ग्राम रसूलपुर चौराह के प्रधान मोहम्मद इसरत ने बताया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान को जन-जन तक पहुंचाना सभी का दायित्व है। ग्राम फोल्डा पट्टी के प्रधान ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर रसूलपुर चौहरा के ग्राम प्रधान मोहम्मद इशरत, बरसात हुसैन, राकेश, राहुल समीम व विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पुलिस ने चलाया स्कूली वाहनों की चेकिंग का अभियान

कांठ, अमृत विचार : ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए स्कूल के वाहनों की चेकिंग भी की गई। आवश्यक प्रपत्र नहीं होने पर चालान की कार्रवाई की गई। टीएसआई जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में सोमवार को ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू करने के लिए स्कूली वाहनों के आवश्यक प्रपत्र की जांच की गई। उनके कागजात पूरे न होने पर चालान की कार्रवाई की गई। टीएसआई ने यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, इसी में स्वयं की और दूसरे की भलाई है। सदैव सीट बेल्ट लगाए रखें तथा हेलमेट का प्रयोग करें। इस मौके पर प्रदीप सिंह कांस्टेबल, होमगार्ड हरिओम सिंह व अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

भाकियू ने विभिन्न समस्याओं पर कमिश्नर से की चर्चा

छजलैट, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने क्षेत्र एवं किसानों की विभिन्न समस्याओं पर कमिश्नर के साथ चर्चा की। भाकियू टिकैत की एक बैठक मंडलायुक्त के साथ हुई। बैठक में किसानों ने कहा कि 038 वैराइटी गन्ने में लगे रोग की वजह से पूरे जिले की गन्ने की फसलें बर्बाद हो गई हैं। साथ ही बाढ़ आदि की वजह से गन्ने व धान की फसल को भी नुकसान हुआ है। जिसका मुआवजा किसानों को मिलना चाहिए। साथ ही बिजली विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, चौ ऋषिपाल सिंह, शुभम राठी, घनेन्दर शर्मा, जितेंद्र चौधरी आदि उपस्थित रहे।

पूर्व सांसद जयाप्रदा से भाजपा नेता ने की मुलाकात

कांठ, अमृत विचार : नगर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता ने पूर्व सांसद जयप्रदा से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। नगर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी ने सोमवार को पूर्व सांसद और बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री जयप्रदा से मुलाकात की। यह बैठक स्थानीय पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू के आवास पर हुई। जहां भाजपा नेता ने जयप्रदा को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। पूर्व सांसद जयप्रदा ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुना और क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के कल्याण और विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

पूर्व सांसद से मुलाकात करते भाजपा नेता।

मारपीट में 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर झगड़े के 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जबकि पहले पुलिस को एक पक्ष ने लूट की सूचना दी थी। ग्राम डोमघर निवासी जीशान पुत्र वाहिद हुसैन ने बताया कि रविवार की रात्रि ग्राम बघा से अपने खाला के बेटे की शादी से घर वापस आ रहा था। बताया कि रास्ते में मोटरसाइकिल पर सवार रियासत उर्फ छुट्टन, यासीन, सुलेमान, रिजवान, शाहरुख, गुल उस्मान, निवासीगण ग्राम इमृतपुर उधो ने उसकी कार रोक कर गाली गलौज की। विरोध पर मारपीट कर घायल कर दिया।

बच्चों ने रोजमर्रा की वस्तुओं से बनाए मॉडल

कुंदरकी, अमृत विचार : एडवांस स्कूल में छात्र-छात्राओं ने क्रिएटिव एक्टिविटी में बेकार पड़े सामान से मॉडल बनाए। जिस पर कॉलेज प्रशासक आरिफ पाशा एडवोकेट ने उन्हें मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर इंतखाब आलम, रियासतुल्लाह अरकान आलम, वकील अहमद, अरविंद कुमार, मोहम्मद जुबेर, सहरीन, कल्पना आर्य, निधि आर्य व लुबना सैयद आदि मौजूद रहे।

3 अक्टूबर को गन्ना डेलीगेट के होंगे चुनाव

कांठ, अमृत विचार : सहकारी गन्ना समिति में डेलीगेट चुनाव की प्रक्रिया सोमवार को थम गई। नामांकन जमा करने वाले 102 संभावित प्रत्याशियों ने आज अपने नाम वापस ले लिए हैं। यह जानकारी देते हुए संयुक्त खंड विकास अधिकारी (निर्वाचन अधिकारी) गिरीश पंत ने बताया कि तीनों शुगर मिल के लिए 244 डेलीगेट के चुनाव होने हैं जिसमें 523 फॉर्म भरे गए थे जिसमें से 102 व्यक्तियों ने अपने नाम वापस ले लिए हैं और 119 निर्विरोध घोषित किए गए हैं। 59 गांव के चुनाव 3 अक्टूबर को डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ में होंगे। सहकारी गन्ना समिति के सचिव खेत सिंह ने बताया कि 244 डेलीगेट चुनने के पश्चात 11 डायरेक्टरों का चुनाव होगा। 11 डायरेक्टर, एक सभापति व एक उपसभापति का चुनाव करेंगे।

अहिल्या उद्धार का मंचन देख दर्शक हुए भाव विभोर

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: नगर स्थित श्री रामलीला मंदिर पर चल रही रामलीला में सोमवार को अहिल्या उद्धार, जनकपुर बाजार का सफल मंचन किया गया।

सोमवार को श्री रामलीला आदर्श युवा मंडल बरेली के द्वारा अहिल्या उद्धार, जनकपुर बाजार एवं पंडा लीला का मंचन किया गया। लीला में दिखाया गया कि मंचन में भगवान श्रीराम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ उसी स्थान पर पहुंचते हैं जहां उनकी परम भक्त अहिल्या एक श्राप के कारण पत्थर की मूर्ति बनी हुई थी। श्रीराम मूर्ति को स्पर्श कर अहिल्या का उद्धार कर जनकपुर के बाजार पहुंच जाते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेन्द सिंह विश्नोई, प्रधानाचार्य मदन सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान प्रधानाचार्य मदन सिंह, राधेश्याम भुईयार, बीनू चौहान आदि मौजूद रहे।

नगर में धूमधाम से निकली झंडा शोभायात्रा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रामलीला का झंडा शोभायात्रा धूमधाम के साथ रामलीला मैदान में पूजा अर्चना के बाद दशहरा मेले तक निकाली गई। पूजा अर्चना के बाद झंडा शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई कमलापुरी मार्ग स्थित दशहरा मैदान पर संपन्न हुई। इस दौरान पंडित अवनीश शर्मा, संजीव सिंघल, मोहित सिंघल, मुकेश चौधरी, उमेश गुप्ता, गौरव चौहान, विशाल अग्रवाल, दीपक सक्सेना, पंकज, साजन शर्मा, शरद, नागेंद्र लम्बा, धर्मेंद्र पाल, शिवेन्द्र आदि मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी कर भरे सैंपल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : आगामी त्योहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। टीम ने किराना की दुकानों से सैंपल भरे। साथ ही दुकानों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमपाल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अलग-अलग किराना की दुकानों से खाद्य पदार्थों के 6 सैंपल भरे गए हैं। जिन्हें जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। वही औषधि प्रशासन अधिकारी ओमकार सिंह ने बताया कि नगर व क्षेत्र में अभियान लगातार जारी रहेगा और नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। इस दौरान व्यापारी संजीव सिंघल सर्राफ, अनिल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, मोहम्मद फुरकान, नावेद अली, जुल्फिकार अहमद आदि मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण सुदामा का प्रसंग सुनाया

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के ग्राम नींगू नंगला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस पर पं. रामकृष्ण दास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा की कथा सुनाई।

तहसील क्षेत्र के ग्राम नींगू नंगला में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिवस पर कथा व्यास ने बताया कि श्रीकृष्ण और सुदामा गुरुकुल के समय से मित्र थे। सुदामा निर्धन ब्राह्मण थे, जबकि कृष्ण द्वारिका के राजा थे। सुदामा की पत्नी ने उन्हें भगवान कृष्ण से सहायता मांगने के लिए कहा। सुदामा कृष्ण से भिक्षा मांगने द्वारिका पहुंचे। वे अपने मित्र के लिए उपहार स्वरूप मुट्ठी भर चावल लेकर आए थे। जब सुदामा द्वारिका पहुंचे, तो भगवान कृष्ण ने उनका प्रेमपूर्वक स्वागत किया। कृष्ण ने न केवल उनके चावल को स्वीकार किया, बल्कि बिना कुछ कहे सुदामा की गरीबी भी दूर कर दी। कथा के समापन के उपरांत आयोजकों द्वारा प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य सतेंद्र शर्मा, केशव शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, तपेंद्र शर्मा और सुशील शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

कथा सुनाते कथा व्यास।

सपा कार्यालय पर मौजूद सांसद धर्मेंद्र यादव। ● अमृत विचार

विस उपचुनाव में 10 सीटें जीतने जा रही है सपा : धर्मेंद्र

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : सपा कैंप कार्यालय पर मीडिया से बात करते सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि आगामी उपचुनाव में विधानसभा की 10 सीटों पर समाजवादी पार्टी जीत दर्ज करने जा रही है। साथ ही 2027 में समाजवादी पार्टी सरकार बनाएगी।

सपा सांसद ने बताया कि प्रदेश में होने जा रहे गन्ना समिति के चुनाव में जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी मनमानी कर प्रत्याशियों के पर्चों को खारिज कर रही है उससे जनता में रोष है। इस दौरान विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने धर्मेंद्र यादव का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, सौरव यादव, रेहान पाशा, शाहनवाज आलम शानू, रियाज प्रधान, आसिफ मालिक प्रधान, मुजीब फारुकी, जरीफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

घर जा रहे बाइक सवार पर तेंदुए ने किया हमला

ठाकुरदारा, अमृत विचार : दुकान बंद कर घर जा रहे बाइक सवार पर तेंदुए ने हमला कर दिया। घायल अवस्था में बाइक सवार गांव पहुंचा। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर तेंदुआ जंगल में भाग गया।

थाना डिलारी क्षेत्र के गांव बहादुरगंज निवासी मोहम्मद मोइन रजा गांव नाखून में बर्तनों की दुकान करता है। शनिवार की देर शाम वह अपने गांव बाइक से लौट रहा था। लालपुर के निकट जैसे ही वह पहुंचा तो गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। गनीमत रही कि तेंदुए का पंजा मोइन के पैर में लगा जिससे वह घायल हो गया। इस पर मोइन ने बाइक गांव की ओर दौड़ा दी। शोर होने पर ग्रामीण काफी संख्या में एकत्र होकर मौके पर पहुंचे तो तेंदुआ जंगल में भाग गया। घायल का निजी अस्पताल में उपचार कराया गया।

बालिका वर्ग के संकुल खेलों का आरंभ

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: बालिका वर्ग के दो दिवसीय संकुल खेलों का आयोजन बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के तत्वावधान में डीएसएम इंटर कॉलेज के मैदान में किया गया।

खेलों का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या शिक्षा देवी एवं डीएसएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कुमार देव अवस्थी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। खेल प्रतियोगिताओं के प्रथम दिन 100 मीटर रेस में सीनियर वर्ग में मंजू, जूनियर वर्ग में मानसी चौधरी तथा सब जूनियर वर्ग में महिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर रेस में सीनियर वर्ग में सलोनी, जूनियर वर्ग में मानसी चौधरी तथा सब जूनियर वर्ग में राधिका प्रथम स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में सीनियर वर्ग में कनिका, जूनियर वर्ग में सुधा तथा सब जूनियर वर्ग में कामिनी ने प्रथम स्थान पर कब्जा किया। 600 मी सब जूनियर वर्ग की दौड़ में सामिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

गोला फेंक प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में आंचल ने व जूनियर वर्ग में सुधा ने प्रथम स्थान पाया। चक्का फेंक इवेंट में सीनियर वर्ग में वैशाली तथा जूनियर वर्ग में अर्शी प्रथम स्थान पर रही। हैमर थ्रो में सीनियर वर्ग में नंदिनी तथा जूनियर वर्ग में मानसी गौतम प्रथम स्थान पर रही। भाला फेंक प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में वैशाली तथा जूनियर वर्ग में अर्शी ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। लंबी कूद प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सुनीता, जूनियर वर्ग में अज़मी तथा सब जूनियर वर्ग में महिमा चौधरी प्रथम स्थान पर रही। ऊंची कूद में सीनियर वर्ग में रुचि, जूनियर वर्ग में रुचि तथा सब जूनियर वर्ग में समा ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। परिणाम घोषणा एवं मंच संचालन डॉ अंजना शर्मा एवं चंद्रप्रभा देवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

खेल प्रतियोगिता का आरंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

डेलीगेट चुनाव — फर्जी हस्ताक्षर से नामांकन पत्र वापस करने का आरोप, घंटों चलता रहा हंगामा

एआरओ का घेराव कर प्रत्याशियों ने जताया विरोध

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : बिलारी गन्ना समिति में शाम को नाम वापसी के बाद चार बजे निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशियों की सूची लगने के बाद किसानों ने हंगामा कर दिया। भूड़ा, नगलिया शाहपुर हाफिजपुर एवं भूड़ावास गांव के प्रत्याशियों ने एआरओ को घेर कर हंगामा किया। उन्होंने अपने नामांकन वापसी को फर्जी बताया। जसवीर सिंह भूड़ा, राजकुंवर सिंह नगलिया शाहपुर, मित्र पाल सिंह और सत्यवीर सिंह भूड़ावास ने आरोप लगाया कि चस्पा की गईसूची में उनके नाम नहीं हैं। चारों प्रत्याशी हंगामा करते हुए एआरओ राहुल कुमार के पास पहुंचे और सूची में फर्जी हस्ताक्षर कर अवैध तरीके से नामांकन पत्र वापस करने का आरोप लगाया। वहीं एआरओ अमित कुमार ने कहा कि उन्होंने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं। जिस पर चारों प्रत्याशी भड़क गए और एआरओ पर दूसरे पक्ष से मिलीभगत करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। एआरओ की सूचना पर तहसीलदार, गन्ना समिति सचिव और थाना प्रभारी लखपत सिंह भी मौके पर पहुंचे। पांच बजे के बाद एआरओ ने अपनी कार से घर जाने का प्रयास किया तब किसानों ने उनकी कार को घेर लिया। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी भी गन्ना समिति पहुंच गए।

एआरओ का घेराव करते प्रत्याशी। ● अमृत विचार

किसानों का धरना जारी

बिलारी, अमृत विचार : सहकारी गन्ना समिति के डेलीगेट पद के एक ही गांव के 10 पर्चे खारिज करने की विरोध में किसान चौथे दिन भी धरने पर डटे रहे। इस दौरान किसानों ने गन्ना समिति में तालाबंदी करने का ऐलान किया। जिसके बाद एसडीएम विनय कुमार सिंह के समझाने के बाद किसान माने। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन असली के युवा प्रदेश प्रभारी ऋषभ चौधरी ने कहा कि सत्ता के दबाव में प्रशासन ने नामांकन पत्र खारिज किए हैं। इस दौरान किसानों ने गन्ना समिति में तालेबंदी का ऐलान किया। जिसके बाद एसडीएम विनय कुमार सिंह धरना स्थल पर आए और किसानों को समझाया। इस दौरान अरविंद मोहन, चौधरी हुकुम सिंह, पंकज चौधरी, ग्राम प्रधान नवजीत सिंह ,सुनील लाठर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका को सम्मानित करते भारत विकास परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

मेधावियों का किया सम्मान

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : भारत विकास परिषद् की शाखा कांठ द्वारा सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा एक से लेकर कक्षा 11 तक के बच्चों को सम्मानित किया गया। साथ ही श्रेष्ठ शिक्षक का पुरस्कार पारुल पनव को मिला। इस अवसर पर भारत विकास परिषद कांठ के शाखा संयोजक दीपक एडवोकेट ने छात्र - छात्राओं का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्या रणजीत कौर एवं कॉर्डिनेटर सतेन्द्र चौधरी एवं स्कूल चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई, रितु विश्नोई, स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सचिन चौहान, एड० दीपक विश्नोई, महेश गुप्ता, सुरेश चौहान, राजवीर, प्रमोद विश्नोई, निरुपम, राजेश शर्मा, जितेंद्र, अभय, डॉ. भगवान सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन रजत प्रभाकर द्वारा किया गया।

एक नजर

आज से न बढ़ाया जाए स्कूलों का समय

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र गंगवार ने जिला अधिकारी जोगिन्दर सिंह को परिषदीय विद्यालय के समय में परिवर्तन न करने के संबंध में ज्ञापन भेजा। इसमें कहा कि 1 अक्टूबर से स्कूल का समय 9 से 3 बजे होने से नौनिहालों को दिक्कत होगी। गर्मी व उमस के कारण बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। 3 अक्टूबर से नवरात्र शुरू हो रहे हैं। शिक्षक-शिक्षिकाएं व्रत रखते हैं। इससे व्यवहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। मांग करने वालों में विपेन्द्र कुमार, विनीत कुमार, चिरंजीव कुमार गुड्डू, गौरव गंगवार, विनोद कुमार, डॉ.वसीम अहमद, विनीत श्रीवास्तव, सुधीश शर्मा, अजीम खान, अभिनव सक्सेना, रिसालत खान, आलोक सक्सेना, नरेश कुमार, निर्मल चंदराय, सुरेश गंगवार, शोभित पटेल, नीतू सिंह, डॉ. पूनम, सुनीता अग्रवाल, सुषमा सिंह, इलमास, नीरू शर्मा, तनुजा सिंघल आदि शामिल रहे।

महात्मा गांधी स्टेडियम में हुआ फुटबॉल मैच, स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल ने फाइनल में किया प्रवेश

रामपुर ने टांडा की टीम को 4-0 दी से शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर महात्मा गांधी स्टेडियम पर सोमवार को स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल और यंग मैन टांडा फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला गया। इसमें स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल ने यंग मैन टांडा फुटबॉल क्लब को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से कराई जा रही रामपुर चैंपियंस लीग के पहले सेमीफाइनल में स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल बनाम यंग मैन टांडा फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला गया। स्मार्ट इंडियन के खिलाड़ियों ने विपक्षी टीम को मौका दिए बगैर लगातार गोल किए। मैच के पहले हाफ में स्मार्ट इंडियन के खिलाड़ी सौरभ ने मैच के 9वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद स्मार्ट इंडियन स्कूल के खिलाड़ी दुर्गेश ने 18वें मिनट में एक और गोल करके अपनी टीम की बढ़त 2-0 कर दी। मैच के 26वें मिनट में दुर्गेश ने ही अपनी टीम के लिए तीसरा गोल किया। मध्यांतर के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हमले तेज कर दिए।

मैदान पर मौजूद विजयी टीम के खिलाड़ी।

यंग मैन टांडा के खिलाड़ियों ने बहुत कोशिश की, लेकिन वह बढ़त को कम नहीं कर सके। मैच के 50वें मिनट में स्मार्ट इंडियन स्कूल के खिलाड़ी आशुतोष ने एक और गोल करके अपनी टीम की बढ़त 4-0 की, जो अंत तक कायम रही।

स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल ने पहला सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। रेफरी शोएब, लाइनमैन गौतम और शेखर रहे। दूसरा सेमीफाइनल मैच यूनाइटेड फुटबॉल क्लब टांडा बनाम रामपुर 11 के मध्य 4 बजे से खेला जाएगा। इस दौरान जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मोईन कुरैशी, उपाध्यक्ष नईम खान, जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अनीस अहमद, विजेंद्र कुमार, शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

दुकान के ताले तोड़कर दो लाख का माल चुराया

बिलासपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने इलेक्ट्रॉनिक दुकान के ताले तोड़ कर दो लाख रुपये से भी ज्यादा का माल साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है।

पईपुरा गांव निवासी प्रताप सिंह की भैंसिया ज्वालापुर स्थित चौराहे पर इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। रविवार की रात चोर दुकान के ताले तोड़कर भीतर घुस गए। चोरों ने दुकान से 30 किलो कॉपर की तार, 7 किलोवाट का जनरेटर और सिंचाई वाली 4 मोटर चुरा ली। सूचना पर दुकान स्वामी और कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला।

पीड़ित ने चोरी गए सामान की कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

सार संक्षेप

रुपयों के विवाद में ग्रामीण को पीटा, 4 पर रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : उधार के रुपये मांगने पर ग्रामीण को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज ली है। केमरी थाना क्षेत्र के गांव सुहागनगला निवासी शिव कुमार का कहना है कि गांव के ही प्रेमपाल ने उससे पैसे उधार लिए थे। 27 सितंबर को उसने अपने पैसे मांगे तो प्रेमपाल और उसके साथियों ने मारपीट की। जब उसके पिता नत्थूलाल और भतीजा भरत, भतीजी ज्योति बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रेमपाल, सियाराम, जगदीश व राजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कब्जा मुक्त कराई जाए होलिका दहन स्थल की भूमि

स्वार, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव कुंवरपुर नानकार के ग्रामीणों ने तहसील में प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन दिया। गांव के लियाकत ने गांव में होलिका दहन की भूमि पर कब्जा कर लिया है। इस पर उसने पुख्ता निर्माण कर लिया है। ग्रमीणों की शिकायत पर एसडीएम अमन देओल ने जांच कराई। इसमें शिकायत सही मिली। उन्होंने 12 अगस्त को इसे कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिये थे। लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने होलिका दहन की भूमि को शीघ्र कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में राकेश केसरी, रतनलाल, कल्याण सिंह, लीलाराम, तेजपाल सिंह, मानसिंह, जयराम सिंह, अतर सिंह, चरन सिंह, रमेश आदि शामिल रहे।

घर में घुसकर मारपीट में तीन पर रिपोर्ट

सैदनगर, अमृत विचार : तीन नशेड़ियों ने घर में घुसकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के दौंकपुरी टांडा गांव का है। गांव के काफी युवक नशे के आदी हैं। 2 दिन पहले तीन नशेड़ियों ने मुंतियाज के घर में घुसकर तोड़फोड़ की थी। विरोध पर मारपीट भी की थी। घटना का वीडियो वायरल होने पर गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आसिफ, नईम और आरिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

युवती से सामूहिक दुष्कर्म का एक आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : केमरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने आरोप लगाया था कि 13 सितंबर को रंजीत, प्रदीप, सोवित, कुंवरपाल व लाखन निवासी ग्राम स्वार खुर्द ने उसे बंधक बना लिया था। इसके बाद नशीला पदार्थ देकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। विरोध पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए थे। सोमवार को पुलिस ने रंजीत को पीलाखार नदी डैम पुल से गिरफ्तार कर लिया।

जुल्फिकार इंटर कॉलेज में हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण

रामपुर, अमृत विचार : विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को नोडल विद्यालय राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज में हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य रचना चतुर्वेदी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन करके किया। समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के दो दिवसीय प्रशिक्षण में राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रचना चतुर्वेदी, राजकीय जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. शालू कौशल, राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिव शंकर, राजकीय इंटर कॉलेज पटवाई के प्रधानाचार्य तरुण कुमार वार्ष्णेय तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पटवाई की प्रधानाचार्य निलय सक्सेना ने विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के समस्त सदस्यों के साथ प्रतिभाग किया। मास्टर ट्रेनर सुधीर यादव ने समग्र शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के गठन, विद्यालय के विकास में उसके सदस्यों की भूमिका व योगदान, उद्देश्यों तथा लक्ष्य के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में डॉ. अरविंद कुमार गौतम, मोहन स्वरूप गंगवार, अर्चना विद्यार्थी, अजय कुमार वर्मा, राकेश कुमार भट्ट, डॉ. नसीम, संजय दिवाकर, कल्पना सिंह, नीलम, कुणाल, प्रगति गोयल, रेनू, शमीम खान, डॉ. संगीता गुप्ता, सुनीता पाल, बबिता कात्याल, निसार खान, इंदु वर्मा, विष्णू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

मिट्टी के खनन से धर्मस्थल को कोई खतरा नहीं

शाहबाद, अमृत विचार : भाकियू टिकैत से जुड़े किसानों ने खेत से किए जा रहे मिट्टी के खनन से धर्मस्थल को खतरा जताया है। सोमवार को रंजीत, खुशीराम आदि किसानों ने कहा कि ढकुरिया गांव में प्रशासन की अनुमति से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। खनन वाले खेत के पास धर्मस्थल है। तहसीलदार शिवकुमार शर्मा ने बताया कि नायब तहसीलदार और आरआई से जांच कराई गई थी। धर्मस्थल खेत से करीब 150 मीटर दूर है। इसलिए खनन से धर्मस्थल को कोई खतरा नहीं है।

गन्ना समिति के लिए चुने गए डेलीगेट्स

रामपुर, अमृत विचार : रामपुर गन्ना समिति के लिए 97 डेलीगेट्स निर्विरोध चुन लिए गए। इसके अलावा बिलासपुर गन्ना समिति में 56, स्वार में 58 और मिलक में 174 डेलीगेट्स निर्विरोध चुने गए। 7 अक्टूबर को डायरेक्टर का नामांकन होगा। जिन्हें डेलीगेट्स चुनेंगे। इसके बाद डायरेक्टर द्वारा गन्ना चेयरमैन का चुनाव किया जाएगा। यह जानकारी जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य ने दी है।

लगन और मेहनत से ही मिलती है सफलता : अशोक

रामपुर, अमृत विचार : खंड शिक्षा अधिकारी मिलक अशोक कुमार ने चयनित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लगन व मेहनत से ही सफलता मिलती है। जनपद स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में भी छात्र-छात्राओं को यही मेहनत सफल करायेगी। बेसिक शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान के तहत में कंपोजिट विद्यालय लोहा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता हुई। मिलक की डायट मेंटर पुष्पा देवी के मार्गदर्शन में परीक्षा सम्पन्न हुई। उच्च प्राथमिक विद्यालय नानकार के हर्षित, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की रीना, खमरिया के मयंक, नानकार के माहिर निस्वी व उच्च प्राथमिक निस्वी की खुशी ने जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में क्वालीफाई किया। महावीर, अमित कुमार, अभय सिंह आदि मौजूद रहे।

अधिकारियों ने किया जेल का निरीक्षण

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। सभी बैरकों को चेक किया गया। इसके बाद सम्बन्धित कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। इस दौरान सीजेएम एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

मिलक पहुंची ज्वाला जी की ज्योति का किया स्वागत

मिलक, अमृत विचार : पांच दिन पूर्व नगर से ज्वाला जी की ज्योति लेने गए भक्त वापस आ गए। भक्तों ने ज्वाला जी की ज्योति का गाजे बाजे, आतिशबाजी व नाचते-गाते हुए स्वागत किया। 25 सितंबर को मनोकामना दुर्गा मंदिर होली चौक से मां ज्वाला की ज्योति लेने के लिए भक्त रवाना हुए थे। मां ज्वाला की ज्योति लेकर सोमवार की शाम मिलक के अंदर से होते हुए तीन बत्ती चौराहा होते हुए होली चौराहा मनोकामना दुर्गा मंदिर पहुंचे। यहां ज्योति की स्थापना की जाएगी। महंत राहुल गुप्ता के नेतृत्व में भुवनेश भार्गव, श्याम बाबू गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, संजीव गुप्ता, शिशुपाल चौधरी, साकेत गुप्ता, प्रभात सिंघल, शोभित गुप्ता आदि ज्योति लाने में शामिल रहे। 13 अक्टूबर को जागरण एवं 14 अक्टूबर को ज्वाला की ज्योति का विसर्जन सुबह 8 बजे किया जाएगा।

प्रेम प्रसंग में दो सगी बहनें प्रेमियों के घर पहुंचीं

रामपुर/ढकिया, अमृत विचार : प्रेम प्रसंग के चलते दो सगी बहनें ढकिया के गांव निवासी दो युवकों के घर पहुंच गईं। युवकों के परिजनों ने उन्हें घर में रखने से मना कर दिया। पुलिस सभी को थाने ले गई। वहां वार्ता चल रही है। ढकिया चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी दो युवक काफी समय से दिल्ली में काम करते थे। फर्रुखाबाद निवासी एक परिवार भी दिल्ली में काम करता है। इस दौरान फर्रुखाबाद निवासी शादीशुदा बहनें ढकिया निवासी युवकों के संपर्क में आ गईं और उनके बीच प्यार हो गया। इस बीच दोनों युवक अपने घर आ गए। सोमवार की शाम दोनों बहनें युवकों के घर पहुंच गईं और उनके घर में रहने की जिद पर अड़ गईं। मगर युवकों के परिजनों ने उन्हें रखने से मना कर दिया। इस पर उन्होंने हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस युवकों और दोनों बहनों को चौकी ले गई। चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

आज 11 घंटे ठप रहेगी बिजली

बिलासपुर, अमृत विचार : विद्युत वितरण उपखंड अशोकनगर के अन्तर्गत 33/11 केवीए विद्युत उपकेन्द्र डिबडिबा की क्षमता वृद्धि के कारण एक अक्टूबर को 11 घंटे के लिए आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने बताया कि विद्युत उपकेन्द्र डिबडिबा की क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाएगा। इसके चलते सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति एक अक्टूबर को सुबह 9 से रात 8 बजे तक बाधित रहेगी।

20 नवंबर तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

रामपुर, अमृत विचार : जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहम्मद जीशान मलिक ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति मास्टर डाटाबेस में शामिल होने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। फीस आदि का सत्यापन करने की अंतिम तिथि 11 नवंबर है। शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 24 नवंबर एवं ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर है।

किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म का आरोपी साजिद गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर घोषित किया था 25 हजार का इनाम

संवाददाता, स्वार

- 25 दिन से पुलिस को चकमा दे रहा था अस्पताल संचालक
- आरोपी के घर पुलिस ने नोटिस कर दिया था चस्पा

अमृत विचार : किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे अस्पताल संचालक साजिद अली पाशा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी 25 दिन तक लगातार चकमा दे रहा था। पुलिस ने उसके घर पर नोटिस भी चस्पा किया था। पुलिस ने साजिद अली पाशा को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 15 वर्षीय बेटी का 2 युवक 31अगस्त को कार से अपहरण कर ले गए थे। किशोरी के पिता ने दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 5 सितंबर को किशोरी को बरामद कर एक युवक को कार के साथ गिरफ्तार कर लिया था। किशोरी ने कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीनगर उत्तरी स्थित ग्रीन सिटी हास्पिटल के संचालक साजिद अली पाशा और उसके साथी उत्तराखंड के थाना बाजपुर के गांव कनौरा निवासी मुदस्सर पर अपहरण करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने अस्पताल संचालक साजिद अली पाशा पर उसे कई जगह ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप भी लगाया था। पुलिस ने कार के साथ गिरफ्तार किए गए मुदस्सर को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया था। इसके बाद मुख्य आरोपी साजिद अली पाशा फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक ने साजिद अली पाशा की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था।

स्वार पुलिस की गिरफ्त में साजिद अली।

पुलिस साजिद की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। लेकिन वह लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने साजिद को भगोड़ा घोषित करते हुए उसके घर नोटिस भी चस्पा कर दिया था। सोमवार की सुबह कोतवाल संदीप त्यागी को सूचना मिली कि साजिद अली पाशा बिलासपुर मार्ग स्थित पिरानी के बाग पर खड़ा है। इस पर कोतवाल और एसएसआई अजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और 25 दिन बाद साजिद अली पाशा को गिरफ्तार कर लिया।

वकीलों ने 28 दिन बाद खत्म किया कार्य बहिष्कार

बिलासपुर, अमृत विचार : अधिकारियों से सहमति बनने के 28 दिन बाद तहसील के अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार समाप्त कर दिया। अधिकारियों का आश्वासन मिलने पर उन्होंने यह निर्णय लिया।

दो सितंबर से तहसील के अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर रखा था। अधिवक्ताओं का आरोप था कि एसडीएम लंबित वादों में बहस पूरी करने के बाद भी आदेश नहीं कर रहे हैं। इसके अलावा छोटे-छोटे कामों को भी लंबे समय तक नहीं किया जाता है। फाइल में छोटी-छोटी कमियों को एक बार में नहीं बताया जाता। सोमवार को उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय की अध्यक्षता में वार्ता शुरू हुई। अधिकारियों ने लंबित कार्यों को जल्द से जल्द निपटाने और कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार समाप्त कर दिया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मकबूल अहमद, लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश चंद्र गुप्ता, संतोख सिंह खैरा,अमरीक सिंह चौहान, ऋतु अग्रवाल, मोहम्मद आसीन रजा, अहकाम मिर्जा, नब्बू अली अंसारी, अमान अहमद आदि मौजूद रहे।

संकरा गांव में पंचायत को संबोधित करते किसान नेता हनीफ वारसी।

टोल कर्मियों द्वारा अभद्रता करने पर भड़के किसान

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : नेशनल हाईवे स्थित कोयला टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा किसानों व स्थानीय लोगों से अभद्रता करने पर भाकियू भानु से जुड़े किसान भड़क गए। उन्होंने पंचायत करके स्थानीय लोगों से टोल वसूली बंद करने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन भानु से जुड़े किसानों ने संकरा गांव में पंचायत की। प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि कोयला टोल प्लाजा पर किसानों से की जा रही अवैध वसूली बंद कराई जाएगी। किसानों की ट्रैक्टर-ट्रालियों से वसूली करने वाले टोलकर्मियों के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। नियम विरुद्ध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। केंद्र सरकार के नए कानून के अनुसार 20 किलोमीटर की दूरी तक रहने वाले लोगों से टोल वसूली नहीं की जाएगी। कोयला टोल प्लाजा पर 500 मीटर पर ही रहने वाले किसान व मजदूरों से टोल वसूला जा रहा है। 3 अक्टूबर को रुद्रपुर में एनएचएआई के प्रोजक्ट डायरेक्टर से मिलकर समस्याओं से संबधित ज्ञापन दिया जाएगा।

पंचायत में जाकिर अली वारसी, जाबुल हसन, इल्यास, अहमद अली, रामचरण भारती, सूरज भारती, महेश सागर, सफदर अली आदि मौजूद रहे।

सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते शिक्षक।

पदोन्नति में आरक्षण का आदेश दे सरकार

रामपुर, अमृत विचार : एससी-एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बहादुर के नेतृव में शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा है कि पदोन्नति में आरक्षण का शासनादेश तत्काल जारी किया जाये। सर्वोच्च न्यायालय ने 26 सितंबर 2018 को पदोन्नति में आरक्षण लागू करने का निर्णय दिया था। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक पदोन्नति में आरक्षण का आदेश नहीं दिया गया है।

ज्ञापन में मांग की गई कि शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के डिमोशन वापस किए जाएं। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्गों का खाली बैकलॉग अभियान चलाकर भरा जाए। शिक्षकों की भर्ती नये रोस्टर की जगह पुराने रोस्टर से ही की जाए। पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए।

इस अवसर पर सुनील कुमार, प्रवेश कुमार चंचल, अशोक कुमार, धन सिंह, जबर सिंह, प्रेमचन्द, चमन सिंह गौतम, सतीश गिरोह, रविकांत भारती, सोमपाल सिंह, निकेश भारती, ओमवीर, बीर सिंह आदि मौजूद रहे।

करंट लगने से युवक की मौत, कोहराम

सैफनी, अमृत विचार : इन्वर्टर का तार बिजली के बोर्ड में लगाते समय युवक करंट की चपेट में आ गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। परिजनों ने युवक का अंतिम संस्कार कर दिया है।

थाना क्षेत्र के बिचपुरी लाल गांव निवासी 26 वर्षीय जितेंद्र यादव रविवार की शाम घर में इन्वर्टर का तार बिजली के बोर्ड में लगा रहा था। इस दौरान अचानक बिजली आने से वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर बताते हुए डॉक्टर ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। मगर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही जितेंद्र यादव ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव को घर ले गए और सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने बताया कि जितेंद्र अनाज खरीदता था। वह माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी दो बेटी हैं।

गैर इरादतन हत्या में दो दोषियों को 10-10 वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : युवक की पीटकर हत्या करने के मामले में एफटीसी प्रथम की कोर्ट ने सोमवार को दो दोषियों को 10-10 वर्ष की कैद और एक लाख रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम चमरौआ निवासी मुजम्मिल का कहना था कि 23 जनवरी 2023 को उसका भतीजा कलुआ उधारी के पैसे मांगने पास में ही रहने वाले मुसरान के घर गया था। पैसे मांगने पर मुसरान आग बबूला हो गया था। इस बीच मुसरान का भाई नवेद भी आ गया था। दोनों भाइयों ने कलुआ को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया था। बाद में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

मृतक के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एसफटीसी प्रथम की कोर्ट में चल रही थी। सोमवार को न्यायिक अधिकारी कैलाश कुमार ने दोनों दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा सुनाई। इसके साथ ही कोर्ट ने दोनों पर एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया। एडीजीसी ओम प्रकाश लोधी ने बताया कि जुर्माने की 50 प्रतिशत राशि मृतक के परिजनों को दी जाएगी।

दो पैन कार्ड मामले में आज होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में दो पैन कार्ड मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष ने 3 गवाहों के बयानों की नकल न्यायालय में दाखिल की। इस पर अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता ने आपत्ति जताते हुए बहस की। अब इस मामले में एक अक्टूबर को सुनवाई होगी। अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। इस मामले में पिता-पुत्र सजा काट रहे हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही है। सोमवार को अभियोजन पक्ष की ओर से 3 गवाहों के बयानों की नकल न्यायालय में दाखिल की गई। इस पर अब्दुल्ला आजम खान के अधिवक्ता ने आपत्ति की। इस पर बहस हुई। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि दो पैन कार्ड मामले में अब एक अक्टूबर को सुनवाई होगी।

बैठक — अपात्रों का राशन कार्ड निरस्त कर पात्र लाभार्थियों का शीघ्र जारी करें

घटतौली की शिकायत पर पूर्ति निरीक्षक होंगे निलंबित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सभी खंड विकास अधिकारियों व अधिशासी अधिकारियों से कहा कि राशन कार्डों के सत्यापन का कार्य प्राथमिकता से कराएं। उन्होंने पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड शीघ्र जारी करने एवं अपात्रों के राशन कार्ड निरस्त करने के निर्देश दिए। कहा कि राशन की दुकान पर घटतौली की शिकायत मिलने पर संबंधित पूर्ति निरीक्षक निलंबित किए जाएंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला सतर्कता समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों से कहा कि पात्रों का सचिव व लेखपाल से सत्यापन कराकर रिपोर्ट लगायें।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में मौजूद अधिकारी।

नगर पालिका टांडा, स्वार में टीम गठित कर पुनः सत्यापन करें। अपात्रों के राशन कार्ड 7 दिन में निरस्त करें। राशन कार्डधारकों, उपभोक्ताओं को निर्धारित मूल्य एवं मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराएं। चेतावनी दी कि यदि किसी राशन की दुकान पर घटतौली की सूचना मिलती है तो संबंधित पूर्ति निरीक्षक को निलंबित कर दिया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह ने कहा कि जनपद में 26,445 ई-श्रमिकों के सापेक्ष 3,681 के राशन कार्ड जारी किये जा चुके हैं। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र जायसवाल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके चहल सहित खंड विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की मानीटरिंग पर दिया जोर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में पंजीकरण की कार्रवाई को पूर्ण कराएं। वेंडर्स से कहा कि अब तक मिले आवेदन के अनुरूप संयंत्र स्थापित करने का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं। परियोजना अधिकारी (नेडा) मनीष पाठक ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक किलोवाट के सोलर रूफटॉप संयंत्र लगवाने पर 45,000, 2 किलोवाट पर 90,000 एवं 3 से 10 किलोवाट के सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित करने पर 1,08,000 का अनुदान दिया जाता है।

किसान ने उठाई बर्बाद हुई फसल के मुआवजे की मांग

संवाददाता, टांडा

- तेंदुए को पकड़ने के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थी फसल

अमृत विचार : रविवार को ग्राम करखेड़ा में तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग द्वारा चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान किसान की धान और गन्ने की फसल बर्बाद हो गई। खेत स्वामी के पुत्र बृजेश ने बताया कि उनकी कई बीघे धान एवं गन्ने की फसल बर्बाद हो गई। पेड़ों को भी नुकसान हुआ है। उन्होंने करीब 2.5 लाख रुपये के नुकसान का अंदेशा जताते हुए मुआवजे की मांग की है।

टांडा क्षेत्र के गांव करखेड़ा के जंगल में रविवार को तेंदुआ दिखने से दहशत फैल गई थी। वीडियो बना रहे एक ग्रामीण को तेंदुए ने घायल कर दिया था। सूचना पर पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर तेंदुए की तलाश में जुट गई थी। तेंदुए को पकड़ने के दौरान खेत में दो जेसीबी चलाई गईं थीं। खेत स्वामी फालिज से ग्रस्त है। उसके पुत्र बृजेश ने बताया कि इस दौरान उनकी कई बीघा धान एवं गन्ने की फसल तथा अफ्रीकन मोंगनी और पॉपुलर के पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने करीब ढाई लाख रुपये के नुकसान का अंदेशा जताते हुए मुआवजा दिलाने की मांग की है।

गन्ने के खेत में खड़े लोग।

मिथिला में राजा जनक के घर जन्मीं जानकी

कोसी मार्ग स्थित रामलीला में किया गया श्रीराम और जानकी जन्म का मंचन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजा दशरथ के घर भगवान राम का जन्म होते ही अवध में खुशियां छा गईं। अयोध्यावासी राजा दशरथ के घर जाकर बधाई देने लगे। राजा दशरथ दास और दासियों को आभूषण उपहार में देने लगे। वहीं, मिथिला नरेश राजा जनक के यहां जानकी का जन्म होने पर खुशियां मनाई गईं।

सोमवार को कोसी मंदिर मार्ग स्थित रामलीला मैदान में श्री सनातन रामलीला कमेटी की ओर से मथुरा से आये कलाकारों ने श्रीराम जन्म, शंकर-कौशल्या संवाद और जानकी जन्म का मंचन किया। मंचन का शुभारंभ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी, शुभम सिंघल और श्रीप्रकाश गुप्ता ने किया। कमेटी की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मथुरा से आए कलाकारों द्वारा किए गये मंचन का आधी रात तक दर्शक आनंद लेते रहे।

इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, वीरेंद्र गर्ग, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल, गौरव जैन, वेद प्रकाश वर्मा, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल, शैलेन्द्र कुमार गोयल, राम प्रताप सर्राफ, विनीत कुमार अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, रविन्द्र कुमार मिश्रा, हरीश चन्द्र अग्रवाल ठेकेदार, ईश्वर सरन अग्रवाल, अरविन्द कुमार अग्रवाल, डॉ. सौरभ गुप्ता, अजय कुमार अग्रवाल, श्याम कृष्ण शर्मा, श्रीराम अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे। इसके अलावा सिविल लाइन में चल रही रामलीला में कलाकारों ने मनुसुपत्रा की तपस्या, राजा प्रताप भानु के श्राप, रावण तपस्या आदि का मंचन किया गया। उधर ज्वालानगर में कलाकारों ने राम जन्म, सीता जन्म व मुनि आगमन का मंचन किया।

कोसी मंदिर मार्ग स्थित रामलीला में मंचन करते कलाकार।

स्वार में प्रभु श्री राम के जन्म का मंचन करते कलाकार।

जय श्रीराम के उदघोष से गूंजा वातावरण

स्वार, अमृत विचार : श्री रामलीला मंचन में रावण आदि राक्षसों का जन्म होने बाद अत्याचार बढ़ने पर श्रीराम का जन्म हुआ। श्रीराम जन्मोत्सव की लीला देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। रविवार की रात श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही रामलीला में रावण, कुंभकर्ण, विभीषण, शूर्पणखा आदि के जन्म का मंचन किया गया। इससे पृथ्वी पर असुरों के अत्याचार बढ़ गए। जिससे देवताओं में हाहाकार मच गया। इसके बाद भगवान ने देवताओं को श्री राम के अवतार लेने का आशवासन दिया। तब महाराज दशरथ के घर श्रीराम, लक्ष्मण, शत्रुघ्न व भरत का जन्म हुआ। श्रीराम जन्मोत्सव की लीला का मंचन देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। पंडाल जय श्रीराम के उद्घोषों से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल कुमार, कोषाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, दीप सिंह राही, शिवऔतार सक्सेना, सुनील वाल्मीकि, महेन्द्र दीवान, सर्वेश कुमार, करमजीत सिंह मिंटू आदि मौजूद रहे।

एक नजर

मेडिकल स्टोर पर चेकिंग करती टीम।

औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर का किया निरीक्षण

टांडा, अमृत विचार : सोमवार को औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। इससे स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। तीन मेडकिल स्टोर के निरीक्षण में कमियां पाई गईं। इनके खिलाफ कार्रवाई के लिए सहायक आयुक्त औषधि को आख्या दी जाएगी। सोमवार को आसिफ मेडिकल स्टोर, अनिल मेडिकल स्टोर एवं एसके मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टॉक रजिस्टर व विक्रय अभिलेख आदि प्रस्तुत नहीं किया गया। लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन भी संतोषजनक नहीं मिला। निरीक्षण आख्या सहायक आयुक्त औषधि प्रशासन मुरादाबाद मंडल को भेज दी गई है। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि अन्य मेडिकल स्टोर बंद मिले। उनकी निगरानी की जा रही है। खुलने पर कार्रवाई की जाएगी।

बच्चों का परीक्षण करतीं सीएचओ पारूल।

शिविर में 52 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : 15 दिन पूर्व 8 बच्चों में डेंगू और चिकुनगुनिया के लक्षण मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाकर 52 बच्चों की जांच की। सभी बच्चे स्वस्थ पाए गए।

तहसील क्षेत्र के उपनगर मसवासी के भूबरा में स्वास्थ्य विभाग ने 15 दिन पूर्व बच्चों की जांच की थी। इस दौरान 8 बच्चों में डेंगू व चिकुनगुनिया की पुष्टि हुई थी। इससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया था। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भूबरा के स्कूल में शिविर लगाया। इस दौरान सीएचओ गुलफाम और सीएचओ पारूल ने 52 बच्चों की जांच की। सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा. देवेश चौधरी ने बताया कि नियमित शिविर लगाकर जांच की जाएगी। बुखार होने पर डरने की जरूरत नहीं है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सभी दवाएं उपलब्ध हैं। मरीज किसी भी कीमत पर झोलाछाप से दवा न लें।

रक्तदान से बच सकती है किसी की जान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि रक्तदान ही महादान है। इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। वीर खालसा सेवा समिति समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करती है।

सोमवार को वीर खालसा सेवा समिति ने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें 48 लोगों ने रक्तदान किया। समिति के जिला अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि जब भी ब्लड बैंक में रक्त की कमी की सूचना मिलने पर तुरंत रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। ताकि ब्लड बैंक में ब्लड की कमी न रहे। ब्लड के बिना किसी की जान न जाए, यही हमारी सोच और यही संकल्प है। इस मौके पर विधायक आकाश सक्सेना को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। शिविर में एकत्र किया गया ब्लड जिला अस्पताल को दे दिया गया।

शिविर में रक्तदान करता युवक।

- गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में लगा रक्तदान शिविर
- शिविर में 48 लोगों ने किया रक्तदान

इस मौके पर गुलशन अरोड़ा, सुरजीत सिंह, विक्रम सिंह, लखविंदर सिंह, सरदार मनमीत सिंह, सुखबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, अमरजोत कपूर, करण दीप सिंह, गुरजीत सिंह, मनजीत सिंह, सेवा सिंह, दविंदर सिंह, सनी कपूर, अजीत सिंह, दीपक कथूरिया, ग्रंथि सुरजीत सिंह, सेवादार जरनैल सिंह, गुरवचन सिंह, इंद्र मोहन, हरमिंदर सिंह, कुलविंदर सिंह, रिंकू, मोनू सिंह, इंद्रजीत सिंह, मोहित बंगा आदि मौजूद रहे।

237 वाहन चालकों के लाइसेंस हुए निलंबित

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने एआरटीओ से ज्वाला नगर और बापू मॉल के पास अवैध रूप से बने टैक्सी स्टैंड को हटाने के निर्देश दिए। कहा कि बस, टैक्सी व टेंपो यूनियन के पदाधिकारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण भी किया जाए। एआरटीओ ने बताया कि जनवरी से 30 सितंबर तक 237 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

कलेक्ट्रेट में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने अनाधिकृत तरीके से संचालित ई-रिक्शा के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव को दिए। एआरटीओ ने बताया कि सितंबर में 36 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए। 46 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर जनपद से बाहर भेजे गए। जनपद में 30 सितंबर तक 237 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए।

नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने गांव दनियापुर में चलाया स्वच्छता अभियान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी माहे आलम ने कहा कि स्वच्छता से समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है। युवा पीढ़ी को इस दिशा में आगे आकर नेतृत्व करना चाहिए। नेहरु युवा केंद्र के स्वयं सेवकों ने दनियापुर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। इससे पहले स्वच्छता के लिए युवक-युवतियों ने शपथ ली।

नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ब्लॉक चमरौआ के ग्राम दनियापुरा में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य गांव को प्लास्टिक कचरे से मुक्त करना और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। स्वयं सेवकों ने स्वच्छता की शपथ ली और संकल्प लिया कि वह अपने गांव और समाज को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

स्वच्छता अभियान में शपथ लेते युवक-युवतियां।

- स्वच्छता के लिए युवक और युवतियों ने ली शपथ

रोहित कुमार ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता और समर्पण हमारे समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। नेहरू युवा केंद्र के इस अभियान ने स्वच्छता ही सेवा के संदेश को प्रसारित किया। समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया। स्वयं सेवकों ने ग्रामवासियों का आभार जताया। अभियान का संचालन जिला युवा अधिकारी माहे आलम ने किया।

मंडलीय बाक्सिंग प्रतियोगिता 4 अक्टूबर को

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय रजा इंटर कॉलेज में सोमवार को जनपद स्तरीय बॉक्सिग बालक वर्ग के अंडर 14,17,19 वर्ष की आयु वर्ग के खिलाड़ियों की प्रतियोगिता हुई। इसमें कई स्कूलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मंडलीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 अक्टूबर को होगा।

राजकीय रजा इंटर कॉलेज में सोमवार को जनपदीय बॉक्सिग बालक वर्ग के अंडर 14,17,19 वर्ष की आयु की प्रतियोगिता हुई। यह जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली और जिला क्रीडा अधिकारी प्रभारी संतोष कुमार की देखरेख में कराई गई। प्रतियोगिता से पूर्व राजकीय रजा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अभिलाष कुमार ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। जनपदीय बॉक्सिग प्रतियोगिता में रामपुर पब्लिक नेशल स्कूल, जैन इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर और राजकीय रजा इंटर कॉलेज की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिला क्रीड़ा सचिव सलीम यूसुफ जैदी ने बताया कि जनपदीय बॉक्सिग प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 4 अक्टूबर को मुरादाबाद में मंडलीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर फैजान सईद, तुषार शर्मा, मनोज कुमार, हरपाल सिंह, राजीव कुमार, अतुल कुमार, बहोरन सिंह मौजूद रहे।

रजा इंटर कालेज में हुई बाक्सिंग प्रतियोगिता में भिड़ते खिलाड़ी।

प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों का हुआ चयन

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के अंकित, वंश बाबू, राजकीय रजा इंटर कॉलेज के छात्र अरमान, अहद अली, टिंकू सैनी व गुरफान का चयन हुआ। जैन इंटर कॉलेज से आदित्य, अमनदीप ध्रुव का चयन हुआ। इसके अलावा रामपुर नेशनल सीनियर सैकेंड्री स्कूल से मोहम्मद गासिफ, हस्सान अली का चयन हुआ।

सार संक्षेप

दुर्जन अपनी और सज्जन करते हैं दूसरों की प्रशंसा

रामपुर, अमृत विचार : कथा वाचक पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने कथा के छठें दिन भक्तों को बताया कि भगवान मारते नहीं तारते हैं। गुरु और भगवान के सामने सम्मान पाने की इच्छा कभी नहीं करना चाहिए। दुर्जन अपनी और सज्जन दूसरों की प्रशंसा करते हैं। परमात्मा बिना बताए सहायता करता है। गो सेवा गोपाल सेवा समिति की ओर से आदर्श कालोनी स्थित आदर्श धर्मशाला में चल रही कथा के छठे दिन कथा वाचक पंडित कन्हैया लाल मिश्र ने कहा कि रूकमणी ने श्री कृष्ण से कहा कि हे प्रभु मुझमें नारी सुलभ समस्त गुण हैं। अत: आपसे मेरी प्रार्थना है कि जब गोरी पूजन के लिए मंदिर जाकर पूजा अर्चना कर वापस आऊं तो मुझे अपने साथ लाएं। गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान के भवन का रास्ता गुरु के द्वार से ही होकर जाता है। इसलिए भगवान कृष्ण ने स्वयं गुरु की सेवा करके ज्ञान प्राप्त किया। इस मौके पर संदेश कुमार, नरेश शर्मा, राम कुमार प्रजापति, रामकिशोर शर्मा, राकेश गुप्ता, मधु गुप्ता, मुक्ता गुप्ता, सुमन परिहार, महेश कुमार सिंघल, सचिन यादव, राजीव सरन गर्ग, विपिन गोयल आदि मौजूद रहे।

हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का होगा सम्मान

रामपुर, अमृत विचार : भगवान वाल्मीकि सेवा समिति के महामंत्री विवेक सिंधवासी ने बताया कि भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। भगवान वाल्मीकि सेवा समिति की बैठक संजय नगर हाथीखाना पर हुई। समिति के महामंत्री ने बताया कि 16 अक्टूबर को प्रभात फेरी, 17 अक्टूबर को पावन वाल्मीकि सत्संग एवं 18 अक्टूबर को भंडारा होगा। समिति के अध्यक्ष लववीर चौहान ने बताया कि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा पास करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रमों की तैयारियों के लिए जिम्मेदारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से आंनद प्रकाश, सलवेन्द्र विराट, सुदेश चौहान, रोहित, विक्की, अरुण, नरेंदर, जीवन सिंह, उज्ज्वल चौहान, उमेश कुमार, प्रेम प्रकाश, शानू वाल्मीकि, राहुल, अनिकेत राज, हिमांशु सिंधवासी, बाबू वाल्मीकि, विकास चौहान, कमल, यशवीर चौहान आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मौजूद लोग।

ग्राम पंचायत में ही मिलेगा जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र

रामपुर, अमृत विचार : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता दयाराम भार्गव ने कहा कि गरीब व वंचित समाज को जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र तथा परिवार रजिस्टर के लिए जिला कलेक्ट्रेट और तहसीलों में जाते थे। अब यह प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत में ही उपलब्ध होंगे। कुछ दिन में प्रदेश के 75 जिलों में यह व्यवस्था लागू हो जाएगी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का कार्यक्रम हाईवे किनारे स्थित एक होटल में हुआ। मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता ने कहा कि पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर की विचारधारा है कि हमारी संख्या ज्यादा है तो हमारी हिस्सेदारी भी होनी चाहिए। पार्टी चाहती है कि जिस तरह 6 यूनिट वालों को 50,0000 रुपये का आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है, उसी तरह 5, 4 व 3 यूनिट वालों को भी 50,0000 रुपये का लाभ मिलना चाहिए। कार्यक्रम में मोहम्मद जुल्फिकार, प्रदीप गुप्ता, राजपाल सिंह, दीपक चौहान, माहिर खान, सतपाल तोमर, विनोद पटेल, राजू कश्यप आदि मौजूद रहे।

वृद्ध आश्रम में मौजूद संस्था के पदाधिकारी।

दीनबन्धु सेवा दल ने की वृद्धों की सेवा, बांटे उपहार

रामपुर, अमृत विचार : शिक्षकों के समूह दीनबन्धु सेवा दल ने अपनी मासिक सेवा के तहत रविवार को मझरा ताशका स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन कराया। पितृ पक्ष में अपने पूर्वजों की याद में विभिन्न उपहार भी दिए। इस दौरान आश्रम के लिए 3 पंखे भी दान किए। दीनबन्धु सेवा दल के सदस्य अपने परिजनों के साथ कच्चा राशन लेकर वृद्धाश्रम पहुंचे। वहीं भोजन तैयार कराकर भगवान को भोग लगाया। इसके बाद आश्रम में रह रहे लगभग 80 बेसहारा वरिष्ठ नागरिकों को भोजन कराया। आश्रम के लिए 3 पंखे भी दिए। इसके साथ ही दल के सदस्यों ने अपने पूर्वजों को समर्पित करते हुए आश्रम वासियों को एक-एक शॉल, ऊनी कैप, गरम मौजे, बिस्किट, नमकीन, फल, टूथब्रश तथा प्रत्येक को 101 रुपये भी दिए। इस दौरान संदीप कुमार भाटिया, महेंद्र कुमार हल्दिया, राहुल जैन, जीवन सिंह विष्ट, चंचल कुमार गुप्ता, मोहित सक्सेना, नरेंद्र सक्सेना, नीता सक्सेना, स्वाति, नेहा, ऊषा पाल, अंजली शर्मा, मीनू तेवतिया, संजना, अंजू गौतम, घनाभा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

धार्मिक स्थल निर्माण मामले में बैठक टली

मिलक, अमृत विचार : खमरिया गांव में मस्जिद की मीनार के निर्माण को लेकर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई थी। इस पर क्राइम इंस्पेक्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह व नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर निर्माण रुकवा दिया। रविवार को दोनों पक्षों को तहसील मुख्यालय बुलाया गया था। मगर मस्जिद के इमाम नहीं पहुंचे। उधर पुलिस और तहसील प्रशासन सरकारी कार्यों में व्यस्त रहे। इसके कारण सोमवार को बैठक स्थगित कर दी गई। नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी ने बताया कि मंगलवार को दोनों पक्षों को बुलाया गया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं।

रैली निकालकर छात्राओं ने लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : स्वच्छता पखवाड़े के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। रैली का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने हरी झंडी दिखाकर किया।

छात्राओं ने गंज क्षेत्र में घूमकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। छात्राओं ने स्वच्छता से संबंधित स्लोगन पट्टिकाओं और नारों के माध्यम से जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर शमीम खान, रेनू देवी, कल्पना सिंह, प्रगति, बबीता गुप्ता, नाजिया, खदीजा, अफीफा, तबस्सुम, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, नितिन कुमार, राशिद खान, बाबू आदि उपस्थित रहे।

संदेश — स्वच्छता अभियान के तहत राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली रैली

किला परिसर व पान दरीबा में रैली से किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिए किला परिसर और पान दरीबा में जागरूकता रैली निकाली।

जागरूकता रैली में स्वयं सेविकाओं ने बैनर, पोस्टर, थैला एवं हम सब का एक ही नारा, साफ सुथरा हो देश हमारा, हर व्यक्ति का सपना, स्वच्छ बने देश अपना, स्वच्छता का रखें ध्यान, स्वच्छता से देश बनेगा महान, साफ सफाई को अपनाएंगे, देश को स्वच्छ बनाएंगे जैसे नारे लगा कर लोगों को जागरूक किया। स्वच्छता रैली के बाद विरासत स्थल रजा पुस्तकालय पर स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. सुनीता जायसवाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना की थी। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर कर भारत की सेवा करें। अन्त में कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. मोहम्मद कासिम व डॉ. प्रीति लता ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। रैली में सबीहा परवीन, डॉ. अंकिता, डॉ. मनोरमा चौहान, डॉ. प्रतिभा यादव एवं डॉ. योगेश चन्द्र इत्यादि प्राध्यापक शामिल रहे।

रजा लाइब्रेरी परिसर में स्वच्छता अभियान में शामिल छात्राएं।

स्वच्छता रैली निकालतीं छात्राएं।

अपने घर, समाज तथा कॉलेज को रखें स्वच्छ : लक्ष्मी यादव

रामपुर, अमृत विचार : कन्या इण्टर कॉलेज खारी कुआं में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलाल के नेतृत्व में छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। स्वच्छता संस्कार कार्यक्रम के तहत नमामि गंगे समिति के जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार ने स्वच्छता का महत्व बताया। कालेज के शुरू हुई जागरूकता रैली बी अम्मा मार्केट, कोतवाली रोड, हाथीखाना चौराहा, बावर्ची वाली गली होते हुए वापस कन्या इण्टर कॉलेज खारी कुआं पहुंची। प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव ने कहा कि सभी को अपने घर, परिवार, समाज तथा कॉलेज को स्वच्छ रखना चाहिए। उन्होंने छात्राओं और स्टाफ को शपथ दिलाते हुए उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

इत्तिलानामा बनाम रेस्पोंडेन्ट मुशर इत्तिला तारीख के जो समाअत वाद अन्तर्गत धारा-24 के लिये मुकर्रर की जाये (आदेश 41, नियम 14)

व न्यायालय उप जिलाधिकारी महोदय, सदर, रामपुर....प्रार्थी अतर सिंह बनाम शत्रु सम्पत्ति.... ..विपक्षीगण वाद अन्तर्गत धारा-24 बनाराजी अदालत उप जिलाधिकारी महोदय सदर, रामपुर व केस सं.- टी2023135901070009 बनाम 1. ममता पत्नी मुनेन्द्र सिंह निवासी-ग्राम भैया नगला, तहसील सदर जिला रामपुर 2. साबिर हुसैन पुत्र अल्लादिये निवासी ग्राम बीसरा मझरा दलपुरा, तहसील सदर, जिला रामपुर 3. गिरीराज सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी-ग्राम जैतिया सादुल्लापुर तहसील व जिला मुरादाबाद 4. भूपेन्द्र सिंह पुत्र कामेश्वर सिंह निवासी-ग्राम जैतिया सादुल्लापुर, तहसील व जिला मुरादाबाद 5. दिनेश कुमार पुत्र रामपाल सिंह निवासी-ग्राम मिलक विशनपुर, तहसील व जिला रामपुर

मुत्तिला हो कि बनाराजी डिग्री अतर सिंह मुकदमा मुन्दरजा ववाला मैंने पेश किया इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने तारीख 10.10.2024 वास्ते समाअत इस केस में सुनवाई हेतु नियत है अगर आप या आपको वकील या कोई और पैरोकार जो कानून में आपकी तरफ से केसर में जवाब या सवाल दे सकताहो, हाजिर नहीं आयेगा तो आपकी अनुपस्थिति में आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज बतारीख 30 माह 09 सन् 2024 ई. मेरे हस्ताक्षर औरमोहर अदालत से जारी किया गया है।

उप जिलाधिकारी सदर, रामपुर
न्यायालय कक्ष-20, कलैक्ट्रेट कम्पाउण्ड, रामपुर

महिला सशक्तिकरण पर हुआ मंथन

बेटियां खुद सशक्त होकर जिएं अपने हिस्से की जिंदगी : डा. बबीता

संवाददाता, बहजोई (संभल)

अमृत विचार : जिले के स्थापना दिवस पर सात दिवसीय संभल कल्कि महोत्सव का तीसरा दिन महिला सशक्तिकरण के नाम रहा। मिशन शक्ति सम्मेलन में एक ओर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का संदेश दिया। तो वहीं उप्र महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान ने बेटियों को सशक्त बनाने का आह्वान किया। बेटियों से खुद की सुरक्षा के लिए आगे आने की बात कही।

महोत्सव मिशन शक्ति सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ. बबीता चौहान ने कहा कि अभिभावक बेटियों को सशक्त बनाने का काम करें। जिससे वह अपनी सुरक्षा खुद ही कर सकें। अपने हिस्से की जिंदगी खुलकर जी सकें। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने बेटियों को योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही तो वहीं एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला पुलिसकर्मी बेटियों को जागरुक करने का सफल अभियान चला रही हैं। लोगों को भी इसके लिए जागरुक होना होगा।

मिशन शक्ति सम्मेलन का शुभारंभ करतीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबीता चौहान। ● अमृत विचार

सम्मानित किये गये स्कूली बच्चे व मौजूद अतिथि।

● बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का दिया संदेश

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

बहजोई। एबीसी मांटेसरी स्कूल चंदौसी की छात्राओं ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय रजपुरा की बालिकाओं ने लोकगीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप बबराला की बालिकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर नृत्य कर बेटियों को आगे बढ़ने का संदेश दिया। डीएम द्वारा लिखित मैं मां हूं गीत पर प्रस्तुति देकर बच्चों ने जमकर तालियां बटोरी। रूपाली श्रीवास्तव ने गीत छोटी सी जान हूं प्रस्तुत किया।

लखपति दीदी अभियान से आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं...

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लेकर लखपति दीदी सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने किया। जिसमें महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा की गई। बताया गया कि जनपद में 9000 समूह गठित हैं।

कैलाश खेर ने गाया तो मंत्रमुग्ध होकर नाचने लगे पंडाल में दर्शक

कार्यालय संवाददाता, बहजोई/संभल

अमृत विचार : बहजोई में आयोजित संभल कल्कि महोत्सव के तीसरे दिन सांस्कृतिक संध्या में मशहूर गायक पद्मश्री कैलाश खेर ने अपने कैलाशा बैंड की धुन पर गीत संगीत का ऐसा माहौल बनाया कि पंडाल में बैठे लोग खड़े होकर नाचने लगे। कैलाश खेर देर से कार्यक्रम में पहुंचे तो फिर देर रात तक एक के बाद एक प्रस्तुति देते रहे।

कैलाश खेर रात 9:30 बजे संभल कल्कि महोत्सव के मंच पर पहुंचे। कुछ ही देर में उनका बैंड प्रस्तुति के लिए तैयार हुआ तो कैलाश खेर -कागा सब तन खाइयो मेरा चुन चुन खाइयो मांस,दो नैना मत खाइयो मोहे पिया मिलन की आस। गीत गुनगुनाते हुए श्रोताओं से रूबरू हुए। इसके बाद उन्होंने रांझा,रांझा करदी मैं आपे रांझा होई,गीत सुनाया। गीत संगीत के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए कैलाश खेर ने - मैं तो तेरे प्यार में दीवाना हो गया,दिलरुबा यह बता क्या करूं तेरे सिवा। इसके बाद कैलाश खेर ने- राह बुहारूं, पग पखारूं, तुम्हें निहारूं जी, प्राण वारूं बैयां डारूं, मैं ना हारूं जी,ए जी म्हारे चतर सुजान, लीजो पहचान,काहे भरमाओ जी, आओ जी, आओ जी, आओ जी। कैलाश खेर ने- कैसे बताएं क्यूं तुझको चाहें यारा, बता ना पाएं,बातें दिलों की देखो जो बाकी, आंखें तुझे समझाए। कैलाश खेर ने संभल में कल्कि अवतार का जिक्र करते हुए कहा कि गंगा जमुना के इस तराई क्षेत्र में पहले भी प्रभु ने अवतार लिया है और अब कलियुग में भी संभल में अवतार लेने वाले हैं। कैलाश खेर पंडाल में मौजूद लोगों की नब्ज पहचानकर कभी फिल्मी,कभी धार्मिक तो कभी सूफियाना प्रस्तुति देते रहे।

संभल कल्कि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कैलाश खेर।

एक नजर

अज्ञात वाहन ने मोपेड सवार को मारी टक्कर

रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में डीएसएम शुगर मिल के पास अज्ञात वाहन ने मोपेड में टक्कर मार दी। हादसे में मोपेड सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र में गवां-बबराला मार्ग पर डीएसएम शुगर मिल के पास अज्ञात वाहन ने मोपेड में टक्कर मार दी। इस हादसे में संभल के मंडी किशनदास सराय निवासी अच्छन मियां पुत्र छुट्टन मियां गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अच्छन मियां को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पंजू सराय निवासी कैफ सोमवार की सुबह आठ बजे बाइक से चंदौसी चौराहे की ओर जा रहा था। बाइक लेकर जैसे ही कैफ कोतवाली क्षेत्र में एजेंटी चौराहे के पास पहुंचा। सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। वहीं टक्कर मारने के बाद दोनों सवार बाइक लेकर मौके से फरार हो गए। लोगों ने उपचार के लिए कैफ को जिला अस्पताल पहुंचाया।

पानी बचाने के लिए दिया प्रशिक्षण

रजपुरा, अमृत विचार : विकास खंड के रजपुरा ब्लॉक सभागार में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। जिसमें ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं एसएफसी की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। गांवों में पानी की बर्बादी रोकने और पानी को बचाने के टिप्स दिए। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर इंजीनियर वीरेश यादव, नवनीत शेखर, हरपाल सिंह द्वारा दिया गया। जिसके बाद खंड विकास अधिकारी पंचायत फारुक अली ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता की शपथ दिलाई।

महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित कराने की मांग

संभल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां ने एसडीएम विनय कुमार मिश्र को ज्ञापन सौंपा। कहा कि वर्षों से जनता और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता संभल नगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा प्रशासन द्वारा स्थापित कराने की मांग कर रहे हैं लेकिन ऐसा संभव नहीं हो सका। इस बार 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर प्रशासन जगह चिन्हित करके प्रतिमा को स्थापित कराए अन्यथा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अपने खर्च पर प्रतिमा स्थापित करने के लिए मजबूर होंगे।

दो गांवों में भेड़िये की दहशत बरकरार

संभल/सौंधन, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव तातारपुर घोसी और मल्लाह मुस्तफाबाद में भेड़िये की दहशत बरकरार है। ग्रामीण भेड़िया होने का दावा करते हुए सुरक्षा को लेकर लाठी डंडे लेकर निकल रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से भेड़िये को पकड़ने की मांग उठाई है। गांव तातारपुर घोसी में शुक्रवार को जंगली जानवर ने युवती और ग्रामीण को हमला कर घायल किया था। वहीं गांव मल्लाह मुस्तफाबाद में भी ग्रामीण पर हमला हुआ था। वहीं गांव मल्लाह मुस्तफाबाद में ब्रह्मपाल के घर में भेड़िया घुस गया था। जिसके बाद से दोनों गांवों के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण घरों से लाठी डंडे लेकर खेतों पर जा रहे हैं।

सफाई कर्मियों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ की ओर से नगर पालिका के ईओ को ज्ञापन दिया गया। जिसमें कहा गया है कि नगर पालिका में 125 आउट सोर्सिंग सफाई कर्मी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

जिनका दो माह का मानदेय जून जुलाई 2022 से बकाया है, दो वर्ष से ठेकेदार व नगर पालिका से मांग कर रहे हैं। मगर समाधान आज तक नहीं हो सका है। पीएफ भी समय से जमा नहीं हो पा रहा है। शासनादेश के अनुसार अन्य निकाय में सफाई कर्मियों को 410 रुपये प्रतिदिन दिया जा रहा है। जबकि अभी तक सफाई कर्मियों को 368 रुपये का मानदेय ही मिल रहा है। ऐसी स्थिति में सफाई कर्मियों को परिवार का पालन-पोषण करने में परेशानी आ रही है। कर्मचारियों ने उक्त मांगों को पूरा करने की मांग की। इस अवसर पर गौरव, विजेंद्र कुमार, प्रहलाद, राकी वाल्मीकि, मोनू, आनंद, मनीष, रेखा, संजय कुमार, अतुल, निगम, रितिक कुमार, रिंकू, मनीष आदि मौजूद रहे।

ईओ को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

लेखपाल के खिलाफ किया प्रदर्शन

संभल, अमृत विचार : पवांसा विकासखंड क्षेत्र के गांव सैंजना में सोमवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए लेखपाल पर खतौनी, विरासत दर्ज करने और आय प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने लेखपाल का कार्य क्षेत्र बदलने की मांग की। इस दौरान धर्मवीर यादव, राजवीर, पृथ्वीपाल, बलिस्टर सिंह, विजय राम, कल्लू जाटव, चंद्रपाल सैनी, वीरपाल यादव, राकेश यादव, पप्पू सिंह, किशनपाल, मदनलाल, कल्याण सिंह यादव, धर्मपाल सैनी, कल्लू, पुष्पेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार तीन मजदूर घायल

संवाददाता, संभल/कैलादेवी

अमृत विचार: कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल आदमपुर मार्ग पर ट्रैक्टर की टक्कर से अमरोहा जिले निवासी बाइक सवार तीन मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मजदूरों को उपचार के लिए,जिला अस्पताल भिजवाया।

अमरोहा जिले के गांव बिजनपुर निवासी मजदूर विजय प्रकाश, अरविंद और विवेक एक ही बाइक पर सवार होकर सोमवार को कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव निबोरा में धान फसल की कटाई करने आ रहे थे। संभल आदमपुर मार्ग पर गांव खिरनी चौराहे के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में विजय प्रकाश, विवेक और अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गए। मौका मिलते ही चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने घायल विवेक, विजय प्रकाश और अरविंद को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार देकर तीनों को हायर सेंटर रेफर किया गया।

ट्रैक्टर की टक्कर से चचेरे तहेरे भाई घायल

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव चाचूनागल निवासी अरविंद बाइक पर सवार होकर सोमवार को अपने चचेरे भाई रवि के साथ संभल से घर जा रहा था। थाना क्षेत्र के गांव खिरनी के पास संभल आदमपुर मार्ग पर गंगा एक्सप्रेस वे के पुल के पास पहुंचते ही ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे रवि व अरविंद घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रवि व अरविंद को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

सार-संक्षेप

विज्ञान प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने की भागीदारी

बहजोई, अमृत विचार : आरडीएस मीणा मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वसुंधरा, सिमरन और अर्पिता कक्षा 7, द्वितीय स्थान चिराग कक्षा 6 तथा तृतीय स्थान देव कक्षा 5 ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य श्री राजीव शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने से मानसिक तथा शारीरिक विकास होता है। वहीं गीता मीणा ने कहा कि आधुनिक युग प्रतियोगिता का युग है। इस दौरान जगदीश, अजरा, पूनम शर्मा सफिहा,आशीष, हेमंत शर्मा, अंजलि, विपुल, प्राची, मुस्कान, आंचल मिश्रा, सीमा शर्मा आदि ने सहयोग किया।

साफ सफाई कर लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

संभल/मनोटा, अमृत विचार : स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत असमोली क्षेत्र की ग्राम पंचायत ऐंचौड़ा कम्बोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह त्यागी की अध्यक्षता में श्रमदान हुआ। उन्होंने मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इसके बाद मुख्य चौराहे और कम्पोजिट विद्यालय पर साफ सफाई की गई। इस दौरान भाजपा नेता हरिओम शर्मा प्रभात शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ त्यागी, अरुण बंसल, ओमवीर शर्मा, ग्राम प्रधान लवकुश शर्मा, सचिव विनीत चौधरी, यशवीर सिंह प्रधान, कल्यान सिंह सैनी, रोहिताश गुर्जर आदि रहे। संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुनील कुमार सिंह ने किया।

उलमा बोले, रहमत बनकर आए आका

संभल, अमृत विचार : अंजुमन अमीनुल बरकाती के तत्वावधान में मुहल्ला चौधरी सराय में मदीना मस्जिद के निकट जश्ने ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में जलसे का आगाज मुकद्दस किताब से तथा नाते पाक पेश कर किया गया। जलसे में बरेली, अमरोहा आदि शहरों से आए उलमा ने शिरकत की। उलमा ने पैगम्बर की सीरत, उनकी उम्मत के प्रति दी गई खिदमात और पैगामे परवरदीगार से लोगों को रूबरू कराया। कहा कि हमारे आका तमाम आलम के लिए रहमत बनकर आए। मुफ्ती शहजाद आलम, मुफ्ती हारिस अमरोहा, कारी युसूफ, मौलाना हसीबुर्रहमान, कारी लईक आदि ने खिताब फरमाया। इस दौरान मोहम्मद शमशाद, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद तहसीम, मोहम्मद आबिद, महबूब अली, कारी जुनैद रजा बरकाती आदि मौजूद रहे।

आजादी के 75 साल बाद भी देश आत्मनिर्भर नहीं बन सका

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई महाविद्यालय के सभागार में आयोजित गोष्ठी में प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने स्वयंसेवियों से कहा कि आजादी के 75 साल बाद आज भी हमारा देश आत्मनिर्भर नहीं बन पाया है। देश को आत्मनिर्भरता के रास्ते पर ले जाने के लिए और कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए वर्तमान सरकार ने 2020 में एक योजना की शुरुआत की जिसका नाम आत्मनिर्भर भारत था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे देश की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर करके विकसित बनाना है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता ने स्वच्छता ही सेवा पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान डॉ. बलवीर सिंह, मनोज कुमार यादव, दीप्ति रानी, संजय कुमार, सलोनी रस्तोगी, पूजा शर्मा, प्रीति शर्मा, श्रीनिवास सिंह यादव, रामतीरथ, नेमपाल सिंह यादव, गौरव वार्ष्णेय, तृप्ति आर्य, भुवनेश कुमार, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

अवैध ई रिक्शा संचालन के खिलाफ खड़ी कीं प्राइवेट बसें

संभल, अमृत विचार : प्राइवेट बस यूनियन से जुड़े बसों के संचालकों ने एआरटीओ प्रशासन से मिलकर मार्ग पर दौड़ रहे ई रिक्शों पर कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। संचालकों का कहना रहा कि करीब एक महीने से बसें खड़ी हैं, जिससे आर्थिक संकट गहरा गया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद नियमविरुद्ध तरीके से दौड़ रहे ई रिक्शा पर कार्रवाई नहीं हो रही। संभल, आदमपुर, रहरा पर बसों का संचालन करने वाले संचालक फैय्याज, अनीस, मजरुद्दीन, प्रेम यादव, सुनील आदि सोमवार को कार्यालय में एआरटीओ प्रशासन डॉ. पीके सरोज से मिले। बस संचालकों ने कहा कि संभल से आदमपुर मार्ग पर बड़ी संख्या में ई रिक्शा दौड़ रहे हैं। जिस कारण बसों में लोग सफर करने से बच रहे हैं। करीब एक महीने से बसें अड्डे पर ही खड़ी हैं। जिस कारण आर्थिक संकट गहरा गया है। बसों के टैक्स से लेकर अड्डे का किराया भी निकालना मुश्किल हो रहा है। अगर बसों का संचालन किया जाता है तो ई रिक्शों के चालक विवाद पर आमादा हो जाते हैं। एआरटीओ प्रशासन ने एआरटीओ प्रवर्तन से संपर्क करते हुए नियम विरुद्ध तरीके से दौड़ रहे ई रिक्शों पर कार्रवाई किए जाने को कहा।

कृत्रिम उपकरण के लिए 167 बच्चे चिन्हित

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण संस्थान की ओर से लगे जिला स्तरीय शिविर में परिषदीय स्कूलों के दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता जांची गई। शिविर में 194 बच्चे पहुंचे, इनमें से 167 बच्चों को विभिन्न कृत्रिम उपकरण मुहैया कराने के लिए चिन्हित किया गया।

संभल में बीआरसी केंद्र पर शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें परिषदीय स्कूलों के 6 साल से 14 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों को बुलाकर उनकी दिव्यांगता की जांच की गई। शिविर में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शैलजा मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ.अभिषेक कुमार, एलिम्को संस्था के चार कर्मचारियों के अलावा 29 शिक्षकों की भागीदारी रही। सुबह से दोपहर बाद तक दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता की जांच करने के बाद चिन्हित करने का काम चलता। ऐसे बच्चों के कृत्रिम उपकरण दिलाने फार्म भी भरवाए गए। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शैलजा मिश्रा ने बताया कि शिविर में 194 बच्चों ने हिस्सा लिया। इनमें से 167 बच्चों को कृत्रिम उपकरण दिलाने के लिए चिन्हित किया गया। बच्चों को ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, कैलिपर्स, सीपी चेयर, टीएलएम किट, हियरिंग एड, ब्रेल किट आदि उपकरण दिए जाएंगे।

दिव्यांग बच्चों को उपकरणों के लिए चिन्हित करते संस्था के लोग। ● अमृत विचार

● बीआरसी केंद्र पर लगा जिला स्तरीय शिविर, बच्चों को लेकर पहुंचे अभिभावक

● परिषदीय स्कूलों के दिव्यांग बच्चों की दिव्यांगता जांची गई

डीपीआरओ और ब्लॉक प्रमुख के पति ने दिया स्वच्छता का संदेश

झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश देते डीपीआरओ व ब्लाक प्रमुख के पति।

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : विकास खंड संभल की ग्राम पंचायत शहजादी सराय में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें डीपीआरओ और ब्लॉक प्रमुख के पति ने झाड़ू लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया।

सोमवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत शहजादी सराय में श्रमदान हुआ। जिसमें डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडेय, ब्लॉक प्रमुख के पति कुलदीप चाहल, बीडीओ प्रेमपाल सिंह, एडीओ पंचायत अनिल चौहान, प्रधान कुंवरपाल आदि ने झाड़ू लेकर सड़क पर साफ सफाई की। सफाई अभियान शिव मंदिर से शुरू होकर चौराहा तक चला। डीपीआरओ ने ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। संक्रामक बीमारियों से भी बचाव संभव होगा। इस दौरान बीसी विजयपाल सिंह, नंदकिशोर, सफाई कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

आयोजन

समारोह में मुख्य अतिथि रहे एटा के जिला जज अहमद उल्ला खान

खुल रहे विकास के रास्ते,बेहतर हो रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : नगर में आयोजित सम्मान समारोह में एटा के जिला जज अहमद उल्ला खान ने कहा कि संभल अब विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। बदलते संभल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही विकास के नए रास्ते खुल रहे हैं। कार्यक्रम में प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ.शाने रब को सम्मानित किया गया। कहा गया कि डॉ.शाने रब एक डॉक्टर ही नहीं बल्कि मिशन हैं।

नगर के फारोही रिसोर्ट में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एटा के जिला जज मूलरूप से संभल निवासी अहमद उल्ला खान ने कहा कि जब वह नौकरी की तैयारी में जुटे थे तब संभल में कोई यह बताने वाला भी नहीं था कि हमें कैसे तैयारी करनी है। कंपटीशन की किताबें भी नहीं मिल पाईं। आज संभल के हालात बदले हैं। कहा कि संभल में डॉ. शाने रब जैसे लोगों के समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने से देख रहा हूं कि यहां के लोगों में अब जागरूकता का माहौल पैदा होने लगा है। रक्तदान अभियान की सराहना करते हुए कहा कि संभल में रक्तदाताओं की बड़ी फौज तैयार करना आसान काम नहीं था। रक्तदान से लोगों की जान बचा रहे युवा व अभियान को आगे बढ़ा रहे डॉ. शाने रब इसी उत्साह से आगे बढ़ते रहें। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ.यूसी सक्सेना सहित अनेक लोगों ने विचार रखे। समारोह में जिला जज अहमद उल्ला खान, डॉ. यूसी सक्सेना, शरमीन खान, भीष्म सिंह देवल, नेहा मलय, डॉ. आबिद हैदरी, कासिम रजा (नई दिल्ली), ताहिर सलामी, डॉ. नसीमुज्जफर आदि ने संयुक्त रूप से डॉ. शाने रब को सम्मानित किया। ब्लड ग्रुप के संस्थापक सदस्य सौरव त्यागी, आमिर सुहैल, नवेद शान, डॉ. यूनुस रजा, अकबर मीर शान आदि को भी सम्मानित किया गया।

संभल में आयोजित समारोह में डा. शाने रब को सम्मानित करते जिला जज अहमद उल्ला खान व अन्य अतिथि।

समाज गौरव और अन्य पुरस्कारों से किया सम्मानित

संभल, अमृत विचार: हयातनगर स्थित नवाब गार्डन में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति ने प्रतीय अलंकरण सम्मान समारोह आयोजित किया। इसकी शुरुआत वरिष्ठ समाजसेवी व संरक्षक डॉ. यू सी सक्सेना, अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, महासचिव कुसुम, डॉ वीरेंद्र कुमार गुप्ता, डॉ. राज कुमार गोयल, नवाब हसन, राजेश कुमार, चिंकी दिवाकर व उपासना शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के उप निदेशक नसीम नकवी को हिन्दी गौरव सम्मान,एटा के जिला जज अहमद उल्ला खां को महात्मा गौतम बुद्ध शान्ति सम्मान,डॉ. मन्जेश राठी को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ सुधांशु को समाज गौरव सम्मान,नीलांशु वार्ष्णेय को संभल गौरव सम्मान दिया गया। संचालन हिन्द इण्टर कॉलेज के प्रवक्ता नसीम हुसैन ने किया।

कोविड से संक्रमण में घरों पर जाकर किया इलाज : एमजीएम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. आबिद हुसैन हैदरी व डॉ. नसीमुज्जफर ने कहा कि डॉ. शाने रब व उनकी टीम ने रक्तदान के क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य किया है। शिक्षाविद शहजाद अहमद ने कहा कि उन्होंने कोविड संक्रमण के दौरान अपनी जान की परवाह किए बिना घरों पर जाकर लोगों की जान बचाने का कार्य किया।

खोया-पाया

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2000 अनुक्रमांक 0900437 का प्रमाण पत्र खो गया है।

-मो. अजीम पुत्र मुमताज हुसैन c/o विनीत कुमार, ग्राम सन्दलपुर पो. हाथीपुर चन्दू कुन्दरकी (मुरादाबाद) 244413

खोया-पाया

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनु. 0965471 का प्रमाण पत्र खो गया है।

-चन्द्रसैन पुत्र ओमप्रकाश निवासी- गांव जयराम नगर, संभल

सूचना

नगर के गन्ना समिति परिसर में ग्राम डेलीगेट / प्रतिनिधि चुनाव प्रक्रिया के तहत 422 ग्राम डेलीगेट में चुनाव हो रहा है। इसी क्रम में ग्राम ईसापुर मुंडिया से मौ. सिराज पाशा एडवोकेट निर्विरोध डेलीगेट / प्रतिनिधि निर्वाचित होने में सफल रहे। मौ. सिराज पाशा एडवोकेट के दादा मुखिया हाजी फाजिल हुसैन भी कई दशक पहले ग्राम ईसापुर मुंडिया से ग्राम डेलीगेट रह चुके हैं। मौ. सिराज पाशा एडवोकेट का अनेक लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

मौ. सिराज पाशा एडवोकेट
नव निर्वाचित सदस्य

अज्ञ : सुखमाराध्य : सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञ : ।
ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्माऽपि नरं न रञ्जयति ।।

अज्ञानी व्यक्ति सरलता से प्रसन्न हो जाता है, विद्वान व्यक्ति और भी सरलता से प्रसन्न हो जाता है, किंतु अल्प ज्ञान से उन्मत बने हुए व्यक्ति को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते।

संपादकीय

रक्षा निर्यात में बढ़त की ओर

भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता बनने के लक्ष्य के चलते भारत के रक्षा निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और यह वैश्विक स्तर पर बढ़त की ओर है। भारत अब शीर्ष 25 आयुध निर्यातक देशों में शामिल है, जो लगभग 85 देशों को रक्षा उत्पाद आपूर्ति करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 32.5 प्रतिशत ज्यादा है। भारत का रक्षा निर्यात बढ़ने के कारणों में वैश्विक संघर्ष जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष भी शामिल है। भारत की एक अग्रणी रक्षा आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरने की महत्वाकांक्षा निर्णायक कार्रवाई और रणनीतिक फोकस की मांग करती है। इसलिए भारत ने रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। देश में उन्नत स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का विकास हो रहा है, जो वैश्विक बाजार में आकर्षक हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन इस प्रयास में सबसे आगे रहा है। विश्व स्तरीय रक्षा उत्पादक के रूप में स्थिति को मज़बूत करने के लिए, भारत को सैन्य-श्रेणी के यूएवी, उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली और अत्याधुनिक साइबर रक्षा तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपनी उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करना चाहिए। इसके अलावा अपने उत्पादन पोर्टफोलियो में उन्नत समुद्री टोही विमान, पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली और व्यापक निगरानी बुनियादी ढांचे को एकीकृत करना आवश्यक है। भारत ने 53 से अधिक देशों के साथ रक्षा सहयोग समझौते किए हैं, जिससे भारतीय रक्षा उत्पादों के लिए नए बाज़ार खुल रहे हैं। इस बीच भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस और इजराइल सहित प्रमुख वैश्विक शक्तियों के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को मजबूत किया है।

इन रणनीतिक गठबंधनों से न केवल भारत की वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थिति मजबूत होगी, बल्कि वैश्विक रक्षा बाजार में उसे एक स्थायी प्रतिस्पर्धी बढ़त भी मिलेगी। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत को अपनी निर्यात क्षमताओं को बढ़ाना होगा, प्रमुख बाजारों को लक्षित करना होगा और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाना होगा। वैश्विक आयुध बाजार में प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्द्धा करने के लिए भारत को विशेष रूप से रक्षा निर्यात के लिए एक व्यापक निर्यात वित्तपोषण प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। भारत के रक्षा निर्यात में निजी क्षेत्र का 60 प्रतिशत और डीपीएसयू का 40 प्रतिशत योगदान है। इसलिए सफलता एक स्थायी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर निर्भर करेगी जो ठोस परिणाम उत्पन्न करे। भारत-इजरायल के सफल समयोजन कार्यक्रम से प्रेरणा ले सकता है, जिसने इसके रक्षा औद्योगिक आधार और निर्यात क्षमताओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

रेवड़ी- संस्कृति: जरा संभल के

प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना (वेटरन)

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है।

राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक-लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं, परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए, रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं।

भारत की दलगत राजनीतिक व्यवस्था में धर्म, जाति व पंथ की भूमिका हमेशा से रही है और संभवतः भविष्य में भी रहेगी। संख्याबल, धनबल, बाहुबल का अपना अलग ही स्थान है। विशुद्ध वैचारिक, आस्थावादी राजनीति अब दूर की कौड़ी है, जिसका प्रमाण आए दिन होने वाला दलबदल है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसा लग रहा है कि राजनीतिक पार्टियों को अपने "सरवाइवल" के लिए अब किसी अन्य हथियार की आवश्यकता है और आम भाषा में इस हथियार को हम चुनावी रेवड़ियां कहे सकते हैं।

समय के साथ-साथ जनता भी इन रेवड़ियों (कुछ लोग इसे मुफ्तखोरी की संज्ञा भी देते हैं) की इतनी आदी हो गई है कि सभी राजनीतिक दल इस 'विधा' को 'संकल्प-पत्र' की तरह अपनाते जा रहे हैं और यह किसी एक राज्य में नहीं, बल्कि पूरे देश में कारगर भी सिद्ध हो रहा है। मजे की बात यह है कि इन रेवड़ियों की मिठास भी चुनाव दर चुनाव बढ़ती जा रही है। अब सिर्फ साड़ी, सैंडल, मंगलसूत्र या श्रृंगार के सामान से काम नहीं चलता और न ही स्कूटी, साइकिल, टीवी या लैपटॉप से। अब तो जनता को मुफ्त बिजली-पानी, मुफ्त यातायात, अलग-अलग तरह की पेंशन, अनुदान, ब्याज-मुक्त लोन, सब्सिडी, मुफ्त आवास इत्यादि की आदत सी पड़ गई है। हाल में एक प्रदेश में बात मुफ्त आवासीय प्लॉटो तक पहुंच गई। इन मुफ्त की रेवड़ियों का आकर्षण अब जनता के लिए अधिकार समान है और राजनीतिक दलों के लिए चुनावी रेस जीतने का जरिया। शब्द कठोर है पर कहना गलत न होगा कि जनता के मुंह मुफ्तखोरी का खून लग चुका है और अब "वर्क एंड अर्न" वाली संस्कृति जनता के उस वर्ग में खत्म होती जा रही है, जो इन मुफ्त रेवड़ियों के असली लाभार्थी है।

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है। इस बात से किसी भी दल को सरोकार नहीं कि देश के टैक्स पेयर का पैसा देश के संस्थागत ढांचे के लिए ही उपयोग होना चाहिए, न कि किसी राजनैतिक दल या कुनबे की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए। बिना भेदभाव के जनता की वाजिब आकांक्षाओं व अपेक्षाओं को पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी तो है, परंतु मनमाने ढंग से टैक्स पेयर के पैसे का असंवैधानिक या असंस्थागत तरीके से व्यय तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। ऐसे तौर तरीकों से न सिर्फ अकर्मण्यता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि संस्थागत आर्थिक ढांचा कमजोर भी होता है, जिसके दुष्परिणाम हमें या हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतने ही होंगे। वोट की राजनीति के चलते "अतिशय कल्याणवाद" को आधार बनाना वास्तविकता में वंचितों की भावनाओं से खिलवाड़ करने जैसा है।

राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक-लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं, परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए, रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं। अब हरियाणा भी हिमाचल की राह पर चलता दिख रहा है। पूरे राजनीतिक तंत्र को स्मरण रखना होगा कि सामाजिक न्याय या उत्थान मुफ्त की रेवड़ियों से न होकर संस्थागत-बुनियादी ढांचे, दूरगामी परियोजनाओं, उच्च तकनीकी शिक्षा, रिसर्च एंड स्किल डेवलपमेंट व व्यावहारिक आर्थिक प्रबंधन से होता है। यदि हम इस वास्तविकता को नजरअंदाज करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब मूलभूत विकास के कार्य सुस्त पड़ जाएंगे, सरकारी खजाना खाली होगा, योजनाएं समय से पूरी न हो सकेंगी और फिर जनता का आक्रोश बढ़ेगा। उस स्थिति में चुनावी रेवड़ियों बांटने का उद्देश्य भी अधूरा रह जाएगा। अतः यह आवश्यक है कि वंचितों के नाम पर टैक्सपेयर का शोषण बंद हो। शुक्र है कि मुफ्त चुनावी रेवड़ियों के विरोध में कुछ प्रशासनिक और विधिक संस्थाओं के स्वर उभरने लगे हैं।

कुछ बुनियादी संस्थागत सुविधाओं को छोड़कर भारत का टैक्स पेयर अब किसी भी अनर्गल चुनावी घोषणा का व्यय उठाने के मूड में नहीं है, क्योंकि इस प्रकार की घोषणाओं से कोई भी स्थाई रूप से सक्षम नहीं हो सकता। अब थोड़ी सी बात शुद्ध आर्थिक परिप्रेक्ष्य में भी कर लेते हैं। हमारा सपना 2030 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पांच ट्रिलियन डॉलर) बनने का है, जिसके लिए हम प्रयत्नशील भी हैं। युवा आबादी, आर्थिक और राजनैतिक स्थायित्व, जीवंत लोकतंत्र, भारत की वैश्विक छवि, हमारी तकनीकी क्षमताएं और निवेश का सही वातावरण हमारे पक्ष में हैं। यदि कुछ पक्ष में नहीं है तो वह समग्रता में भारत का आर्थिक प्रबंधन। विदेशी कर्ज का बोझ, (670 बिलिन डॉलर), आयात-निर्यात का अंतर / राजकोषीय घाटा, अपेक्षा से कम जीडीपी ग्रोथ (6.8 प्रतिशत) व ऊर्जा क्षेत्र में अस्थिरता आदि हमारी कमजोरियां हैं। यदि पूरे देश में सभी दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों का आर्थिक संकलन किया जाए तो इसका गहरा असर न सिर्फ सरकारी खजाने पर होगा, बल्कि अन्य वित्तीय संस्थानों को भी भारी घाटा झेलना होगा।

हम आवश्यक नियोजित व्यय जैसे कि वेतन आदि को तो कम नहीं कर सकते, परंतु धन की कमी स्वाभाविक रूप से विकास कार्यों की गति को धीमा कर सकती है। ऐसी स्थिति में सरकारें अधिक कर्ज लेंगी, हर वस्तु के दाम बढ़ेंगे, सुविधाएं महंगी होंगी, प्रोजेक्ट्स अधूरे रहेंगे, योजनाएं समय से पूरी नहीं होंगी, जिससे जनता में असंतोष बढ़ेगा। आज जो धन हमारी राजनीतिक पार्टियां और सरकारें चुनावों में जीत के लिए बांट रही हैं। यदि यही धन देश की दूरगामी प्रगतिशील योजनाओं में लगा दिया जाए तो यह एक वरदान सिद्ध हो सकता है। 'मेक इन इंडिया' ऐसी ही एक योजना है। इसके अतिरिक्त उच्च तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, स्पेस व एड्वान्स टेक्नॉलजी आदि के क्षेत्र में कई ऐसे प्रोजेक्ट है, जिनमें धन की अधिक आवश्यकता है और यदि "फ्री-वीज" के रूप में बांटे जाने वाला यह पैसा डाइवर्ट कर दिया जाए तो संबंधित योजनाएं अधिक गतिशील होकर हमारी वर्तमान आर्थिक कमजोरियां को दूर कर सकती हैं। वर्तमान सरकार की एक साथ चुनाव कराने की मंशा भी स्वागत योग्य है, जिससे न सिर्फ सरकारी खर्च बचेगा, बल्कि किसी हद तक चुनावी वायदों पर रोक लगेगी। समय है कि हम अपनी राजनीतिक सोच व आर्थिक व्यवस्थाओं में परिवर्तन लाएं और मुफ्तखोरी के व्यसन से बाहर निकलें, यह आदत आर्थिक दुर्बलता के साथ-साथ नकारात्मक प्रवृत्ति को भी जन्म दे रही है।

प्रसंगवश

लोकतंत्र का मंगलाचरण

यह बात ध्यान देने की है कि संसार में फोकलोर और लोकतंत्र के विचार का जन्म एक साथ ही हुआ था और उसकी पृष्ठभूमि में थी फ्रांस की राज्यक्रांति (1789 से 1799)। यही वह समय था, जब रोटी मांग रही भीड़ के प्रति फ्रांस की साम्राज्ञी, 'मेरी आन्तोन' ने कहा था कि - रोटी नहीं है तो ये लोग केक क्यों नहीं खा लेते?

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

फ्रांस के अयोग्य शासक, सामंतों और कुलीन वर्ग को प्राप्त विशेषाधिकारों के प्रति लोगों में आक्रोश था और मध्यम वर्ग में मॉन्टेस्क्यू, वाल्टेयर और रूसो के विचारों से बौद्धिक जागरण हो रहा था। मॉन्टेस्क्यू फ्रांस का एक राजनैतिक विचारक और न्यायविद था। 1748 ई. में उसने कानून की आत्मा नामक पुस्तक का प्रकाशन किया। इसमें उसने फ्रांस के राजाओं के दैवी अधिकार के सिद्धांत की कटु आलोचना की। उसने वैधानिक शासन, शक्ति-पार्थक्य के सिद्धांत तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रतिपादन किया। उसका विचार था कि निरंकुश शासन को समाप्त करने के लिए शासन के तीनों अंगों कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका के क्षेत्रों को पृथक-पृथक करना आवश्यक है। वॉल्टेयर की रचनाओं से फ्रांस में राज्य क्रांति का जन्म हुआ माना जाता है। उस समय देश में धर्म के नाम पर पादरियों की मनमानी चल रही थी। वॉल्टेयर ने इन लोगों के खिलाफ खुलकर कलम चलाई। वॉल्टेयर को जेल जाना पड़ा। जब उसे शासक के सामने लाया गया, तब उसने शासन को उसकी जिम्मेदारी का अहसास दिलाया। तब शासक ने कहा कि सच्चा लेखक वही है, जो शासक के मुंह पर भी सच बोलने से न डरे।'

रूसो महान दार्शनिक था। उसने बतलाया कि गरीबी पूर्वजन्म के कर्मों का फल नहीं है। रूसो के अनुसार राज्य की सामूहिक चेतना ही व्यक्ति की नैतिकता और स्वतंत्रता का स्रोत है। रूसो के विचारों ने फ्रांस की राज्यक्रांति की पृष्ठभूमि तैयार किया। उसका विश्वास था कि सर्वोपरि सत्ता जनता के हाथ में होनी चाहिए फ्रांसीसी क्रांति ने लोकतंत्र के विचार को बढ़ावा दिया। यह सिद्धांत प्रतिष्ठित हुआ कि राष्ट्र सामंत से नहीं बनता, जन साधारण या लोक से बनता है।

श्रीलंका में राजनीतिक बदलाव से चिंताएं

प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए।

श्रीलंका में हालिया राजनीतिक बदलावों का भारत पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा पर असर पड़ेगा। चूंकि भारत एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति है, इसलिए उसे इन उभरती गतिशीलता के अनुकूल होने एवं अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनी राजनयिक रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए।

इससे पहले, कोलंबो में दक्षिणपंथी सरकारों ने बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश के बदले में चीन की ओर झुकाव की कोशिशें की। ये उनके लिए गले की फांस बन गईं। इनमें से अधिकांश कर्ज के जाल में फंस गए। नतीजा श्रीलंका के लिए विनाशकारी था और इस प्रक्रिया ने भारत के सुरक्षा हितों को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया। अब सवाल और भी गंभीर हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक मार्क्सवादी समर्थक पार्टी श्रीलंका की सत्ता में काबिज है। ऐसे में भारत को सतर्क रहना चाहिए और इस बढ़ते चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए क्षेत्र में अपनी रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। साथ ही यह भी देखना चाहिए कि जेवीपी (जनता विक्मुथी पेरामुना) श्रीलंका में किस तरह का शासन और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन लाएगा।

नेशनल पीपुल्स पावर का उदय आईएमएफ के चल रहे बेलआउट कार्यक्रमों और श्रीलंका में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय निवेशों को खतरे में डाल सकता है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है। आज दिसानायके के नेतृत्व में जेवीपी का पुनरुत्थान महज एक राजनीतिक जीत नहीं है, यह उस अंधराष्ट्रवादी चरित्र की वापसी का संकेत है, जिसने कभी श्रीलंका की एकता को खतरा पैदा किया था। जेवीपी के उदय का सबसे चिंताजनक पहलू चीन की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के साथ इसका संभावित तालमेल है। श्रीलंका लंबे समय से चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का हिस्सा रहा है। चीन समर्थित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और राजनीतिक साझेदारियों की एक श्रृंखला, जिसका उद्देश्य भारत को घेरना और हिंद महासागर में अपने समुद्री प्रभुत्व को सुरक्षित करना है। श्रीलंका में आंतरिक राजनीतिक परिवर्तनों के कारण उत्पन्न अस्थिरता फैल सकती है, जिससे भारत के लिए महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों सहित क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

यदि श्रीलंका को राजनीतिक अस्थिरता का सामना करना पड़ता है तो इससे हिंद महासागर में सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है, जो भारत के व्यापार एवं रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। दिसानायके की नीतियां श्रीलंकाई तमिल समुदाय एवं उनके अधिकारों की वकालत करने में भारत की भूमिका को प्रभावित कर सकती है, जिससे तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो सकती है। तमिल अधिकारों पर कोई भी वापसी और जातीय कट्टरता की वापसी भारतीय नीति निर्माताओं को अच्छी नहीं लगेगी। ऐसा परिदृश्य भारत और श्रीलंका के बीच, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों में तनाव को बढ़ा सकता है। मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में चीन के बढ़ते प्रभाव के कारण इस क्षेत्र में भारत की स्थिति पहले ही कमजोर हो चुकी है। हिंद महासागर में चीनी शक्ति का प्रतिकार करने के भारत के प्रयासों में श्रीलंका एक महत्वपूर्ण चौकी रहा है। जेवीपी की जीत और चीन की ओर उसका संभावित झुकाव इन प्रयासों को गंभीर रूप से कमजोर कर देगा, जिससे भूटान दक्षिण एशिया के उन कुछ बचे हुए देशों में से एक रह जाएगा, जहां भारत अभी भी चीन पर रणनीतिक बढ़त रखता है।

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि बुनियादी ढांचे के विकास जैसी परियोजनाओं से दोनों देशों को लाभ होगा एवं क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत श्रीलंकाई युवाओं के लिए छात्र छात्रवृत्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बढ़ा सकता है, जिससे युवा पीढ़ी के साथ मजबूत संबंध बन सकते हैं।

भारत को श्रीलंका में चीनी निवेशों पर बारीकी से नज़र रखनी चाहिए एवं उन्हें रणनीतिक भारतीय निवेशों के साथ संतुलित करना चाहिए। बंदरगाहों एवं हवाई अड्डों जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में भारतीय निवेश बढ़ाने से यह सुनिश्चित होगा कि भारत अपना प्रभाव बनाए रखेगा। क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को एक बहुआयामी राजनयिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जो आर्थिक सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा तथा सांस्कृतिक जुड़ाव को प्राथमिकता दे। इन पहलुओं पर सक्रिय रूप से ध्यान देकर, भारत बढ़ते बाह्य दबावों के समक्ष अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए श्रीलंका में अपना प्रभाव मजबूत कर सकता है।

सोशल फोरम

डर और लिहाज में अंतर

लोग डर और लिहाज में अंतर नहीं समझते। कितनी ही बार वह लिहाज को डर का नाम दे देते हैं। डर इस दुनिया की हर शै में है, जबकि लिहाज सिर्फ इंसान में मिलता है। इसलिए बहुत बार इंसान ही, जिसने कभी लिहाज समझा ही न हो, उसे यह डर जैसा ही लगेगा।

हफीज किदवई
लेखक

मेरे वालिद और उनके भाई, यानी मेरे चचाजान वगैरह। जब कभी हम दोस्तों के साथ तफरीह करने निकलते, तो हम कहते यार उधर नहीं जाएंगे। उधर चचाजान बैठे होंगे। दोस्त कहते कि चचाजान से इतना डरते हो और हम चुप हो जाते। कैसे बताते यह डर नही है, यह लिहाज है, जो हमें एक तहजीब के साथ मिला है। चचाजान ने तो कभी ऊंची आवाज में बात तक नहीं की, तो डर क्यों होगा? और हम भी क्या गलत करने निकल रहे हैं, जो डर लगेगा। आज भी यह होता है कि बहुत से लोगों की बातें नागवार गुजरती हैं, मगर एक तहजीब है, जो कहती है कि लिहाज का दामन मत छोड़ो। कुछ लोग कहते हैं कि हम डर गए। वह यह नहीं जानते कि जिन आंखों में तहजीब बैठती है, वह आंखें बड़ी निडर होती हैं। डरते तो हम दुनिया में किसी से नहीं है, मगर अपनी तहजीब की बड़ी इज्जत करते हैं। यह हमारी रिवायत है कि तहजीब को न छोड़े।

मेरी नानी अम्मी कहती थीं कि बड़ों को गलती करने पर यह मत कहो कि आप गलत हैं या आप झूठे हैं। उनसे कहो कि ठीक है, मगर यह बात सही है। उन्हें करेक्ट तो करो, मगर लिहाज से, तब कम समझ आता था। अब सब समझ आता है। कहते हैं कि बढ़ता वक्त तजुर्बे को पैदा करता है और तजुर्बा दो चीजों में फर्क को साफ और सही देखने की कुव्वत देता है। अब समझ आता है कि डर और लिहाज में कितना बड़ा अंतर है। हम तो अपने दुश्मन का भी लिहाज करते हैं, मगर उसे पता है कि इन आंखों में उसके लिए खौफ कभी पैदा नहीं हो सकता है। इतना ही कहना है कि लिहाज और डर में अंतर सीखिए। लिहाज़ कीजिए और निडर बनिए...

-फेसबुक वॉल से

नदियों को लीलता विकास

डॉ. उदयराज मिश्र
अंबेडकर नगर

वस्तुत: बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानवजन्य भी होती जा रही है।

नदियां किसी भी राष्ट्र की धमनियां होती हैं, जिनसे जलराशि का निरंतर प्रवाह कृषि क्षेत्र के साथ-साथ भूगर्भ के जल स्तर को भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। प्राचीन काल में परिवहन के सर्वाधिक सुगम साधन होने के कारण जहां सभी प्रमुख सभ्यताओं के उदय इन्हीं नदियों के किनारे हुआ वहीं व्यापारिक दृष्टिकोण से प्राचीन काल से अब तक नगरों का विकास भी नदियों के दहाने पर ही हुआ है, जिसकी गवाही आज भी भारत ही नहीं अपितु विश्व के सभी नगर स्वयं ही हैं।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि मानवता को पालने-पोसने से लेकर उसके संवर्धन तक में नदियों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है, जिनके बगैर समृद्ध राष्ट्र की संकल्पना और मानवता का अस्तित्व संभव ही नहीं है। यही नदियां ही स्वयं के अस्तित्व को लेकर संकट में हों तो मानवता कैसे प्रमुदित तथा प्रफुल्लित रह सकती है, यह विचारणीय प्रश्न है। आखिर बाढ़ की विभीषिका से जूझते नगर, कस्बों और गांवों की दुर्दशा के वास्तविक कारण क्या हैं? वस्तुतः हमारे देश में प्राचीन काल से ही नदियों को देवी स्वरूपा मानते हुए उनकी रक्षा करने का विधान है, लेकिन आज के विलासितापूर्ण जीवन जीने वाले विस्तारवादी मानव ने जहां अपने संस्कारों को तिलांजलि देकर महज अपनी इच्छाओं की पूर्ति तक स्वयं को सीमित कर लिया है। वहीं उसे अपने भी अस्तित्व के साथ-साथ नदियों के भी सहअस्तित्व का लेशमात्र ध्यान नहीं रहा है। यही कारण है कि विकास के थोथे दंभ के चलते मनमाने खनन, अवैध निर्माण और नदियों के किनारों तक बहुमंजिली इमारतों का निर्माण करते हुए नदियों के सतत प्रवाहन के मार्ग को भी परिवर्तित करने के साथ-साथ अवरुद्ध तक करने का कुत्सित प्रयास जारी है। यही कारण है कि पौराणिक काल में बहने वाली अनेक नदियों का नामोनिशान तक मिट चुका है या फिर पुस्तकों में छपकर रह गया है।

हालात यह हैं कि अब बाढ़ जैसी विभीषिका कछारों को छोड़ नगरों और कस्बों तक आने लगी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गत वर्ष लाल किले तक यमुना का जलप्रलय कदाचित आधुनिकता की अंधी दौड़ में पगलाए इंसानों की लिप्सा का ही प्रतिफल रहा, जिसके चलते महीनों तक दिल्ली हकलान रही और हालात बद से बदतर हो गए थे। कमोवेश ऐसे ही हालात हिमाचल, उत्तराखंड और बिहार में भी दृष्टिगोचर होते रहते हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। महज एक दिन की भारी बरसात में विकास की पोल खोलती नदियों का जलस्तर आज विस्तारवादी मनुष्यों को उनकी करनी का दंड दे रहा है, जिसके साथ निरीह आम जनता भी दंड पा रही है। कदाचित प्रकृति का यह दंड नदियों के अस्तित्व के दृष्टिकोण से उचित भी है और स्वागत योग्य भी है। आखिर खनन माफियाओं, अवैध भवन निर्माताओं और राजमार्गों का निर्माण करने वाली कंपनियों की आंख भी खोलनी आवश्यक थी। जिन पर शासन और प्रशासन की कृपादृष्टि के चलते नदियां स्वयं पथहीन हो आज अस्तित्व तलाशने को विवश हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, अंबेडकर नगर, बलिया, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, सुल्तानपुर, मऊ, गाजीपुर आदि ऐसे शहर हैं, जहां छोटी-मोटी नदियों की तली तक बने मकान इस नदियों के मार्ग अवरुद्ध करते हैं। यही कारण है कि वर्ष 2021 में आजमगढ़ में भंवरनाथ से लेकर हरवंशपुर, पल्हनी, कोलघाट आदि क्षेत्रों में व्यापक तबाही देखी गई थी। यहां पर नदी क्षेत्र में बने मकान इस बात की गवाही देते हैं कि नदी तो अपने मार्ग पर है, किंतु ये मकान ही अवैध हैं, जिनका कि डूबना और गिर जाना ही श्रेयस्कर है। कदाचित यही हालत अंबेडकर नगर के अकबरपुर की भी है। यहां तमसा जैसी पौराणिक काल की नदी का अतिक्रमण का शिकार है। भूमाफियाओं ने नदी की तलहटी तक जमीनों का सौदा करते हुए बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर दी हैं, जिससे नदी का प्रवाह अवरुद्ध होने से पानी बाढ़ के रूप में नगर की सड़कों पर पिछले वर्ष महीनों तक बहता रहा था।

वस्तुतः बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानव जन्य भी होती जा रही है। जब तक नदियों का स्वतंत्र प्रवाह जारी नहीं होगा, ऐसी आपदाएं साल हर साल आती रहेंगी। अतएव अच्छा यही होगा कि अब से ही सही सभी भवनों को गिराते हुए नदियों को पुनर्जीवित किया जाए, जिससे बहते हुए पानी को एक क्षेत्र विशेष में रुकने का अवसर न मिले अन्यथा विस्तारवादी मानव का भी अस्तित्व स्वयं के चलते संकट में बना रहेगा। देखा जाए तो जलप्लावन के अनेक उत्तरदायी कारक हैं, जिनमें प्रदूषण, वृक्षों की कटान, जलवायु परिवर्तन और सतत होने वाले खनन प्रमुख हैं। इन सबसे भी अधिक उत्तरदायी कोई कारक अगर है तो मनुष्य द्वारा नदियों के मार्गों में अतिक्रमण, यह चाहे नए-नए बांधों के रूप में हो या फिर भूमाफियाओं की कुत्सित क्रियाओं का प्रतिफल हो, जो भी हो इसके लिए प्रकृति से अधिक मानव स्वयं में जिम्मेदार है।

लिहाजा बाढ़ की विकराल आपदा से निजात हेतु नदियों से नहरों का निकास और जलमार्गों का अबाध प्रवाह अत्यावश्यक है, जिसके बगैर साल दर साल आपदा प्रबंधन की होने वाली बैठकें व व्यवस्थाएं किसी बेमानी से कम नहीं होंगी और परिणाम का परिमाण सिफर से इतर और कुछ नहीं होगा।

क्रेडिट कार्ड का घटता चलन

कुछ साल पहले तक क्रेडिट कार्ड हासिल करने के लिए लोग कई तरह के पापड़ बेला करते थे। क्रेडिट कार्ड होना किसी व्यक्ति की समृद्धता का प्रतीक भी माना जाता था, लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की सख्ती और नए नियमों के चलते अब क्रेडिट कार्ड से होने वाला खर्च तेजी से कम होता जा रहा है।

क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर भी अब लोगों को लुभा नहीं पा रहे हैं। आलम यह है कि वित्त वर्ष 2022 के मुकाबले इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च एक तिहाई ही रह गया है। हर वित्त वर्ष इसमें कमी देखी जा रही है। मैक्वेरी रिसर्च के डेटा के आधार पर बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2022 में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर 54.1 फीसदी थी। इसके बाद वित्त वर्ष 2023 में यह 47.5 फीसदी और वित्त वर्ष 2024 में आंकड़ा घटकर 27.8 फीसदी ही रह गया था।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर सिर्फ 16.6 फीसदी ही रह गई है। आरबीआई द्वारा असुरक्षित लोन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से क्रेडिट कार्ड द्वारा किए जा रहे खर्च पर बुरा असर पड़ा है। हर साल फेस्टिव सीजन के दौरान सितंबर से दिसंबर तक क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस साल ऐसा होता नहीं दिखाई दे रहा है। नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर में भी बड़ी गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2024 में 4.4 फीसदी घटा है। इससे पहले यह साल दर साल 3.2 फीसदी घट रहा था। इसी तरह एसबीआई कार्ड्स का क्रेडिट घाटा वित्त वर्ष 2024 में 7.4 फीसदी और वित्त वर्ष 2023 में 6.2 फीसदी रहा था।

मैक्वेरी रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा, कड़ी जांच और आरबीआई के नए नियमों के प्रभाव को देखते हुए क्रेडिट ग्रोथ में मंदी आगे भी जारी रहेगी। बैंकों ने भी अपने क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो में बढ़े हुए तनाव का संकेत दिया है। वित्त वर्ष 2025 में अगस्त तक नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर भी 38.3 फीसदी रह गई है। वित्त वर्ष 2024 में यह 41.3 फीसदी की दर से बढ़ रहा था। फेस्टिव सीजन के दौरान मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर्स की वजह से क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस बार नए क्रेडिट कार्ड बढ़ने की दर में भी कमी आई है। शायद उधार लेकर घी पीने की प्रवृत्ति पर कुछ अंकुश लगा है।

एक नजर

आज 7 घंटे बंद रहेगी बिजली

चन्दौसी, अमृत विचार : एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें मंगलवार को हनुमानगढ़ी उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र बूढ़ी माता, पक्का कटरा, विजय लक्ष्मी टाकीज, ब्रह्म बाजार, बारह सैनी धर्मशाला, हाथी वाली गली, राज मोहल्ला, गुलडेहरा रोड, मारवाड़ी मोहल्ला, खुर्जा गेट, बिसौली गेट, घास मंडी आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी।

पुत्री को मारपीट कर ससुराल से निकाला

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : जनपद मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के गांव वीरमपुर निवासी अतर सिंह ने थाना बनियाठेर में तहरीर दी है। कि उसने माह अप्रैल में थाना क्षेत्र के एक गांव में पुत्री से शादी की थी। शादी के कुछ समय तक सब कुछ ठीक रहा। इसके बाद पुत्री का पति उसके साथ मारपीट करना लगा और मायके से दहेज लाने की बात कहने लगा। कई बार रात को मारपीट कर घर से बाहर निकाल देता था। तीन माह से पुत्री मायके में रह रही है। कई बार कहने के बाद भी पुत्री को ससुराल नहीं ले जा रहा है। दहेज में दिया सभी सामान बेच दिया है। हर समय मायके से नकदी लाने की मांग की जाती है। पीड़ित पिता ने पुलिस से पुत्री के पति पर कार्रवाई करने की मांग की है।

आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस ने की बैठक

संभल/सिरसी, अमृत विचार : आगामी त्योहारों को लेकर सोमवार को हयातनगर व हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी सिरसी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। नगर पंचायत सिरसी पुलिस चौकी प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह ने आगामी त्यौहार दुर्गा पूजा, दहशरा, रामलीला को लेकर नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। वहीं हयातनगर थाना प्रभारी संत कुमार ने आगामी त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में आयोजकों व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक आयोजित की। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सिरसी कौसर अब्बास, चौधरी हसन, आरिफ, हसन, मेहंदी, मोहम्मद जुबैर . विमल सैनी, मीसम अब्बास आदि मौजूद रहे।

रावण-अंगद संवाद का भावपूर्ण मंचन

बनियाखेडा में रामलीला देख दर्शक हुए भाव विभोर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : थाना बनियाठेर के गांव बनियाखेडा में आयोजित रामलीला में कलाकारों ने रावण-अंगद संवाद व विभीषण शरणागति का भावपूर्ण मंचन किया। जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो गये।

श्री आदर्श युवक रामलीला समिति तत्वावधान में शिव मंदिर पर श्री रामलीला मंचन के 10वें दिन दिखाया गया कि विभीषण द्वारा लंका पति रावण को समझाएं जाने पर वह क्रोधित हो उठता है। और लात मार कर विभीषण को लंका से निष्कासित कर देता है। भाई के द्वारा पद प्रहार कर लंका से निष्कासित हुए विभीषण प्रभु श्री राम की शरण में जाते हैं। वहां श्री राम द्वारा समुद्र के जल से विभीषण का राज्याभिषेक कर लंका का राजा बनाने की घोषणा कर दी जाती है। तत्पश्चात युद्ध टालने के उद्देश्य से अंगद को लंकापति रावण के पास भेजा जाता है। वहां अंगद अहंकार में चूर रावण को समझाने का प्रयास करते हैं, लेकिन वह संधि करने को तैयार नहीं होता है, अपने राक्षसों के साहस और बल की प्रशंसा करने लगता है। सभा में अंगद अपना पांव जमा कर कहते हैं कि यदि कोई राक्षस मेरा पैर हिला देगा तो प्रभु श्री राम बिना युद्ध किए ही वापस लौट जाएंगे। रावण अपने योद्धाओं को अंगद का पैर उठाने का आदेश देता है, लेकिन मेघनाथ सहित कोई भी योद्धा वीर अंगद का पर नहीं हिला सका। अंत में रावण स्वयं अंगद का पैर उठाने आता है तभी अंगद पीछे हट जाते हैं। रावण से कहते हैं कि सेवक के पैर पकड़ने से कोई फायदा नहीं है। यदि भलाई चाहते हो तो प्रभु श्री राम के पैर पकड़ो। वह तुम्हें अवश्य ही क्षमा कर सकते हैं। रामलीला में कलाकारों का मंचन देख दर्शक आनंदित हुए। इस अवसर पर मूलचंद कश्यप, महेश मौर्या, लोकेश प्रजापति, निर्मल प्रजापति, ताराचंद मौर्य, मुलायम सिंह यादव, कमल सिंह प्रजापति, कपिल प्रजापति, गजेंद्र प्रजापति, सोमपाल सिंह, अनुज गिरी, देवेंद्र मौर्य, सुशील जैन आदि सहयोग रहा।

रामलीला में विभीषण शरणागति का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

श्रीराम लीला में दर्शकों ने देखा नारद मोह का मंचन

रजपुरा, अमृत विचार : कस्बा रजपुरा में श्रीराम लीला का शुभारंभ हो गया। कलाकारों ने नारद मोह की लीला के मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर पंचायत बबराला के चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गौरव यादव ने फीता काटकर श्रीराम लीला का शुभारंभ किया। पंडित शिव भक्त शर्मा ने विधि विधान से हनुमान चालीसा का पाठ कराया। जिसके बाद कलाकारों ने नारद मोह की लीला का मंचन किया। जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान प्रबंधक प्रदीप कुमार वार्ष्णेय, तरंग कंसल, बादल गोयल, अवनेश वार्ष्णेय, शैलेश वार्ष्णेय, पंकज गोयल आदि मौजूद रहे।

संभल के युवक की ग्रेटर नोएडा में करंट से मौत

संभल, अमृत विचार: ग्रेटर नोएडा में मकान के अंदर पेड़ों की छंटाई करते समय संभल के युवक की हाईटेंशन करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद युवक का शव परिजनों को सौंप दिया।

हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर चमारान निवासी रतन सिंह का 20 वर्षीय बेटा सौरभ आठ माह से ग्रेटर नोएडा में रहकर निजी अस्पताल में साफ सफाई का काम करता था। शुक्रवार को सौरभ मजदूरी पर किसी व्यक्ति के मकान के अंदर लगे पेड़ों की छंटाई करने गया था। यहां पेड़ों की छंटाई करते समय सौरभ ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और करंट से झुलसकर पेड़ से गिरकर घायल हो गया। मकान स्वामी ने आनन फानन में सौरभ को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया । रविवार की शाम पांच बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद सोमवार को युवक का शव परिजनों को सौंप दिया।

तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी।

हाथरस कांड पीड़ित के परिवार को शीघ्र दी जाए सहायता राशि

संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने हाथरस कांड को लेकर परिवार को घोषित सहायता राशि, सरकारी नौकरी नहीं मिलने पर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि 14 सितंबर 2020 को हाथरस जनपद के थाना चंदपा के एक गांव में वाल्मीकि परिवार की बेटी के साथ चार लोगों ने दुष्कर्म किया। 29 सितंबर को उपचार के दौरान पीड़िता ने दम तोड़ दिया। उस समय सरकार ने परिवार को सहायता देने की घोषणा की थी। मगर घटना के 4 वर्ष बाद भी सरकार की ओर से सहायता राशि पीड़ित परिवार को मुहैया नहीं कराई गई है। संघ के पदाधिकारियों ने मांग की है कि शीघ्र ही पीड़ित परिवार को सहायता दी जाए, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व अन्य शहर में आवास दिलाया जाए।

ज्ञापन देने वालों में सुभाष वाल्मीकि, संजय कुमार, दिनेश, रवि कुमार, अमरदीप, नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

कबड्डी में ढाढौल की टीमों ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : न्याय पंचायत कुढ़फतेहगढ़ व छाबड़ा में न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कुढ़फतेहगढ के कम्पोजिट विद्यालय में किया गया।

प्रतियोगिता का आरंभ ग्राम प्रधान के पति हरवीर सिंह व नोडल संकुल प्रभारी विवेक सक्सेना व छाबड़ा न्याय पंचायत में नोडल संकुल प्रभारी रिषभ सक्सेना ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। प्रतियोगिता में कुढ़ व दियौरा खास का दबदबा रहा। कुढ़फतेहगढ़ न्याय पंचायत के प्राथमिक बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में नीतू, बालिका वर्ग में ज्योति ने प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ सौरभ व बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में ज्योति ने प्रथम, छाबड़ा न्याय पंचायत में प्राथमिक बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में शुभ, 100 मीटर दौड़ में विवेक, 200 मीटर दौड़ में दीपक, बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में दीपांशी, 100 मीटर दौड़ राजनंदनी, 200 मीटर दौड़ में सृष्टि, उच्च प्राथमिक बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बाबी, 200 दौड़ में योगेंद्र, 400 मीटर दौड़ धर्मेंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक व बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में ढाढौल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अमित कुमार, श्याम लाल मौर्य, शिवराम कृष्ण, श्रद्धा शर्मा, पारुल शर्मा, सुनीता सागर, रीना यादव, अनुज कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, अरविंद कुमार, रवि कुमार, रितिका साहनी, अमित साहनी, खुशाल सिंह आदि मौजूद रहे।

क्रीड़ा प्रतियोगिता में लंबी कूद में प्रतिभाग करता छात्र। ● अमृत विचार

● न्याय पंचायत कुढ़फतेहगढ़ व छाबड़ा में हुईं खेल प्रतियोगिताएं

भाई की हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के बदायूं रोड स्थित पैराडाइज रेस्तरां के पास भतीजों पर भाई की हत्या करने की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस जानकारी कर वापस लौट गई। शिकायतकर्ता की ओर से लिखित में तहरीर नहीं दी गई। मामला भूमि से संबंधित बताया जा रहा है। सोमवार को पीआरबी को सूचना एक व्यक्ति ने सूचना दी कि जमीन के लालच में दो भतीजों ने उनके भाई हत्या की कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो रिश्तेदारों से जानकारी की। बताया गया कि एक व्यक्ति की मौत रविवार की सुबह हुई थी। जिसका अंतिम संस्कार की रस्म भी कर दी गई। उक्त मृतक व्यक्ति ने जीवित रहते हुए अपने हिस्से की भूमि दोनों भतीजों के नाम कर दी थी।

> एक व्यक्ति की हत्या करने की सूचना क्षेत्र की पीआरबी को मिली थी। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, तो रिश्तेदारों ने बताया कि शव का अंतिम संस्कार हो चुका है। शिकायतकर्ता की ओर से लिखित में कोई तहरीर नहीं मिली है।
>
> -मोहित कुमार काजला, प्रभारी थाना बनियाठेर

कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद

पत्रांक:- 1562/स्वी.अनु./धा.ख./परि.-ई-निविदा/2024-25 दिनांक: 30.09.2024

धान खरीद ई-टेण्डर विज्ञप्ति (परिवहन कार्य हेतु)

अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक- 3895/आ.वि.शा./हैण्ड. परि./परि.दर/359/2022 दिनांक 18.09.2024 के साथ संलग्न शासन के पत्र संख्या- 776/29-4-2024-385/19 दिनांक 18.09. 2024 द्वारा खरीफ विपण वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत परिवहन व अन्य बिन्दुओं के सम्बन्ध में राज्य स्तरीय समिति (एस.एल.सी.) की सम्पन्न 14 वीं बैठक में अन्य के साथ निम्नवत् निर्णय लिया गया है- ***After through consideration, the SLC reached a decision to revise the criteria pertaining to the necessity of possessing a commercially registered heavy commercial vehicle with the requisite carrying capacity, valid fitness and Insurance by the tenderer for a period of one year covering KMS 2024-25 and RMS 2025-26.*** जिसके अनुपालन में निम्न धान क्रय केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.	जनपद का नाम	क्रय संस्था का नाम	क्रय केन्द्र का नाम
01	मुरादाबाद	यू.पी.एस.एस.	जिला सहकारी संघ लि. एट ढकिया जुम्मा, पंचायत भवन।
02			यू.पी.एस.एस. मदनापुर, पंचायत भवन।

आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र., जवाहर भवन, लखनऊ के पत्रांक- 3098/मु.वि.अ./धा.ख.- नीति प्रस्ताव- I/2024-25 दिनांक 24.07.2024 के साथ संलग्न शासनादेश सं.- 553/29-4-2024/1831/2020 दिनांक 24.07.2024 के द्वारा खरीफ विपण वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय व्यवस्था संबंधी समय सारिणी में दिये गये निर्देशों तथा शासनादेश सं. 591/29-4-2023/4013 (99) /7/2022 दिनांक 16.05.2023, शासनादेश सं. 1215/29-4013(99)7/2022 दिनांक 15.09. 2022 शासनादेश सं.- 571/29-4-2023/4013(099)/7/2022 दिनांक 03.05.2023, शासन के पत्र संख्या 831/29-4-2023-385/19 दिनांक 25.07.2023 एवं अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग, उ.प्र. जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 3773/अ.वि.श./है.परि./परि.दर/ 359/2022 दिनांक 25.07.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल. सी.) की दनांक 10.07.2023 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त व अपर आयुक्त (विपणन), खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक- 3895/आ.वि.शा./हैण्ड.परि./परि.दर/359/2022 दिनांक 18.09.2024 के साथ संलग्न शासन के पत्र संख्या- 776/29-4-2024-385/19 दिनांक 18.09.2024 द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत परिवहन व अन्य बिन्दुओं के सम्बन्ध में राज्य स्तरीय समिति (एस.एल.सी.) की सम्पन्न 14वीं बैठक के आलोक में मुरादाबाद सम्भाग के जनपद मुरादाबाद में जिलाधिकारी महोदय, मुरादाबाद द्वारा अनुमोदित खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा नामित क्रय एजेन्सी (यू.पी.एस.एस.) के धान क्रय केन्द्रों से सम्बद्ध चावल मिलों तक तथा रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत सम्भावित गेहूं क्रय केन्द्रों को आधार मानते हुए गेहूं क्रय केन्द्रों से निर्धारित / सम्बद्ध भारतीय खाद्य निगम डिपो तक गेहूं के परिवहन कार्य हेतु एस.एल. सी. द्वारा अनुमोदित शेड्यूल दर के सापेक्ष ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

संलग्न सूची के अनुसार जनपद मुरादाबाद में क्रय-संस्था- यू.पी.एस.एस. के कुल 02 क्रय केन्द्रों (जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन अधीन) पर परिवहन कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत धान परिवहन कार्य हेतु एवं रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत गेहूं परिवहन कार्य हेतु ई-निविदाएं जनपदवार/ केन्द्रवार प्राप्त की जायेगी। शासनादेश सं.- 553/29-4-2024/1831/2020 दिनांक 24.07.2024 में निर्धारित व्यवस्थान्तर्गत क्रय केन्द्रों का चयन जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा। यदि जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तावित क्रय केन्द्रों में से किसी क्रय केन्द्र का चयन नहीं किया जाता है अथवा चयन के उपरान्त निरस्त किया जाता है तो क्रय केन्द्र हेतु डाली गयी समस्त परिवहन कार्य की निविदाएं निरस्त समझी जायेंगी अथवा निविदा सम्बन्धी आदेश स्वतः निरस्त समझा जायेगा। परिवहन कार्य हेतु एस.एल.सी. द्वारा निर्गत एस.ओ.आर. से 10 प्रतिशत कम से अधिक कम दर की निविदाएं स्वीकार नहीं की जायेंगी।

1. प्रति केन्द्र निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये- 500+90 =590/- (मात्र पांच सौ नब्बे रूपये, जी.एस.टी. सहित)।
2. प्रति केन्द्र धरोहर धनराशि रूपये- 15,000/- (मात्र पन्द्रह हजार रूपये।)
3. सम्भागीय वरिष्ठ लेखाधिकारी (खाद्य), मुरादाबाद, सम्भाग मुरादाबाद के खाता सं.- 34446938072 एवं आई.एफ.एस.सी. कोड- SBIN0000682 में आर.टी.जी.एस./ एन.ई.एफ.टी./ ऑनलाइन के माध्यम से जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ पृथक-पृथक निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि की स्कैन्ड कॉपी ऑनलाइन निविदा प्रपत्रों के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी।
4. निविदा अपलोड किये जाने की दिनांक 01.10.2024 के मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 07.10.2024 के मध्याहन 12:00 बजे तक तथा टेक्निकल बिड खोले जाने की दिनांक 07.10.2024 के अपराह् 02:00 बजे।
5. टेक्निकल बिड परीक्षणोपरान्त स्वीकार्य / अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की फाईनेंशियल बिड निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।
6. इच्छुक निविदादाता ऑनलाइन वेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं विभागीय वेबसाइट www.fcs.up.gov.in का अवलोकन करते रहें, चूंकि निविदा का विवरण एवं प्रपत्र, टेन्डर फार्म में नियम एवं शर्तें/ निविदा की शर्तें, निर्धारित प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं निविदा सम्बन्धी अन्य सम्बन्धित जानकारी तथा निविदा की किसी भी शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की जानकारी उक्त ऑनलाइन वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे व निविदा सूचना के अनुसार निविदा सम्बन्धी जानकारी ऑनलाइन/ऑफलाइन अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मुरादाबाद, सम्भाग, मुरादाबाद के पास सुरक्षित रहेगा।

सम्भागीय खाद्य नियंत्रक,
मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद

सार-संक्षेप

सड़क किनारे मिले बुजुर्ग की हुई शिनाख्त

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग के किनारे रविवार की देर शाम पुलिस चौकी के पास अज्ञात बुजुर्ग को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल भिजवाया था। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। सोमवार को दिल्ली से पहुंचे राजवीर ने बुजुर्ग की शिनाख्त बहजोई थाना क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर समसोई निवासी पिता खूब चंद्र 60 के रूप में की। राजवीर ने बताया कि पिता खूब चंद्र दिल्ली में साथ ही रहते थे और रविवार को दिल्ली से गांव आने के लिए बस में सवार हुए थे। कोतवाल अनुज कुमार तोमर ने बताया कि वह बस से चौधरी सराय उतर गया था। शराब पीने के बाद हालत बिगड़ी तो वह सड़क किनारे ही बेहोश होकर गिर गया।

महिला को झांसे में लेकर खाते से 31 हजार रुपये उड़ाए

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव छाबड़ा में फर्जी कॉल से महिला के खाते से 31416 रुपये कट गए। महिला ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। गांव छाबड़ा निवासी महिला सिमरन पत्नी नरेंद्र कुमार के मोबाइल पर 27 सितंबर की शाम कॉल आई। महिला ने कॉल रिसीव की तो दूसरी ओर बोल रहे व्यक्ति महिला का नाम, पति का नाम पूछा। इसके बाद आंगनबाड़ी से संबंधित बात की। इसके बाद दूसरी ओर से व्यक्ति ने कहा कि महिला के पुत्री को सरकार ने 11000 हजार रुपये की धनराशि भेजी है। इस पर महिला झांसे में गई और भेजे गए लिंक को खोल दिया। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने चार बार में महिला के खाते से 31416 रुपये उड़ा दिए। महिला ने रुपये कटने का मैसेज देखा, तो होश उड़ गए। घटना की शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई गई है।

दलित समाज के शोषण को छिपाने की हो रही कोशिश

संभल, अमृत विचार : असमोली विधानसभा क्षेत्र के गांव चिरौली भगवंतपुर में भीम आर्मी भारत एकता मिशन व आजाद समाज पार्टी की बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि भीम आर्मी के मंडल सचिव सुधीर कुमार सागर ने कहा कि भाजपा सरकार में दलित समाज पर शोषण व समाज के अधिकारों को छिपाने की कोशिश की जा रही है। इसे रोकने के लिए सभी को एक साथ रहकर सामना करना पड़ेगा। जिला संयोजक राजीव कुमार ने कहा कि लोगों को भीम आर्मी भारत एकता मिशन से जुड़ने की आवश्यकता है। जिससे ताकत और बढ़ेगी। बैठक में प्रेम सिंघानिया, राजेंद्र सिंह, हरनाम सिंह, पुरोहित्र, दीपक कुमार, अंकुश टिकता, अभिषेक कुमार, दीपक भारती, बॉबी भारती, अनिकेत भारती, गौरव, अमरजीत भारती, राकेश, सुभाष, रोहिताश, बलजीत सागर, जगराज, पीयूष, रतन भारती, शुभम कुमार, अरिहंत भारती आदि रहे। अध्यक्षता जिला संयोजक राजीव कुमार ने तथा संचालन दीपक कुमार ने किया।

सच्चे प्रेम से ही परमात्मा की प्राप्ति संभव

संभल, अमृत विचार : संभल विकासखंड क्षेत्र के गांव सिंहपुरसानी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक पंडित त्रिशान्त कृष्ण महाराज ने श्री कृष्ण लीलाओं का वर्णन सुनाया। कथा वाचक ने कहा कि धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव है। भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं में पूतना वध व मिट्टी खाने और गोवर्धन पर्वत की पूजा का प्रसंग सुनाया। कहा कि बाल सखाओं ने श्री कृष्ण के मिट्टी खाने की शिकायत मैया यशोदा से की। शिकायत को सुनकर छड़ी लेकर पहुंची यशोदा ने जैसे ही श्री कृष्ण का मुख खुलवाया। मैया यशोदा को श्री कृष्ण के मुख के अंदर संपूर्ण जगत विराजमान दिखाई दे जाता है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहेगा तो न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी और नारायण के रुप में मेरी पूजा करेगी। श्री कृष्ण की माया से यशोदा माता तुरन्त इस घटना को भूल गईं।

मेधावी बच्चों के साथ उनकी माताओं का किया सम्मान

चन्दौसी, अमृत विचार : साक्षी सेवा समिति स्टार की ओर से आवास विकास में मातृ व बाल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विभिन्न स्कूलों के बच्चों के रिजल्ट देखकर उनके अंकों के आधार पर उनकी माताओं को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा ने बताया कि बच्चों के पालन पोषण और उनकी शिक्षा में प्रथम गुरु के रुप में उनकी मां की मुख्य भूमिका होती है। इसके बाद अभीर, रुद्र उपाध्याय, अयान पालीवाल, वंशिका उपाध्याय, अवनि पाल, अक्षत मिश्रा, उन्नति अग्रवाल, आशी पाल, नव्या भारद्वाज, सृष्टि मौर्य, अंश शाक्या आदि बच्चों को सम्मानित किया।

बिजली के नए तार लगाने पहुंची टीम नोक-झोंक के बाद लौटी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

● जर्जर पोल के स्थान पर नए खंभे लगाने की मांग कर रहे थे लोग

अमृत विचार : गैस गोदाम रोड पर विद्युत विभाग की टीम विद्युत पोलों पर नए तार लगा रही थी। तभी आसपास के लोगों ने गले विद्युत पोलों के स्थान पर नए पोल लगाने की बात कही। लोगों की नाराजगी व कहासुनी के बाद टीम तार लेकर वापस लौट गई।

विद्युत विभाग की ओर से नए तार लगाने का कार्य किया जा रहा है। सोमवार की सुबह विद्युत विभाग की टीम गैस गोदाम रोड पर पहुंची और पोलों पर नए तार लगाने का कार्य आरंभ कर दिया। यह देख आसपास के लोगों के साथ महिलाएं भी आ गई। लोगों ने विद्युत कर्मचारियों से गैस गोदाम रोड पर लगे जर्जर विद्युत पोलों को बदल नए पोल लगाने की मांग की। कहा कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस पर विद्युत विभाग की टीम ने पोल बदलवाने का आश्वासन दिया। इस लोग नहीं माने और विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने भी शीघ्र जर्जर पोल के स्थान पर नए पोल लगाने का आश्वासन दिया। कुछ देर दोनों पक्षों में नोकझोंक हुई। इसके बाद टीम नए तार लेकर वापस लौट गई। इस दौरान उमेश सैनी, रमेश सैनी, भगवती सैनी, बाबू सैनी, ब्रजपाल सिंह, लाला, रामपाल सैनी, कीर्ति सैंनी, कन्हैया लाल, कुंदन लाल आदि मौजूद रहे। इस विषय में एसडीओ से जानकारी करनी चाही तो वह अवकाश पर थे। जबकि क्षेत्र के जेई अजय कुमार ने फोन नहीं उठाया।

बंदर के हमले में बालक की छत से गिरकर मौत

संभल/जुनावई, अमृत विचार: जुनावई थाना क्षेत्र में छत पर रोटी खा रहे 5 वर्षीय बालक की बंदर के हमले में छत से रास्ते में गिरकर मौत हो गई।

गांव असदपुर निवासी सुधीश की पत्नी बबीता रविवार की शाम 5 बजे छत पर रोटी बना रही थी। पास में ही सुधीश का 5 वर्षीय इकलौता बेटा विराट बैठा हुआ था। बबीता से खाने के लिए रोटी लेकर विराट छत की दूसरी तरफ चला गया। अचानक से छत पर बंदर आ गया और हाथ में रोटी देखकर बंदर ने बालक पर हमला कर दिया। बालक की चीख पुकार को सुनकर बबीता डंडा लेकर विराट को बचाने के लिए दौड़ी। लेकिन इससे पहले बबीता बंदर को भगाती। बंदर से डरकर विराट छत से नीचे रास्ते पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। परिजन उपचार के लिए बालक को लेकर इससे पहले जुनावई अस्पताल पहुंचते। रास्ते में ही विराट की मौत हो गई।

आत्म निर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता

चन्दौसी, अमृत विचार: एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से स्वच्छता सेवा अभियान के स्वच्छता पखवाड़ा के 14वें दिन आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। उसका आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका रानी अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्राचार्य ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मतलब है कि हम सब आत्म निर्भर बने। जिससे हमारा देश भी आत्मनिर्भर होगा। हमें सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक रूप से सक्षम होने की जरुरत है। इसके उपरांत आत्म निर्भर भारत शीर्ष पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें महक, मीनाक्षी यादव, रजनी, लक्ष्मी, फरीन, भावना आर्य, शिवानी, कमलेश, स्वाति आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी शीतल गहलोत, सोनम, आरती ओझा, विभा सिंह आदि मौजूद रहे।

एक नजर

भूमि पर अवैध कब्जे की डीआईजी से की शिकायत

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव भीमाठीकरी के 6 लोगों ने वन विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर भूमि पर कब्जा कर पेड़ काट लिए थे। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की थी। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब ग्रामीण ने डीआईजी को पत्र भेजकर शिकायत की है। शिकायतकर्ता पूरन का आरोप है कि आरोपियों ने वन विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत के चलते उन्होंने अवैध कब्जा कर रखा है।

एसडीएम को मिला ईओ का अतिरिक्त चार्ज

मंडी धनौरा, अमृत विचार : सोमवार को शासन के आदेश पर एसडीएम चंद्रकांता को नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज मिला है। नगर पालिका में ईओ के न होने से लोगों को परेशानी हो रही थी। अब एसडीएम को नगर पालिका की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

महिला को धमकी देने में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें उसने बताया था कि 21 अगस्त को गांव के ही मुनेश, उसकी पत्नी, भाई पर मामला दर्ज कराया था। इसके चलते वह उसे आए दिन धमकी देता रहता था। 22 सितंबर की सुबह करीब 9 बजे मुनेश ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से उसे धमकी भरे संदेश डाले गए। इसके बाद पीड़ित महिला ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी। इस पर आरोपी मुनेश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महिला की इंस्टाग्राम आईडी पर धमकी भरे संदेश भेजने के मामले में आरोपी मुनेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

दुकानदार को पीटा

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव शाहपुर खुर्द निवासी दुकानदार मदन शनिवार दोपहर अपनी परचून की दुकान पर बैठा था। तभी पड़ोसी पिता-पुत्र ने उस पर अपने खेत से ढेंचा चोरी करने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज की। मदन ने मना किया तो पिता-पुत्र ने उसकी पिटाई कर दी। सिर में सरिया लगने से वह घायल हो गया। उसे बचाने आई उसकी पत्नी आशा की भी पिटाई की। घायल कोतवाली पहुंचा और पुलिस को घटना के बारे में बताया। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण कराने के लिए भेज दिया है।

कृषि भूमि का बैनामा कराकर किए भूखंड, कार्रवाई से हड़कंप

अफगनान में अवैध निर्माण किया ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध रूप से किए गए भूखंड पर निर्माण को जेसीबी ध्वस्त कराया गया। पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई होने से भूमि के धंधेबाजों में हड़कंप मच गया।

यह मामला नगर के मोहल्ला अफगनान का है। यहां कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा करने के लिए धंधेबाजों ने अवैध भूखंड कर दिए। कब्रिस्तान के पास कृषि भूमि का कुछ लोगों ने बैनामा कराया लिया। इसकी आड़ में कब्रिस्तान की जमीन की बाउंड्री कराकर अवैध तरीके से प्लाटिंग शुरू कर दी। स्थानीय लोगों ने रविवार को बिना लेआउट पास कराए बिना की जा रही इस प्लाटिंग का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। जानकारी के बाद सोमवार को एसडीएम सदर सुधीर कुमार सिंह ने विनयमित क्षेत्र विभाग के जेई भानु प्रताप व राजस्व कर्मियों को मौके पर भेजकर अभिलेख की जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देश दिया। जेई व लेखपाल टीम को लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद जेसीबी से भूखंड पर किए अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया।

अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी।

खेत के पास से हो रहा अवैध खनन, दी तहरीर

आदमपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव चकफेरी निवासी रोहित ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें उसने बताया कि उसके खेत के पास तालाब है। 4 माह से तालाब से बालू रेत का अवैध खनन हो रहा है। लोगों ने खेत की मेड़ तक खनन कर दिया है। इस वजह से बारिश के पानी से खेत भर जाता है। इस संबंध में पुलिस को पहले भी तहरीर दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई है।

खेत में हाथ और पांव बांधकर युवती से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती को घर से बहला फुसलाकर ले जाने के बाद गन्ने के खेत में दुष्कर्म किया। खेत में युवती के हाथ-पांव भी बंधे मिले। इसका वीडियो वायरल होते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बताया गया कि 26 सितंबर की रात एक बजे युवती को युवक बहला फुसलाकर नहर के पास गन्ने के खेत में ले गया था। यहां युवती के साथ दुष्कर्म किया। घर में युवती के न होने पर उसकी मां ने आसपास के एक दो लोगों को बताया और उसकी तलाश की। इसके बाद घटना का पता चला। गन्ने के खेत में उसके हाथ-पैर बांध दिए। मुंह पर भी कपड़ा बांध दिया। इसके बाद तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों ने परिजनों या पुलिस से शिकायत करने पर युवती व उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी उसे खेत में छोड़कर भाग गए।

युवती ने परिजनों को आपबीती सुनाई। पीड़िता का भाई बाहर काम करता था, वह भी इस घटना की जानकारी पाकर घर पहुंचा। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि इस मामले में तहरीर पर आरोपी शहजाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सार संक्षेप

प्रमाण पत्र दिखाते विजेता विद्यार्थी। ● अमृत विचार

लेखन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हसनपुर, अमृत विचार : गोल्डन पेटल्स इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को छात्रों के लिए एक लेखन प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। चेयरमैन खुर्रम आजाद खान और वाइस प्रिंसिपल अफजल सिद्दीकी ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस दौरान शाने, आलम, चमन आदि उपस्थित रहे।

संवाद प्रतियोगिता में कोशिंद्र रहे प्रथम

गजरौला, अमृत विचार : शहर के रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में आत्मनिर्भर भारत विषय पर संवाद प्रतियोगिता में विधायक राजीव तरारा ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। प्रतियोगिता में 36 विद्यार्थियों ने अर्थव्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीकि पर प्रकाश डाला। इसमें कोशिंद्र कुमार प्रथम, दुर्गेश्वरी द्वितीय, तिनका तृतीय रहीं। इस दौरान प्राचार्य प्रो. एमए गौरी, डॉ. अजय कुमार, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. चन्द्रवीर सिंह, डॉ. नेहा अग्रवाल, प्रो. सीमा सिंह, डॉ. इंद्रदेव सिंह आदि रहे।

भाषण प्रतियोगिता में रूबीना ने मारी बाजी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर के वाईएमएस पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता में स्वयंसेवियों व छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उन्होंने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में रूबीना प्रथम, सदी द्वितीय व जाकिर अली तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को प्रोत्साहित किया।

विद्यालय में बच्चों का जन्मदिन मनाते शिक्षक। ● अमृत विचार

विद्यालय में 9 बच्चों का मनाया जन्मदिन

हसनपुर, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा खुर्द में माह सितंबर में पैदा होने वाले 9 बच्चों का केक काटकर सामूहिक रूप से जन्मदिन मनाया गया। प्रधानाध्यापक भूपेंद्र सिंह ने बच्चों को नशा मुक्त, स्वस्थ जीवन जीने की शपथ दिलाई। इस दौरान सहायक अध्यापक अभिषेक त्रिवेदी, संजीव कुमार, राजीव कुमार, ममता चौहान, हरेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान मोहित, शिवम, कलुवा, कमलेश, नन्हीं, बबीता, संतोष आदि रहे।

विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

हसनपुर, अमृत विचार : पतई खादर स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता भी हुई। प्रधानाध्यापक यशपाल सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राएं समाज का सहयोग करें। जिला उपाध्यक्ष गौरव नागर ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जरूरी टिप्स दिए। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक संदीप शर्मा, राजीव कुमार, नन्हे सिंह, आभा त्यागी, पूनम सैनी आदि रहे।

शहबाजपुर मार्ग पर दिखा तेंदुआ, वीडियो वायरल

गजरौला, अमृत विचार : शहबाजपुर मार्ग पर रविवार रात तेंदुआ दिखाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। कार सवार युवकों ने वीडियो बनकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन-विभाग के कर्मचारियों को दी। क्षेत्र में तेंदुए की दहशत है। बीते दिनों क्षेत्र के गांव धनौरी व खजूरी के पास तेंदुआ दिखाई दिया था। रविवार देर रात तेंदुआ नेशनल हाईवे किनारे गांव शहबाजपुर के मार्ग पर दिखाई दिया। यहां से गुजर रहे कार सवार युवकों ने तेंदुए का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जा रहा कि कार सवार युवकों के सामने कई मीटर दूर तक तेंदुआ सड़क पर चला और फिर एक खेत में चला गया। तेंदुए के दिखाई देने से ग्रामीणों के बीच दहशत है। वन विभाग के दरोगा राकेश कुमार ने बताया कि तेंदुआ दिखाई देने की सूचना मिली है। तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

विजेता छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

सैदनगली, अमृत विचार : प्रांतीय सांस्कृतिक महोत्सव प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सैदनगली के 41 छात्र-छात्राओं में से 25, आचार्य पत्र वाचन प्रतियोगिता में विद्यालय के आचार्य महेश पाल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय, प्रभा शंकर तिवारी हितेश शर्मा , सौरभ शर्मा ने विजयी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर महेश पाल यादव को भी सम्मानित किया।

कच्ची शराब बनाने पर रोक लगाने की मांग

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव रखेड़ा के लोग सोमवार को कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह से शिकायत कर गांव में कच्ची शराब बनाने पर पाबंदी लगाने की मांग की। ग्राम प्रधान मान सिंह ने बताया कि गांव में कच्ची शराब बनाई जा रही है। युवा शराब का सेवन कर घरों में महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं। कम उम्र के युवा मौत के मुंह में समा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ ग्राम प्रधान के नेतृत्व में लोगों ने कमेटी गठित की है। इसमें पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपील की है। कोतवाल ने बताया कि पुलिस ग्रामीणों के साथ है। जल्द ही शराब बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान वीर सिंह, महेश,वेद प्रकाश, लीला, गौरव, बालकिशन, सतवीर, मानसिंह, तेजपाल, राहुल, ब्रह्मपाल, बिजेंद्र, मनोज, अफसर अली आदि रहे।

ग्रामीणों को बताए आग बुझाने के तरीके

गजरौला, अमृत विचार : जुबिलेंट भरतीया फाउंडेशन एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं को आग बुझाने के तरीके बताए। गांव सकरथली में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में अग्निशमन केंद्र के एफएसओ कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आग के लगने से काफी नुकसान हो जाता है। हमें इस नुकसान से बचाना है। यह ध्यान रखना चाहिए कि जहां भोजन भंडार है, वहां आग बुझाने के लिए बाल्टी में रेत है या नहीं। अग्नि शमन यंत्रों की व्यवस्था और रसोई में वेंटिलेटर होना चाहिए। इस दौरान विशाल कुमार, बूंदी सिंह, नरेश कुमार, विपिन कुमार, निशांत कुमार, योगेंद्र सिंह, अरुण कुमार, हिमानी, चंद्रभान, वरुण, मधुरिमा, हेमलता, कल्पना गुप्ता, कल्पना शर्मा, वरुण व पूजा आदि मौजूद रहे।

चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई पर जताया विरोध

मंडी धनौरा, अमृत विचार : ब्लॉक परिसर में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन लोकहित की बैठक हुई। इसमें जिले में निजी चिकित्सको पर हो रही कार्रवाई का विरोध किया। जिलाध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने विद्युत निगम पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जनपद में आए दिन चेकिंग के नाम पर किसानों का शोषण किया जा रहा है। भाकियू के राष्ट्रीय सलाहकार कैलाश त्यागी ने कहा कि जनपद में निजी डॉक्टरों के खिलाफ छापामारी की जा रही है, उसे रोकने के लिए जब तक शासन की तरफ से गावों में पूर्ण व्यवस्था न की जाए, तब तक प्राइवेट मेडिकल एसोसिएशन को प्रताड़ित करने से रोका जाए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष डॉ. सतपाल सिंह, अतुल त्यागी, अनिल त्रिवेदी, राहुल गुर्जर आदि मौजूद रहे।

सैनी समाज की अनदेखी करने का आरोप

मंडी धनौरा, अमृत विचार : गांव लिसड़ी खुर्द में सोमवार को जन शक्ति दल की ओर से जनसंपर्क व सदस्यता अभियान चलाया गया। इसमें जन शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सैनी ने समाज की राजनीति में हिस्सेदारी को अनदेखा करने व भाजपा के हाथ ठगने की बात कही। कहा कि जनशक्ति दल आगामी विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगा। इस दौरान महान दल को छोड़ कर आए रतन सैनी, इदरीस अली, अनवार सैफी, सत्ते सैनी, गम्भीर सैनी, राकेश सैनी समेत सैंकड़ों लोगों ने जन शक्ति दल की सदस्यता ली।

गोली मारकर प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

आरोपी गिरफ्तार, एक दिन पहले कमरे के किराये को लेकर हुआ था विवाद

संवाददाता गजरौला (अमरोहा)

अमृत विचार : औद्योगिक नगरी में सोमवार सुबह पुलिस चौकी से 200 मीटर दूर प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी व सीओ ने घटनास्थल पर लोगों से पूछताछ की। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

विक्रम सिंह। (फाइल)।

क्षेत्र के गांव चकनवाला निवासी विक्रम सिंह (50) 10 वर्ष से गजरौला शहर के मोहल्ला मायापुरी में अपने मकान में रहते थे। वह नगर में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। बिजनौर जिले में शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव उमरा कलां निवासी अर्जुन उनके मकान में किराये पर रहता था। वह शहर में एक निजी फर्म में काम करता है। परिजनों ने बताया कि अर्जुन पांच माह से कमरे का किराया नहीं दे रहा था। इस बीच विक्रम ने उससे कमरे का किराया मांगा तो दोनों के बीच रविवार शाम कहासुनी हो गई थी। सोमवार सुबह 11 बजे बाइक पर सवार होकर विक्रम किसी काम से घर से निकले थे। इस बीच एफसीआई गोदाम के पास अर्जुन ने विक्रम को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल विक्रम सिंह को हायर सेंटर पहुंचाने की कोशिश की गई, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

लोगों से जानकारी लेते पुलिसकर्मी।

मौत के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

● बिजनौर जिले के गांव उमरा कलां का रहने वाला है आरोपी अर्जुन

घटना की जानकारी के बाद एएसपी राजीव कुमार सिंह, सीओ श्वेताभ भास्कर, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बीच पुलिस ने आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

आरोपी ने मारी 2 गोली

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार आरोपी अर्जुन ने विक्रम सिंह को रोका और उसने पहले गोली उनकी कमर में मार दी। जब विक्रम जमीन पर गिरे तो आरोपी ने इनके मुंह से तमंचा सटाकर दूसरी गोली मार दी। इससे उनकी मौत हो गई। तभी आरोपी भाग गया। लेकिन बाद में पुलिस ने उससे पकड़ लिया।

मेडिकल स्टोर संचालक पिता-पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज

अमरोहा, अमृत विचार : झोलाछापों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान नोडल अधिकारी डॉ. शरद कुमार ने एक मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। जहां दिल्ली की सरकारी दवाइयां मिलीं। इस मामले में तहरीर पर पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नोडल अधिकारी, औषधि निरीक्षक रुचि बंसल व एसडीएम ने कुछ दिन पहले शहर के मोहल्ला दानिशमंदान में मेडिकल स्टोर पर छापा मारा था। यह मेडिकल स्टोर मोहम्मद अनस के नाम से था। टीम ने वहां देखा तो एक अवैध रूप से अस्पताल भी संचालित हो रहा था। इसके बाद टीम ने मौके से दिल्ली सरकार की सरकारी दवाइयां भारी मात्रा में बरामद की थीं। इस पर मेडिकल स्टोर व अस्पताल को सील कर दिया था। अब नोडल अधिकारी की तहरीर पर पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। उधर, प्रशासन की कार्रवाई से निजी चिकित्सकों में खौफ है।

भगवान शिव की बरात में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

नगर में धूमधाम से निकाली गई भगवान शिव की बरात

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : रामलीला प्रबंध समिति मंदिर महादेव की ओर से सोमवार को भगवान शिव की बरात शहर के प्रमुख मार्गों पर धूमधाम से निकाली गई। इसमें शामिल झांकियां लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहीं।

इसका आरंभ गढ़ी मंदिर धर्मशाला से कृष्ण गोपाल अग्रवाल व महेंद्र अग्रवाल ने किया। इसके बाद बरात पुराना स्टेट बैंक चौराहा, अग्रसेन बाजार, हरदेव बाजार, कंचन बाजार होती हुई रामलीला मैदान पर जाकर संपन्न हुई। इसमें शामिल भगवान महादेव, विष्णु, ब्रह्मा व नारद की झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। कमेटी के अध्यक्ष अजय गोयल ने बताया शिव बरात के साथ ही रामलीला महोत्सव का आगाज हो चुका है। इस दौरान अशोक घरौटिया, सुबोध अग्रवाल, सुनील त्यागी, सुशील अग्रवाल, शंकर लाल सैनी, नरेंद्र जाटव, दिनेश आदि मौजूद रहे।

राम बरात में हनुमान होंगे मुख्य आकर्षण का केंद्र

डिडौली, अमृत विचार : जोया में 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली रामलीला से पहले सोमवार को भूमि पूजन किया गया। 5 अक्टूबर को निकालने वाली राम बरात में पहली बार बाहुबली हनुमान मुख्य आकर्षण केंद्र होंगे। इकौंदा रोड स्तिथ रामलीला मैदान पर पंडित विनय शर्मा ने वैदिक मंत्रों के साथ भूमि पूजन कराया गया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मयंक कुमार मोनू, राकेश त्यागी, विजय पांडेय, शुभम चोधरी, अतुल चौधरी, विपिन गुप्ता, अनिल त्यागी आदि मौजूद रहे।

हादसे में बाइक सवार घायल

हसनपुर, अमृत विचार : हसनपुर रोड स्थित सिहाली जागीर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। सोमवार को गजरौला के मोहल्ला मायापुरी निवासी प्रशांत अपनी बाइक लेकर हसनपुर किसी काम से गया था। यहां से वह घर जा रहा था। सिहाली जागीर के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे प्रशांत घायल हो गया। एंबुलेंस से उसे गजरौला के निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। लेकिन डॉक्टर ने उसे अमरोहा के लिए रेफर कर दिया।

भूमि के विवादों का कराएं निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने उप जिलाधिकारी सदर कार्यालय में बैठक की। इसमें भूमि से संबंधी विवाद, ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे से संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए एक माह अभियान चलाने पर जोर दिया।

एसडीएम और सीओ से अभियान चलाकर भूमि संबंधी शिकायतों का निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ होना चाहिए। जो लोग गरीबों की जमीन पर अवैध कब्जे कर रहे हैं, उन्हें चिह्नित किया जाए। 5 साल से अधिक लंबित मामलों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराएं। उधर, जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शारदीय नवरात्र, महाराजा अग्रसेन जयंती, रामलीला मंचन एवं दशहरा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए बैठक हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से तैयारी के संबंध में जानकारी ली। रामलीला जुलूस, शोभायात्रा आयोजकों ने बिजली, पानी, सफाई के संबंध में जानकारी ली।

एसडीएम और सीओ जुलूस वाले रास्तों का निरीक्षण करें। ईओ नगर पालिका और नगर पंचायत शहरी क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी, रामलीला आयोजन स्थलों पर अभियान चलाकर सफाई, एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराएं। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि नई परंपरा नहीं डालनी होगी।

झाड़ू लगातीं डीएम निधि गुप्ता वत्स, साथ में अन्य।

डीएम ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

अमरोहा, अमृत विचार : जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने गांव मखदुमपुर से पिंक सेलिब्रेशन-डे कार्यक्रम का आरंभ स्वच्छता ही सेवा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। प्राथमिक विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, ब्लॉक प्रमुख ने भी झाड़ू लगाई। महिलाओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वे स्वच्छता के विषय को अच्छे से समझ सकती हैं। इस दौरान उप जिलाधिकारी नौगांवा सादात, जिला पंचायत राज अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख अमरोहा गुरिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा | हथियाखेड़ा गांव के मां चामुंडा मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

श्रीकृष्ण जन्म का किया वर्णन, झांकी भी सजाई

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में मां चामुंडा मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथाव्यास ने देवकी के आठ संतानों की उत्पत्ति सहित श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कथा व्यास ब्रज रसिका संत श्याम प्रभु दास ने कथा का वर्णन कृष्ण जन्मोत्सव से प्रारंभ किया।

बताया कि मथुरा के दोनों भाग पर दो वंशों के राजा का राज था। पहले बिष्टवंश में दो भाई देवक व उग्रसेन हुए। देवक बड़े थे, उनका इकलौती पुत्री देवकी थीं, जो राजपाट छोटे भाई उग्रसेन को सौंपकर भगवान की पूजा करने चले गईं। उग्रसेन को एक पुत्र कंस हुआ। पिता को जेल में डाल कर राजा बन गया। दूसरे भाग पर यदुवंश का राज था। इसके राजा सुरसेन के 10 पुत्र थे। यदुवंश के बड़े पुत्र वासुदेव थे, वासुदेव के 17 विवाह हुए थे, 18वां विवाह देवकी से हुआ। इसके बाद कंस ने आकाशवाणी को सुनकर दोनों को जेल में डाल दिया।

भादोमास की रात को मथुरा जेल में अचानक अलौकिक प्रकाश फैलने लगा और माता देवकी के गर्भ से श्री कृष्ण का जन्म हुआ। वहां के समस्त बंदी मूर्छित हो गए और जेल के दरवाजे खुल गए आकाशवाणी सुनकर वासुदेव नन्हें बालक रूप में लेकर यमुना पार गोकुल नंद के घर पहुंचकर वहां से नवजात कन्या को लेकर वापस आए। सुबह होते ही गोकुल में नंद बाबा के घर बालक जन्म होने की बात पता चलते ही उत्सव मनाया जाने लगा।

इस दौरान भागवत में श्री कृष्ण की झांकी भी निकाली गई। भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनकर मौजूद भक्त भाव विभोर हो गए। इस मौके पर जगदीश ठेकेदार, प्रकाश सिंह, परम सिंह, ओम प्रकाश सिंह, चंद्रपाल सिंह, होते सिंह ,चेतराम सिंह, डोरी लाल,कलुआ सिंह, गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

श्रीमद् भागवत कथा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

बीएसडी एकेडमी के 3 छात्रों का स्पोर्ट्स स्कूल में चयन

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : नगर में अमरोहा रोड स्थित बीएसडी एकेडमी के 3 छात्रों का चयन स्पोर्ट्स स्कूल राई सोनीपत में हुआ है। यह जानकारी सोमवार को एकेडमी के प्रबंधक नितिन धारीवाल ने दी है।

चयनित छात्रों चरित्र सिंह, आर्यन चौहान व कार्तिक चौधरी शामिल हैं। प्रबंधक ने बताया कि स्पोर्ट्स स्कूल राई सोनीपत की पहली सूची में बीएसडी एकेडमी के 11 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ था। प्रबंधक व निदेशिका सुशीला धारीवाल ने मिठाई खिलाकर तीनों विद्यार्थियों को सम्मानित किया। निर्देशिका ने कहा कि बच्चों की मेहनत से एकेडमी का नाम पूरे प्रदेश में रोशन हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह सफलता की प्रथम सीढ़ी है।

चयनित छात्रों के साथ प्रबंधक व निदेशिका।

तांत्रिक को महिला के साथ संदिग्ध हालात में पकड़ा

गजरौला, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव में तांत्रिक किराये पर कमरा लेकर रहता था। दो दिन पहले गुरुग्राम का एक परिवार तांत्रिक क्रिया करने के लिए अपने परिवार की महिला को तांत्रिक के कमरे पर छोड़कर चला गया था। मामले की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने रात में तांत्रिक के कमरे में खिड़की से देखा। अंदर तांत्रिक महिला के साथ संदिग्ध हालात में पकड़ा गया। ग्रामीणों ने घटना का वीडियो बनाया।

पेट्रोलियम पदार्थों की तस्करी में होगी कड़ी कार्रवाई

चन्दौली से मथुरा तक पाइप लाइन की सुरक्षा को लेकर तेज होगी गश्त, डीजीपी ने दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: रेलवे लाइन पर बढ़ती घटनाओं के बाद पेट्रोलियम पदार्थो की पाइप लाइन से हो रही चोरी या तस्करी की वारदातों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश पुलिस अब कानून को सख्ती से लागू करने जा रही है।

इस तरह की घटनाओं में आरोपियों के खिलाफ भारत सरकार ने पेट्रोलियम एण्ड मिनरल पाइप लाइन ट्रान्सपोर्ट एक्ट 1962, धारा 15 व 16 में संशोधन कर पूर्व में उसे और सख्त बनाया था। पाइप लाइन से छेड़छाड़ और तेल चोरी या तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस अब इसी एक्ट के तहत ऐसी कानूनी कार्रवाई करेगी जो आरोपियों को अदालत में आजीवन कारावास और फांसी तक की सजा दिला सकती है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जोनल के एडीजी और परिक्षेत्र के आईजी के साथ बैठक कर इस तरह की वारदातों को रोकने और आरोपियों पर सख्ती करने के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि मथुरा रिफाइनरी व कानपुर पेट्रोलियम डिपो के क्षेत्रों में बड़े स्तर पर तेल माफिया पनप रहे हैं, जो पाइप लाइनों को क्षतिग्रस्त कर पेट्रोलियम उत्पादों की चोरी करते हैं। इससे जहां एक ओर राष्ट्रीय क्षति होती है वहीं दूसरी तरफ व्यापक अग्निकांड से जनजीवन को खतरा होने की आंशका रहती है। पिछले दिनों इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस मुख्यालय में डीजीपी प्रशांत कुमार ने महत्वपूर्ण बैठक की थी।

- आजीवन कारावास और फांसी तक की हो सकती है सजा

> पुलिस मुख्यालय में सुरक्षा एवं मानव संसाधन इण्डियन ऑयल कारपोरेशन के अधिकारियों के साथ पेट्रोलियम पदार्थो की चोरी रोकने के संबंध में बैठक हुई थी। प्रदेश के सभी जोनल एडीजी, रेन्ज के आईजी, जीआरपी और पुलिस कमिश्नरेट के अफसरों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं।
> **– प्रशान्त कुमार, डीजीपी।**

> इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन सम्पूर्ण भारत को पेट्रोलियम पदार्थ एवं गैस उपलब्ध कराने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। जिन स्थानों से इण्डियन ऑयल कारपोरेशन की पाइप लाइन गुजरी है, वहां की सुरक्षा प्रदान करने में आम नागरिकों से भी सहयोग की अपेक्षा है।**– अनिल कुमार सिंह सुरक्षा प्रमुख, इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड**

दिल्ली और लखनऊ से आये अधिकारियों ने डीजीपी को अवगत कराया कि बिहार से चलकर चन्दौली, मिर्जापुर, गाजीपुर, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर और मथुरा जाने वाली पेट्रोलियम पाइप लाइन की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों ने बैठक में पाइप लाइन से पेट्रोलियम पदार्थो की तस्करी को रोकने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने को लेकर आग्रह किया था। डीजीपी प्रशान्त कुमार ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक कर उक्त घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

टैंक की सफाई को उतरे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत

बाराबंकी, अमृत विचार : देवा मार्ग पर स्थित मुर्गी दाना और राइस ब्रान बनाने वाली फैक्ट्री के भूमिगत डीजल टैंक में उतरे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि तीन अन्य श्रमिकों को लोगों ने सकुशल निकाल लिया। हादसा देवा मार्ग पर जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भटेहटा स्थित गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ। इस कारखाना परिसर में एक ओर राइस मिल तो कुछ ही दूरी पर मुर्गी दाना बनाने का भी प्लांट है। शाम करीब पांच बजे कारखाने में डीजल का टैंकर आया था। भूमिगत टैंक में डीजल डालने से पहले उसकी सफाई के लिए कहा गया। इस काम के लिए मजदूर लगाए गए थे। इनमें से तीन की दम घुटने से मौत हो गई।

लेखपालों को दौड़ाकर पीटा, अभिलेख छीने

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- एसडीएम, सीओ, जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने मारपीट

अमृत विचार : थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम उखरा में 28 सितंबर को प्रशासन ने जेसीबी से अवैध रूप से बने 18 मकानों को ढहा दिया था। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम जांच करने गांव पहुंची तो जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, सीओ तथा एसडीएम की मौजूदगी में गांव वालों ने लेखपालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनसे सरकारी अभिलेख भी छीनकर फाड़ दिए।

ग्राम उखरा में पंचायत की भूमि पर 18 लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बनवा लिए थे। राजस्व एवं पुलिस प्रशासन ने 28 सितंबर को इन मकानों पर जेसीबी चलवा दी थी। इससे गांववाले नाराज थे। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव, एसडीएम कायमगंज रविन्द्र सिंह, सीओ मोहम्मदाबाद अनिल कुमार लेखपालों के साथ गांव उखरा पहुंचे। मोनिका यादव व नरेंद्र सिंह यादव गांव वालों से बातचीत कर रहे थे कि तभी गांव वालों ने राजस्व टीम पर हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने दो लेखपालों रुद्र प्रताप सिंह और सौरभ पांडे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। लेखपालों की पिटाई की सूचना पर दर्जनों लेखपाल थाना नवाबगंज पहुंच गए और कार्रवाई की मांग पर धरने पर बैठ गए। इस संबंध में एसडीएम कायमगंज रविन्द्र सिंह ने बताया कि उनके सामने लेखपालों पर जानलेवा हमला किया गया है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-मस्जिद विवाद की सुनवाई 16 अक्टूबर को

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की री कॉल अर्जी पर हिंदू पक्ष की ओर से जवाब दाखिल किए जाने की जानकारी दी गई। कोर्ट ने ईमेल भी सुलभ कराया, जिस पर पक्षकार जवाब दाखिल कर सकते हैं। लगभग आधे घंटे तक चली सुनवाई के दौरान मस्जिद कमेटी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता श्रीमती तस्नीम अहमदी ने कोर्ट को बताया कि मामले से संबंधित पैरोकार तनवीर अहमद की मां का देहांत हो गया है, इसलिए उन्होंने 5 अक्टूबर के बाद की कोई तिथि सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। मामले की अग्रिम सुनवाई 16 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध की गई है।

विवाह-विच्छेद का आधार नहीं पारिवारिक कलह

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विवाह- विच्छेद के एक मामले में क्रूरता के आरोपों को अस्वीकार करते हुए कहा कि केवल पारिवारिक कलह को विवाह-विच्छेद के लिए क्रूरता की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है।

कोर्ट ने आगे कहा कि पारिवारिक सदस्यों के बीच मनमुटाव और झगड़े को पारिवारिक कलह की संज्ञा ही दी जाएगी, जो किसी भी तरह क्रूरता के कृत्य की डिग्री या स्थिति को नहीं दर्शाता है, जिसके आधार पर विवाह-विच्छेद हो सके।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने प्रधान न्यायाधीश, बागपत के आदेश को रद्द कर पत्नी द्वारा दाखिल अपील स्वीकार करते हुए पारित किया। दरअसल पति द्वारा लगाए गए क्रूरता के आरोपों को स्वीकार करते हुए ट्रायल कोर्ट ने पक्षकारों के बीच विवाह भंग कर दिया, जिसे पत्नी ने परिवार न्यायालय अधिनियम,1984 की धारा 19 के तहत चुनौती दी। पति ने आरोप लगाया था कि पत्नी ने अपनी सास तथा कुछ अन्य करीबी रिश्तेदारों के प्रति बहुत क्रूर व्यवहार करते हुए उन पर अपने परिवार वालों से हमला करवाया। मामले पर विचार करते हुए कोर्ट ने पाया कि विपक्षी/पति ने क्रूरता के आरोपों को सिद्ध करने के लिए कोई उचित साक्ष्य रिकॉर्ड पर प्रस्तुत नहीं किया था। उसे अवसर दिए जाने के बावजूद केवल मौखिक साक्ष्य द्वारा ही घटनाओं के तथ्यों को प्रस्तुत करने की कोशिश की गई, जिस पर ट्रायल कोर्ट को विश्वास नहीं करना चाहिए था।

यागी तूफान : घाघरा, राप्ति और गंगा उफान पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भारी बरसात के चलते उप्र. के कई जिलों में आम जन जीवन अस्त व्यस्त
- गोरखपुर में राप्ती, बहराइच में घाघरा और उन्नाव में गंगा का जलस्तर चढ़ता जा रहा

अमृत विचार: बाढ़ और बारिश के चलते उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में जनजीवन बेहाल है। प्रदेश के 11 जिले में सबसे अधिक बाढ़ की चपेट में है। बाढ़ नियंत्रण और लोगों तक राहत एवं बचाव सामग्री पहुंचाने के लिए सरकार के स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दरअसल, यागी तूफान और नेपाल के छूटे पानी के कारण घाघरा, राप्ति, गंगा उफान पर हैं।

गोरखपुर में राप्ती, बहराइच में घाघरा और उन्नाव में गंगा का जलस्तर चढ़ता जा रहा है। राहत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 10 लोगों की मौत हुई है। पूर्वांचल समेत पड़ोसी देश नेपाल में पिछले 36 घंटे से मूसलाधार बारिश के चलते नेपाल ने लगभग छह लाख क्यूसेक छोड़ा है, जिसके बाद नेपाल से बहने वाली तमाम नदियां उफान पर हैं।

यागी तूफान के प्रभाव के कारण बीते दिनों उप्र. के कई जिलो में लगभग चार दिन लगातार तेज बारिश हुई थी। इसके चलते नदियां उफान पर हैं। संतकबीरनगर जिले में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद घाघरा नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया है। इसके अलावा उन्नाव में भी गंगा नदी चढाव़ पर है।

नेपाल की कोसी नदी के उफान पर होने के कारण बहराइच में घाघरा नदी का भी जलस्तर बढ़ने लगा है। यहां सुजौली क्षेत्र के गुप्तापुरवा गांव को घाघरा नदी ने अपनी चपेट में ले लिया है, जिसके चलते गांव का अस्तित्व लगभग पूरा खत्म हो गया है। बेघर ग्रामीण सरयू नहर के किनारे पंचायत भवन और सरकारी स्कूल में शरण ले रहे हैं। बस्ती तक भीषण बाढ़ जैसे हालात

गोरखपुर से बस्ती तक भीषण बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक दिन में इस इलाके में तीन लोगों की मौत का मामला सामने आया है। सिद्धार्थनगर में भी बाढ़ जैसे हालात बने होने की बात सामने आई है। श्रावस्ती में तो बाढ़ के कारण सड़कों पर इस कदर जलभराव है कि लोग नाव से आवाजाही करने को मजबूर हैं। कुशीनगर में बाढ़ से खराब हालात के बीच लोगों का दिन बांधों पर गुजर रहा है।

सार-संक्षेप

श्याम बिहारी गुप्ता बने प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष

लखनऊ, अमृत विचार : झांसी के श्याम बिहारी गुप्ता को उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही, कुशीनगर के जसवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह व बस्ती के महेश कुमार शुक्ल को आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा मुरादाबाद के दीपक गोयल, महोबा के राजेश सिंह सेंगर व फिरोज़ाबाद के रमाकांन्त उपाध्याय को सदस्य नामित किया गया हैं। पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के रविंद्र नायक ने इस संबंध में आदेश जारी किए। आदेश के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से एक साल के लिए रहेगा। आयोग में करीब ढाई साल से सभी पद खाली पड़े हुए थे। राज्य सरकार ने अब नियुक्ति की है।

राहुल गांधी की नागरिकता मामले की सुनवायी 24 को

लखनऊ, विधि संवाददाता। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में राहुल गांधी की नागरिकता के कथित विवाद पर दाखिल याचिका पर अगली सुनवायी 24 अक्टूबर को होगी। केंद्र सरकार की ओर से सोमवार को न्यायालय को बताया गया कि याची द्वारा इस विवाद मामले में सिटिजनशिप एक्ट के तहत की गयी शिकायत सक्षम प्राधिकारी को प्राप्त हो गयी है। हांलाकि केंद्र सरकार के डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडेय ने कहा कि उन्हें अभी सिर्फ मौखिक निर्देश ही मिले है और प्रत्यावेदन पर कृत कार्यवाही के बारे में लिखित निर्देश के लिए और समय चाहिए। इस पर न्यायालय ने मामले में अगली सुनवायी के लिए 24 अक्टूबर की तिथि नियत कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने कर्नाटक के एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया है। याची की ओर से दलील दी गई कि उसके पास तमाम दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ई-मेल हैं जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी एक ब्रिटिश नागरिक हैं और इस कारण से वह चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं तथा लोकसभा सदस्य का पद नहीं धारण कर सकते।

धर्म दर्शन

शक्ति तत्व और उसका महत्व

महाशक्ति ही परब्रह्म परमात्मा हैं। इन्हीं की शक्ति से ब्रह्मा, विष्णु, महेश क्रमशः सृजन पालन व संहार का कार्य करते हैं। श्रीदुर्गा सप्तशती में ब्रह्मा जी ने मधु कैटभ नामक दैत्यों से अपनी रक्षा के लिए योगनिद्रा का आवाहन करते हुए कहा है मुझको, भगवान शंकर और विष्णु को भी तुमने ही शरीर धारण कराया है। अतः तुम्हारी स्तुति करने की शक्ति किसमें है। नवदुर्गा, दस महाविद्या, अन्नपूर्णा, भुवनेश्वरी काली, तारा, बगुला, त्रिपुरा आदि सब इन्हीं के रूप हैं। हमारे ऋषियों द्वारा सर्वव्यापी चेतनसत्ता अर्थात अपने उपास्य की उपासना मातृ-पितृ रूप से तथा स्वामी रूप से अपनी भावना व श्रद्धा के अनुरूप की गई है। संसार में सभी प्राणियों के लिए माता ही सबकी आदिगुरु हैं। इसीलिए "मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव" मंत्र में सर्वप्रथम माता को ही स्थान दिया गया है। समस्त विश्व महाशक्ति का ही विलास है। भवानी की स्तुति करते हुए आचार्य शंकर ने कहा है, अपर्णैका सेव्या जगति सकलैर्यत् परिवृत्तः।/ पुराणोऽपि स्थाणुः फलति किल कैवल्यपदवीम्।।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

संसार में लोग अनेक प्रकार के गुणों से युक्त पत्ते वाली लता का विविध प्रकार से सेवन करते हैं, परंतु मेरा तो मत है कि इस संसार में सब लोगों को अपर्णा (पार्वती जी) का ही सेवन करना चाहिए, जिनके संसर्ग से स्थाणु अर्थात पुराना ठूंठ-संसार के आदि कारण निर्विकार निराकार देवाधिदेव महादेव भी मोक्षरूपी फल देने लगते हैं। तात्पर्य यह है कि सदाशिव के नाम से प्रसिद्ध निर्गुण परमात्मा सर्वथा क्रिया शून्य होने के कारण स्वयं कोई फल देने में असमर्थ हैं। जब यह शिव शक्ति से समन्वित हो जाते हैं अर्थात शक्ति संपन्न होकर सगुण एवं सक्रिय रूप में आते हैं, तभी वे मोक्ष आदि फल प्रदान करने में समर्थ होते हैं। शक्ति उपासना हमारे समाज में वैदिक काल से ही प्रचलित है। श्री दुर्गासप्तशती में उद्धृत अथर्व शीर्ष के रूप में वर्णित देवी मंत्र इसका प्रमाण है। अथर्व शीर्ष शब्द का अर्थ है वह मंत्र,जो अथर्ववेद का शीर्ष अर्थात सर्वोच्च मंत्र है। देवी कहती हैं, अहम् ब्रह्मस्वरूपिणी। मत्तः प्रकृतिपुरुषात्मकं जगत्। शून्यं चाशून्यं च। अहमखिलं जगत्।। प्रसंग के अनुसार सभी देवता देवी के समीप गए और नम्रता से पूछने लगे हे महादेवि आप कौन हैं? देवी ने मैं ब्रह्म स्वरूप हूं। मुझसे प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ है। यह सारा दृश्य जगत मैं ही हूं। जगत की सृष्टि, पालन व संहार रूपी तीनों कार्य क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु व महेश द्वारा किए जाते हैं।

ब्रह्माजी की शक्ति जिससे सृष्टि होती है वह महासरस्वती हैं, विष्णुशक्ति जो पालन करती व कराती हैं महालक्ष्मी हैं और रुद्रशक्ति, जिससे संहार होता है, उनका नाम महाकाली है। इन तीनों महाशक्तियों के कार्य में कोई अंतर्विरोध नहीं है, यह सभी परस्पर सहायक हैं। संहार, संहार के उपरांत सृष्टि, सृष्टि के क्रम में उसकी पालना और फिर संहार यही क्रम चलता रहता है। संहार के लिए बल, पालन के लिए धन व सृष्टि के लिए बुद्धि की आवश्यकता होती है। अपने-अपने कर्म के अनुरूप महाकाली,महालक्ष्मी एवं महासरस्वती क्रमशः शक्ति, स्वर्ण व विद्या की अधिष्ठात्री देवियां हैं। इसीलिए उनका रंग क्रमशः काला, पीला एवं सफेद बताया गया है, जहां तक सार्थक उपासना का प्रश्न है, विद्वानों के मतानुसार शक्ति एवं शक्तिमान की उपासना एक है।

महादेवी मां दुर्गा: शास्त्रीय परिबोध

मां दुर्गा का प्राचीनतम उल्लेख सर्वप्रथम महाभारत में हुआ है। वनवास अवधि में अज्ञातवास के लिए विराट नगर में प्रवेश के पूर्व युधिष्ठिर ने त्रिभुवन की अधीश्वरी, जगजननी देवी दुर्गा की स्तुति की थी और प्रसन्न देवी ने युधिष्ठिर को प्रत्यक्ष दर्शन एवं वरदान दिया था। कुरुक्षेत्र में महासमर के प्रारंभ के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की प्रेरणा से अर्जुन ने इनकी स्तुति की थी और महादेवी ने अंतरिक्ष में स्थित होकर पार्थ को विजय का वरदान दिया था। (भीष्म पर्व,23/4/19) अर्जुन कृत इस दुर्गा स्तोत्र की महिमा का अंकन भी इसी 23 वें अध्याय के श्लोकों 22-25 में हुआ है। इसी में अन्यत्र कृष्ण भगवान से संबंधित कथा में उनको भगवान शिव की पत्नी उमा बताते हुए उनको वेद, वेदांत, सुचरित्रता आदि सर्वगुण संपन्ना कहा गया है, किंतु यहां वह अन्य संदर्भों की भांति 'कुमारी' नहीं हैं। मार्कण्डेय पुराण के 'देवी महात्म्य' में दुर्गा देवी को ही काली, लक्ष्मी और सरस्वती का अवतार कहा गया है। दुर्गम दुर्ग असुर का वध करने के कारण ही यह "दुर्गा" कहलाईं। उक्त असुर ने भारी तपकर ब्रह्मदेव से वर प्राप्त कर वेदों को चुरा लिया था। फलस्वरूप सभी यज्ञादिकर्म बंद हो गए। पृथ्वी अनावृष्टि और अकाल से त्राहि-त्राहि कर उठी। देवों तथा ऋषियों की करुण पुकार पर देवी ने शताक्षी रूप धारण कर दुर्गम का वधकर वेदों को मुक्त किया।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

दुर्गाजी की प्रतिमा का अंकन शक्ति के प्रतीक के रूप में हुआ है। अत्यंत सुंदरी (या त्रिपुर सुंदरी),परंतु अनंत शक्ति धारिणी सिंह वाहिनी कभी अष्टभुजी तो कहीं दशभुजी तो कहीं अठारह भुजाओं वाली विभिन्न आयुध धारिणी प्रदर्शित हैं। ब्रह्मदेव के ही वरदान से देवताओं, ऋषियों सहित संपूर्ण सृष्टि के लिए घोर उत्पीड़क महिषासुर के वध के लिए आदिशक्ति माता ने महिष का वधकर महिषासुर मर्दिनी का संबोधन प्राप्त किया। त्रिगुणात्मिका, चामुंडा, शाकंभरी, सती, महालक्ष्मी, काली, पार्वती, गौरी, कालिका, मातृका, त्रिपुरा, योगीश्वरी, चर्चिता, छिन्नमस्ता, चंडिका, सिद्ध-अंबिका आदि नामों से इनके विभिन्न स्वरूपों तथा अवतारों का विस्तृत विवरण यत्र-तत्र उपलब्ध है।

वर्ग पहेली-208

बाएं से दाएं

4. 1. रमणीय, सुंदर, मनोहर 2. मोहक, प्रिय 3. सुखद, रुचिकर।
6. 1. शरीर या मन की स्थिति, मिज़ाज 2. चित्त, मन, जी, हृदय 3. स्वास्थ्य, सेहत 4. मनोवृत्ति, भावना, करवाचौथ
8. 1. रहने की क्रिया, भाव या ढंग 2. सुख एवं शांतिपूर्वक रहने की अवस्था या भाव 3. आराम, सुख, चैन।

ऊपर से नीचे

1. 1. एक फली जो सब्ज़ी या अचार बनाने के काम आती है, लोबिया 2. अजगर।
2. 1. जो वंचित किया गया हो, अलग किया गया, रहित 2. छला गया, ठगा गया।
3. नामवाला, ख्यातिप्राप्त, सुप्रसिद्ध, नामवर।
5. विश्वास, भरोसा।
7. 1. किसी को छल से किसी मंडली



वर्ग पहेली -207 का हल

	1 ज		2 दु	कू	ल
	मो		वि		
3 यु	ग	वि	धा	थी	
			ही		
	4 ल	ख	न	5 वी	
	ड़			थी	
6 वि	ना	य	क		

सुडोकू -121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				9	7		2	5
4		2		3				
6		5			2	1		7
			4	2			7	
		9				5		
	3			1	8			
5		1	9			7		3
				5		2		8
7	8		2	6				

सुडोकू - 120 का हल

7	8	6	5	4	1	2	3	9
1	3	5	8	9	2	6	7	4
2	4	9	6	3	7	8	5	1
6	9	4	3	7	8	5	1	2
8	5	1	9	2	6	7	4	3
3	2	7	1	5	4	9	6	8
4	7	3	2	6	9	1	8	5
5	1	2	7	8	3	4	9	6
9	6	8	4	1	5	3	2	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 21.39 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग

दिशाशूल–उत्तर। **ऋतु**–शरद।
चन्द्रबल– मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–पूर्वाफाल्गुनी 09.16 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

मेष – आज घर का वातावरण काफी सुखद रहने वाला है। घर के बुजुर्गों से सहयोग मिलेगा। धार्मिक स्थल में जाने का विचार बनेगा। जीवनसाथी को आप उपहार दे सकते हैं। संतान के व्यवहार से आपका मन गदगद हो जाएगा।

वृष – आज आपका मन अशांत हो सकता है। सिरदर्द और माइग्रेन के रोगियों के लिए दिन शुभ नहीं है। किसी वाहन में खराबी आने की आशंका है। दूसरों की नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। बुरे विचार आपको परेशान कर सकते हैं।

मिथुन – आज आपको प्रेमी जन से बड़ा उपहार मिल सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर एकाग्र रहेंगे। व्यवसाय में मित्रों का सहयोग ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप किसी महत्वपूर्ण कार्य में फंसे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

कर्क – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कुछ लोग आपके काम को लेकर टोका-टाकी कर सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में दुविधापूर्ण स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। पारिवारिक जीवन बहुत ही सुखदायक रहने वाला है।

सिंह – आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। बड़े प्रोजेक्ट्स में आप निवेश कर सकते हैं। विपरीत लिंग के लोगों के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है। युवा अपने करियर को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

कन्या – आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाना चाहेंगे। आंखों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। परिवार जनों के साथ आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। आपका मनोबल थोड़ा कमजोर हो सकता है। असंयमित भोजन के कारण आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा।

तुला – आज आपके जनसंपर्क में वृद्धि होगी। आपकी कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पैतृक कारोबार में धन लाभ होगा। विदेशी भूमि से आपको धन लाभ मिल सकता है। व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। परिवार का वातावरण सुखद रहेगा।

वृश्चिक – आज नया रोजगार शुरू कर सकते हैं। शेयर मार्केट में किया गया पूर्व निवेश से लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना बन रही है। लोग स्वार्थवश आपसे संपर्क में रहना चाहेंगे।

धनु – आज बच्चों की शिक्षा को लेकर आप काफी ध्यान देंगे। दांपत्य संबंध काफी प्रगाढ़ रहने वाले हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। आपके कार्य अपेक्षाकृत देरी से पूरे होंगे। आपकी उपलब्धियों से आपके सीनियर्स काफी प्रसन्न रहेंगे।

मकर – आज अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। वर्तमान वातावरण को लेकर आपको अपना ध्यान रखना चाहिए। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी संबंधी समस्या हो सकती है। आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। किसी भी काम में ज्यादा मन नहीं लगा पाएंगे।

कुंभ – आज प्रेम संबंधों को लेकर दिन बेहद शुभ है। मन में परोपकार की भावना रहेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आलस्य से आपको बचना चाहिए।

मीन – आज सरकारी कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। लोग आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। साझेदारी वाले व्यापार में आपको धन लाभ होगा। अति महत्वपूर्ण कार्यों को आप समय पर पूरा करेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जय लव कुश – सुबह : 09.15
- राम लखन – रात : 07.11

SONY PIX
- रैमपेज – दोपहर : 12.01
- एंजेल हैज फॉलेन – रात : 09.00

SONY MAX
- मिशन कश्मीर – सुबह : 11.00
- एन एक्शन हीरो – रात : 09.00

ZEE CINEMA
- खूंखार – सुबह : 11.06
- सिरीवेन्नेला – शाम : 05.44

ZEE ACTION
- वर्दी – सुबह : 11.24
- गुमराह – रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 09.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली– तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी –पांच साल
बिल्ली–लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी–आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली– 25 साल
हाथी– लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली– झंडू केसरी जीवन, बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला– मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति– बस एक
बीवी– हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

बाजार	संसेक्स	निफ्टी
बंद हुआ	84,299.78	25,810.85
गिरावट	1272.07	368.10
प्रतिशत में	1.49	1.41

एक नजर

विनिर्माण उद्योगों में रोजगार 7.5% बढ़कर 1.85 करोड़ पर

नई दिल्ली। विनिर्माण उद्योगों में कार्यरत व्यक्तियों की संख्या 2022-23 में 7.5% बढ़कर 1.85 करोड़ हो गई, जो पिछले वर्ष 1.72 करोड़ थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा है इस क्षेत्र में व्यक्तियों की अनुमानित संख्या महामारी से पहले के मुकाबले 22.14 लाख अधिक थी।

राजकोषीय घाटा पूरे साल के लक्ष्य का 27 प्रतिशत

नई दिल्ली। चालू वित वर्ष के पहले पांच महीनों अप्रैल-अगस्त में केंद्र का राजकोषीय घाटा पूरे साल के लक्ष्य का 27% रहा। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) के अनुसार राजकोषीय घाटा (व्यय व राजस्व के बीच का अंतर) अगस्त के अंत तक 4,35,176 करोड़ था। 2023-24 की समान अवधि में घाटा बजट अनुमान का 36% था। सरकार ने 2024-25 के दौरान राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.9% तक लाने का अनुमान लगाया है।

बिकवाली से सेंसेक्स 1.49% गिरा

पश्चिमी एशिया में तनाव, जापानी बाजार में कमजोर रुख का दिखा असर

- निफ्टी में भी 368 अंक यानी 1.41% का लगाया गोता

मुंबई, एजेंसी

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 1,272 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी 368 अंक का गोता लगाया। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली के अलावा विदेशी पूंजी की निकासी से भी बाजार में गिरावट रही।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 1272.07 अंक यानी 1.49% लुढ़क कर 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,314.71 अंक तक फिसलकर 84,257.14 पर आ गया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 368.10 अंक यानी 1.41% की बड़ी गिरावट से 25,810.85 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि एशियाई बाजारों में कमजोरी, पश्चिम एशिया में बढ़ते और चीन सरकार के प्रोत्साहन वाले कदमों से बाजार को झटका लगा। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में 3% से अधिक की गिरावट आई। आईसीआईसीआई, नेस्ले, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, एसबीआई और टाटा मोटर्स में भी गिरावट का रुख बना रहा।

निवेशकों की संपत्ति 3.57 लाख करोड़ रुपये घटी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट के साथ निवेशकों को 3.57 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 1,272.07 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,314.71 अंक यानी 1.53 प्रतिशत टूटकर 84,257.14 पर आ गया था। विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से गिरावट आई। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,57,885.53 करोड़ रुपये घटकर 4,74,35,137.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

पीसीआर: विकल्प बाजार का महत्वपूर्ण सूचक

पुट कॉल रेसियो (पीसीआर) विकल्प बाजार में एक महत्वपूर्ण सूचक है, जो निवेशकों की भावना और बाजार की दिशा को दर्शाता है। यह पुट विकल्पों और कॉल विकल्पों के अनुपात को दर्शाता है, जिससे निवेशकों को बाजार की स्थिति का अनुमान लगाने में मदद मिलती है। विकल्प बाजार में निवेश करने से पहले पीसीआर का विश्लेषण करना निवेशकों के लिए आवश्यक है। आइए इस पर जरा ध्यान दिया जाए ...

पीसीआर = पुट विकल्पों की संख्या/कॉल विकल्पों की संख्या

अनुपात

- पीसीआर 1 से अधिक है, तो निवेशक बाजार में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं।
- रेसियो 1 से कम है, तो निवेशक बाजार में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

महत्वपूर्ण

- उच्च जोखिम वाले निवेश में शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा, विकल्प व फ्यूचर, क्रिप्टोकरेंसी बाजार, प्राइवेट इक्विटी निवेश और हेज फंड निवेश शामिल हैं।
- विविधीकरण, जोखिम प्रबंधन, शिक्षा और अनुभव, विशेषज्ञ की सलाह और नियमित निगरानी से जोखिम कम किया जा सकता है।

निम्न चरण का करें पालन

- **विकल्प बाजार में ओपन इंट्रेस्ट देखें:** विकल्प बाजार में ओपन इंट्रेस्ट देखें, जिसमें पुट और कॉल विकल्पों की संख्या शामिल है।
- **पुट और कॉल विकल्पों का अनुपात:** पुट विकल्पों की संख्या को कॉल विकल्पों की संख्या से विभाजित करें।
- वहीं वित्तीय वेबसाइटों और प्लेटफॉर्मों पर पुट कॉल रेसियो की जानकारी देख सकते हैं, जैसे कि वरसिटी बाय जोरोधा।

उच्च जोखिम

अस्थिरता: ऐसे निवेश में बाजार की कीमतें तेजी से बदल सकती हैं।
अनिश्चितता: ऐसे निवेश में भविष्य आय या मूल्य की अनिश्चितता होती है।
उच्च रिटर्न की उम्मीद: ऐसे निवेश में उच्च रिटर्न की उम्मीद होती है।

उपाय

विविधीकरण: निवेश को कई प्रकार के आस्तियों में विभाजित करें।
प्रबंधन : जोखिम को प्रबंधित करने को रणनीतियों का उपयोग करें।
शिक्षा और अनुभव : निवेश से पहले शिक्षा और अनुभव प्राप्त करें।

उच्च जोखिम वाले निवेश में निवेशकों को आकर्षित करने की क्षमता होती है, लेकिन यह जोखिम भरा भी हो सकता है। उच्च रिटर्न की उम्मीद में निवेशक अपनी पूंजी को जोखिम में डाल सकते हैं। लेकिन, उच्च जोखिम वाले निवेश में हानि की संभावना भी अधिक होती है। उच्च जोखिम वाले निवेश में शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, विकल्प बाजार, फ्यूचर बाजार, क्रिप्टोकरेंसी बाजार, प्राइवेट इक्विटी निवेश और हेज फंड निवेश शामिल हैं। उच्च जोखिम वाले निवेश से पहले सावधानी से विचार करना आवश्यक है।

मुरादाबाद मंडी

दाल चना : 75 से 78 मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

मेंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक– 960 फ्लैग– 1100 बोल्ड– 1160 डीएमओ– 850
रामपुर : शिवालिक–965 फ्लैग–1075 डीएमओ–835 बोल्ड–1150

सेबी का नई परिसंपत्ति श्रेणी लाने का फैसला

- भेदिया कारोबार के नियमों में किया गया संशोधन

मुंबई। सेबी के निदेशक मंडल ने उच्च जोखिम वाले निवेशकों के लिए नई परिसंपत्ति श्रेणी शुरू करने के प्रस्ताव पर सोमवार को मुहर लगाई। इस श्रेणी में प्रति निवेशक न्यूनतम 10 लाख रुपये का निवेश कर सकता है। नया निवेश विकल्प से परिसंपत्ति निर्माण में लचीलापन और म्यूचुअल फंड एवं पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) के बीच की खाई पाटने में मदद मिलेगी। जारी बयान के अनुसार ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) जैसे सूचकांकों पर नजर रखने से जुड़ी म्यूचुअल फंड योजनाओं के लिए नियामक ढांचे को ढील देने को मंजूरी दी गई है। सेबी निदेशक मंडल की बैठक में 17 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें भेदिया कारोबार के नियमों में संशोधन और निवेश सलाहकारों एवं शोध विश्लेषकों के लिए पात्रता मानदंड और अनुपालन शर्तों में रियायत दिया जाना शामिल है।

लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में नहीं हुआ कोई बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं की दरों में किया गया था बदलाव

सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) एवं लघु बचत योजनाओं पर 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने की सोमवार को घोषणा की। सरकार ने तीन तिमाहियों से ब्याज में बदलाव नहीं किया है। 2023-24 की चौथी तिमाही में कुछ योजनाओं की दरों में बदलाव हुआ था।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि 2024-25 की तीसरी तिमाही (1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2024) के लिए कई लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें दूसरी तिमाही (1 जुलाई से 30 सितंबर 2024) के लिए दरें समान रहेंगी। सुकन्या समृद्धि पर 8.2% ब्याज मिलेगा जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज 7.1%होगा। पीपीएफ और डाकघर बचत पर ब्याज दरें क्रमशः 7.1 और 4% रहेंगी। केवीपी पर 7.5% तथा यह 115 महीनों में परिपक्व होगा। वहीं राष्ट्रीय बचत पत्र पर ब्याज दर 7.7% रहेगी। डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को 7.4% ब्याज मिलेगा।

आयकर ऑडिट रिपोर्ट 7 अक्टूबर तक कर सकेंगे दाखिल

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने 2023-24 के लिए ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी है। विभाग ने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक दाखिल करने में करदाताओं के समक्ष आ रही कठिनाइयों के मद्देनजर समय सीमा 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर की गई है। लेखा एवं परामर्श कंपनी मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल करने में आ रही समस्याओं पर समयसीमा सात दिन और बढ़ाने का फैसला हुआ है।

चालू खाता घाटा बढ़ा, जीडीपी का 1.1%

मुंबई, एजेंसी

देश का चालू खाते का घाटा अप्रैल-जून तिमाही में मामूली रूप से बढ़कर 9.7 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.1% हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 8.9 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1% था। आरबीआई ने सोमवार को चालू खाते से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। गत जनवरी-मार्च तिमाही में चालू खाता 4.6 अरब डॉलर यानी जीडीपी के 0.5% अधिशेष में था।

रिजर्व बैंक ने चालू खाता घाटे में सालाना आधार पर बढ़ोतरी को वस्तु व्यापार में फासला बढ़ने को जिम्मेदार बताया है। वस्तु व्यापार अंतराल चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 65.1 अरब डॉलर दर्ज किया गया जो पिछले साल की समान तिमाही में 56.7 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध सेवा प्राप्तियां एक साल पहले के 35.1 अरब डॉलर से बढ़कर 39.7 अरब डॉलर हो गईं।

प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त में 1.8% घटी

नई दिल्ली। कोयला, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में गिरावट से अगस्त में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में 1.8% की कमी आई। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में यह वृद्धि दर 6.1% थी। प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त 2023 में 13.4% थी। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान यह 4.6% बढ़ा। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 8% था। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27% हिस्सेदारी है।

राष्ट्रीय

एक नजर

कई राज्यों से 26 ठगों को सीबीआई ने पकड़ा

नई दिल्ली। सीबीआई ने लोगों को ठगने से जुड़ीं गतिविधियों में शामिल होने के आरोपी 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि ऑपरेशन चक्र-3 के तहत पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम में 32 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी हुई। एजेंसी ने 58.45 लाख नकद, लॉकर की चाबियां और तीन लग्जरी गाड़ियां जब्त की हैं। एजेंसी ने जिन स्थानों पर छापेमारी की उनमें चार कॉल सेंटर – पुणे के रीजेंट प्लाजा में स्थित वी.सी. इनकंफॉर्मिटीज प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम के मुरली नगर में स्थित वी.सी. इंफ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद में स्थित वायाजेक्स सॉल्यूशंस और विशाखापत्तनम में स्थित अत्रिया ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

नोएडा में सड़क हादसे में चार की मौत, एक घायल

नोएडा (उप्र)। सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के सेक्टर 11 के पास हुए सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि हादसा रविवार देर रात दो बजे हुआ और पीड़ित दिल्ली के न्यू कोंडली के थे। अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) जोन प्रथम मनीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने घायल उत्तम की शिकायत पर मामला दर्ज किया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उत्तम ने बताया कि रविवार रात को वह मोहित, विशाल, मनीष और हिमांशु उर्फ बिट्टू के साथ नोएडा आए थे तथा दिल्ली लौट रहे थे। कार हिमांशु चला रहा था, तभी सेक्टर-11 स्थित एच ब्लॉक में ट्रैक्टर चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इस घटना में कार सवार सभी लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने चारों लोगों को मृत घोषित कर दिया।

मोदी पर खरगे की टिप्पणी अपमानजनक : शाह

जम्मू-कश्मीर की जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष के दिए बयान की गृहमंत्री ने की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- शाह बोले- नफरत दिखाते हुए खरगे ने अपने स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री का नाम बिना वजह ही घसीटा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जम्मू-कश्मीर में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणी को सोमवार को अत्यंत खराब और अपमानजनक करार दिया। शाह ने कहा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए खरगे ने यह कहकर अपने निजी स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम बिना वजह ही घसीटा कि वह मोदी को सत्ता से हटाने से पहले नहीं मरेंगे।

जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में रविवार को रैली में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की तबीयत खराब हो गई, लेकिन कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने भाषण जारी रखा और सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता से हटाने से पहले वह मरेंगे नहीं। खरगे ने कांपती आवाज में कहा कि जब हमारी सरकार आएगी तो हम आतंकवाद को खत्म कर देंगे।

शाह ने खरगे की इस टिप्पणी को पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने भाषण में कल अपमानजनक व्यवहार किया। शाह ने लिखा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए उन्होंने अपने स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री मोदी को अनावश्यक घसीटा और कहा कि वह प्रधानमंत्री को हटाने से पहले नहीं मरेंगे। खरगे की टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस में प्रधानमंत्री के प्रति कितनी नफरत और डर है तथा वे उन्हीं के बारे में सोचते रहते हैं। मंत्री ने कहाक ि जिहां तक खरगे जी के स्वास्थ्य का सवाल है, तो मोदी जी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह दीर्घायु हों और स्वस्थ जीवन जिएं। वह अनेक वर्षों तक जीवित रहें। वह 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होता देखने के लिए जीवित रहें।

गृहमंत्री मणिपुर और जाति जनगणना पर दें ध्यान : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को मणिपुर, जनगणना और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। खरगे ने शाह की टिप्पणी के बाद एक्स पर पोस्ट किया कि आपकी सरकार का ही सर्वे कहता है कि शहरी सीवरों, सेप्टिक टैंकों की सफाई करने वाले 92% कर्मचारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों से आते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जातिगत जनगणना के विरोध में इसलिए है क्योंकि तब पता चल जाएगा कि एससी, एसटी, ओबीसी आर्थिक रूप से कमजोर व सभी कौन-कौन से कार्यों से जीवन-यापन कर रहे हैं, उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है तथा उनको किस तरह सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना करवाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। हम ये करवाकर ही रहेंगे।

उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है मोदी सरकार : राहुल गांधी

चंडीगढ़, एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने अंबाला की चुनावी रैली में मोदी सरकार पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का लगाया आरोप

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को किसानों के कल्याण, अग्निपथ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया और दावा किया कि कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाएगी और बदलाव लाएगी।

अंबाला के नारायणगढ़ की रैली में राहुल गांधी ने कहा कि लड़ाई कांग्रेस और भाजपा की विचारधाराओं में है। कांग्रेस न्याय और भाजपा अन्याय है। राहुल ने दावा किया कि जैसे सुनामी आती है, वैसे ही गौतम अडाणी के बैंक खाते में पैसे आते हैं, जबकि आम आदमी संघर्ष करता रहता है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कुमारी सैलजा इस मौके पर उपस्थित थे। कांग्रेस में कलह के दावे के बीच हुड्डा और सैलजा को एक मंच पर लाकर कांग्रेस ने एकजुटता का संदेश देने का प्रयास किया।

संविधान बदलने की बात करने वालों को बदल दीजिए : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के लोगों को उन लोगों को बदल देना चाहिए, जो संविधान बदलने की बात करते हैं और हर स्तर पर उसका अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने हमेशा देश की रक्षा की है। किसानों, जवानों और खिलाड़ियों ने देश का सम्मान बरकरार रखा है।

दलित युवक को आईआईटी-धनबाद दे प्रवेश : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- फीस की राशि जमा नहीं कर पाने पर युवक को गंवानी पड़ी थी सीट

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आईआईटी-धनबाद से फीस जमा न करने के कारण सीट गंवाने वाले दलित युवक को प्रवेश देने को कहा। युवक समय से फीस जमा न कर पाने से आईआईटी -धनबाद में प्रवेश नहीं ले पाया था। अब न्यायालय ने संस्थान से उसे बीटेक में प्रवेश देने को कहा है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि हम ऐसे युवक को अवसर से वंचित नहीं कर सकते। उसे मझधार में नहीं छोड़ सकते। अदालत ने आईआईटी-धनबाद को अतुल कुमार को संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग बीटेक में प्रवेश देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि हमारा मानना है कि याचिकाकर्ता जैसे प्रतिभाशाली छात्र को वंचित नहीं किया जाना चाहिए, जो हाशिए पर पड़े समूह से ताल्लुक रखता है और जिसने प्रवेश पाने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

आतंकियों के खात्मे को तलाश अभियान जारी

जम्मू। सुरक्षाबलों ने हालिया मुठभेड़ों के बाद आतंकियों के खात्मे के लिए कठुआ और राजौरी में जारी तलाश अभियान को सोमवार को नए क्षेत्रों तक बढ़ा दिया। शनिवार शाम कठुआ की बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद और दो घायल हो गए थे। सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर किया था। वहीं, रविवार शाम राजौरी के मनियाल गली में आतंकियों और सुरक्षाबलों में संक्षिप्त गोलीबारी हुई थी। कठुआ में तीसरे दिन भी तलाश अभियान जारी है और मुठभेड़ स्थल के पास के गांवों तक घेराबंदी कर दी गई है।

ये या-या क्या है, ये कॉफी शॉप नहीं : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई के खिलाफ सुनवाई के दौरान वादी के लहजे पर सीजेआई सख्त

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान वादी के लहजे पर नाराजगी जताई। उन्होंने वादी से पूछा कि ये या-या क्या है? यह कॉफी शॉप नहीं है और उन्हें ऐसे शब्दों से एलर्जी है।

यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत में तब हुआ जब पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को जनहित याचिका में पक्षकार बनाने और सेवा विवाद से संबंधित याचिका रद करने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच की मांग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हो रही थी। सीजेआई ने उस समय नाराजगी जताई जब वादी ने पीठ के कुछ सवालों के जवाब में यस के बजाय या-या कहा।

चंद्रचूड़ ने कहा कि ये या-या क्या है? ये कॉफी शॉप नहीं है। मुझे इस या-या से एलर्जी है। इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने पुणे के वादी से कहा कि आप किसी न्यायाधीश को प्रतिवादी बनाकर जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? कुछ तो गरिमा होनी चाहिए। आप यह नहीं कह सकते कि मैं एक न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच चाहता हूं, बस। गोगोई उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रहे हैं। गोगोई प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए। क्योंकि आप पीठ के समक्ष सफल नहीं हुए, इसलिए आप यह नहीं कह सकते कि मैं किसी न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच चाहता हूं। क्षमा करें, हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता ने श्रम कानूनों के तहत उसकी सेवा समाप्त किए जाने से संबंधित उसकी याचिका को न्यायमूर्ति गोगोई के नेतृत्व वाली पीठ द्वारा खारिज किए जाने के बाद एक जनहित याचिका दायर की थी।

सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए मामले में केस

नई दिल्ली। ईडी लोकायुक्त की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) प्रकरण के संबंध में धन शोधन का मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। मैसूरु स्थित लोकायुक्त पुलिस प्रतिष्ठान ने 27 सितंबर को दर्ज प्राथमिकी में सिद्धरमैया, उनकी पत्नी बीएम पार्वती, साले मल्लिकार्जुन स्वामी और देवराजू को नामजद किया है।

हिंदू संगठनों की पुलिस से झड़प

शिमला, एजेंसी

हिमाचल मस्जिद विवाद

- मुस्लिम संगठन ने कहा- कोई मस्जिद अवैध नहीं

हिमाचल प्रदेश में अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच मुस्लिम संगठन ने कहा कि राज्य में कोई अवैध मस्जिद नहीं है लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में नक्शे को मंजूरी मिलने में देरी से यह समस्या हो रही है। मस्जिद गिराने की मांग को लेकर कुल्लू में यात्रा निकालने वाले हिंदू संगठनों की सोमवार को पुलिस के साथ झड़प हो गई।

हिंदू धर्म जागरण यात्रा के प्रदर्शनकारियों ने हनुमान मंदिर से अखाड़ा मस्जिद तक मार्च निकाला। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भगवा झंडे और तख्तियां लेकर मस्जिद गिराने का आह्वान कर रहे थे। पारंपरिक पोशाक में महिलाएं यात्रा की अगुवाई कर रही थीं। अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग 30 अगस्त को शिमला के मलयाना इलाके में मुस्लिम नाई और हिंदू व्यापारी के बीच हुई हाथापाई के बाद शुरू हुई। हिंदू समूह अवैध मस्जिदों गिराने की मांग कर रहे हैं जबकि स्थानीय लोग बाहरी लोगों की पहचान की मांग कर रहे हैं।

मंडी स्थित मुस्लिम कल्याण समिति के अध्यक्ष नहीम अहमद ने इस बीच सोमवार को कहा कि प्रदेश में कोई भी मस्जिद अवैध नहीं है लेकिन नक्शे को मंजूरी मिलने और अन्य प्रक्रियाओं में देरी हुई है। अगर कोई भी हिस्सा अवैध पाया जाता है तो हम खुद हटा देंगे।

अभिनेता की तस्वीर वाले नोट देकर 2.1 किलो सोना ठगा

अहमदाबाद। गुजरात में दो अज्ञात व्यक्ति अभिनेता अनुपम खेर की तस्वीर वाले नकली नोट देकर सर्राफा कारोबारी का 2.1 किलो सोना लेकर रफूचक्कर हो गए। कारोबारी मेहुल ठक्कर ने नवरंगपुर थाने में दी शिकायत में बताया कि किस तरह उन्हें 500 के नकली नोटों के 26 बंडल देकर धोखाधड़ी हुई।

घटना 24 सितंबर की है जब अज्ञात लोगों ने 2.1 किलो सोने के बदले ठक्कर के कर्मचारियों को नकली नोट थमाए, जिनपर रीसोल बैंक ऑफ इंडिया लिखा था। ठक्कर के पास आभूषण की दुकान के मालिक और परिचित प्रशांत पटेल का फोन आया। पटेल ने 2.1 किलो सोना खरीदने की बात कही, जिसके लिए 1.60 करोड़ की रकम तय हुई। ठक्कर को अंदाजा नहीं था कि वह ठगी का शिकार होने वाले हैं।

चुनावी बॉण्ड मामले में सीतारमण व अन्य के खिलाफ जांच पर रोक

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने भाजपा नेता की याचिका पर दिया अंतरिम आदेश

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित अनियमितताओं की जांच पर रोक लगा दी। चुनावी बॉण्ड योजना अब रद हो चुकी है।

न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने भाजपा नेता नलिन कटील की उस याचिका पर यह अंतरिम आदेश दिया, जिसमें उन्हें आरोपी के रूप में नामजद करने वाली प्राथमिकी को चुनौती दी है। अगली सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी। चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित शिकायत के बाद यहां की एक विशेष अदालत के निर्देश पर सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। पुलिस के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री सीतारमण, ईडी के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है।

दरभंगा, सीतामढ़ी में तटबंधों में दरार से बाढ़ की स्थिति बिगड़ी

- एनडीआरएफ की छह टीमें और बुलाई गईं

पटना। बिहार के दरभंगा में कोसी नदी और सीतामढ़ी में बागमती नदी के तटबंधों में नई दरारें आने के बाद सोमवार को राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई। अधिकारियों के अनुसार, कल रात उफनती कोसी नदी ने किरतपुर प्रखंड के पास तटबंध तोड़ दिये, जिससे किरतपुर और घनश्यामपुर प्रखंड के गांव प्रभावित हुए हैं। विजय कुमार चौधरी ने सोमवार को बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। जल संसाधन विभाग और राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं और चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। तटबंधों में दरार की छह घटनाएं सामने आई हैं। मदद को उप्र के वाराणसी व झारखंड के रांची से एनडीआरएफ की छह अतिरिक्त टीमें बुलाई गई हैं।

मैच के परिणाम को तेज चला बल्ला

चौथे दिन भारत को 52 रन की बढ़त, बांग्लादेश की पहली पारी 233 पर सिमटी, दूसरी में बनाए 26 रन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में चौथे दिन सोमवार को टीम इंडिया पूरे रौब में दिखी और मैच को रोमांचक मोड़ पर ला दिया। धुआंधार बॉलिंग और बैटिंग ने बारिश के कारण दो दिन का मैच न होने का मलाल दूर कर दिया। चौथे दिन बांग्लादेश टीम ने पहली पारी में मोमिनुल हक के नाबाद 107 रन की बदौलत 233 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी टीम इंडिया ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए पहले तीन ओवर में ही 50 रन पूरे कर लिए। खेल समाप्त होने से पहले भारतीय टीम ने 9 विकेट पर 285 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी और पहली पारी में 52 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश की टीम ने खेल समाप्त होने तक 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए।

चौथे दिन मैच शुरू होने पर चटक धूप निकली। बांग्लादेश टीम ने अपनी पहली पारी 3 विकेट पर 107 रन से आगे खेलना शुरू किया। पहला व मैच की चौथी सफलता बुमराह ने मुश्फिकुर रहीम को 7 रन पर पवेलियन लौटाकर दिलाई। इसके बाद लिटन दास आए। मोमिनुल ने अपना पचासा पूरा किया। सिराज ने पारी के 50वें ओवर में लिटन दास को 13 रन पर आउट करके पांचवीं कामयाबी हासिल की। इस समय बांग्लादेश का स्कोर 148 रन पर था। इसके बाद शाकिब आए। 56वें ओवर में अश्विन ने शाकिब को सिराज के हाथों कैच करा दिया। बांग्लादेश का यह विकेट 170 रन पर गिरा। अश्विन के 66वें ओवर में चौका जड़कर मोमिनुल ने अपने टेस्ट करियर का 13वां शतक पूरा किया। 66 ओवर में 6 विकेट खोकर बांग्लादेश ने 205 रन बना लिए। इसके बाद 28 रन के अंदर बांग्लादेश ने अपने बचे चारों विकेट खो दिए। मोमिनुल ने 17 चौकों से नाबाद 107 रनों की शतकीय पारी खेली। बांग्लादेश ने पहली पारी में 72.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 233 रन बनाए। टीम इंडिया के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

दूसरी पारी में विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

सबसे तेज टीम अर्धशतक और शतक का बनाया रिकॉर्ड

कानपुर। भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद आक्रामक शुरूआत करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया और सबसे तेज टीम शतक का अपना ही रिकॉर्ड दुरूस्त किया। यशस्वी जायसवाल ने दस चौके और एक छक्के की मदद से भारत के लिए चौथा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा 11 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने तीसरे ही ओवर में 50 रन बना डाले। इसके साथ ही इंग्लैंड का सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने इस साल जुलाई में ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4.2 ओवर में अर्धशतक बनाया था। भारत ने सौ रन 11वें ओवर में पूरे करके अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में पोर्ट आफ स्पेन टेस्ट में सबसे तेजी से तिहरा अंक छुआ था।

बांग्लादेश की पहली पारी समाप्त होने पर टीम इंडिया के ओपनर यशस्वी जायसवाल व कप्तान रोहित शर्मा मैदान पर उतरे। दोनों ने एक दिवसीय अंदाज में खेलना शुरू किया और महज तीन ओवर में स्कोर 50 पर पहुंचा दिया। 55 रन के स्कोर पर कप्तान रोहित 23 रन बनाकर बांग्लादेश का पहला शिकार बने। इसके बाद 11.1 ओवर में 100 रन का आंकड़ा टीम ने छू लिया। दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी हुई। यशस्वी 52 गेंदों पर 72 रन बनाकर आउट हुए। चाय के समय तक टीम ने 16 ओवर में 2 विकेट पर 138 रन बना लिए। चाय के बाद शुभमन मिल 39 रन पर पवेलियन लौटे। ऋषभ पंत नौ रन पर शाकिब का शिकार हुए। इस समय स्कोर 159 था। पांचवें विकेट के लिए विराट कोहली व केएल राहुल के बीच 87 रनों की साझेदारी हुई। कोहली 47 रन बनाकर पांचवां शिकार हुए। इसके बाद अगले 39 रन में टीम इंडिया ने चार विकेट और खो दिए। नौवें विकेट के रूप में आकाशदीप के आउट होते ही भारतीय टीम ने पारी घोषित कर दी। केएल राहुल ने 68 रनों की पारी खेली। पहली पारी में भारतीय टीम ने 34.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 285 रनों का स्कोर खड़ा किया और 52 रन की बढ़त बनाई। बांग्लादेश के लिए मेहंदी हसन मिराज व शाकिब अल हसन ने 4-4 विकेट लिए।

दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश टीम ने जल्द ही पहला विकेट 18 रन पर खो दिया। अश्विन ने जाकिर को 10 रन पर पगबाधा किया। हसन बिना खाता खोले ही अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए। खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने 11 ओवर में 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए थे। इस्लाम 7 रन व मोमिनुल बिना खाता खोले क्रीज पर हैं।

- ग्रीनपार्क में चौथे दिन टीम इंडिया का दिखा जलवा, चौके-छक्कों की बरसात

9 विकेट पर 285 रन बनाकर भारत ने घोषित कर दी पहली पारी

बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान कैच लपकते रवींद्र जडेजा।

‹‹ 47 रनों की पारी के दौरान बल्लेबाजी करते विराट कोहली।

300 टेस्ट विकेट लेने वाले सातवें भारतीय बने जडेजा

कानपुर। रविंद्र जडेजा भारत के लिये 300 विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बन गए जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खालिद महमूद का विकेट लिया। जडेजा ने महमूद का रिटर्न कैच लपककर बांग्लादेश की पारी का अंत किया। बांग्लादेश ने पहली पारी में 233 रन बनाए। भारत के लिये 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अनिल कुंबले (619), आर अश्विन (524), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417), ईशांत शर्मा (311) और जहीर खान (311) शामिल हैं। जडेजा ने 74 टेस्ट में यह आंकड़ा हुआ है। वह 300 टेस्ट विकेट और 3000 टेस्ट रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले इंग्लैंड के इयान बाथम के बाद दूसरे खिलाड़ी भी बन गए।

विराट कोहली ने पूरे किए 27,000 रन, विश्व में चौथे बल्लेबाज बने

कानपुर। भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली सोमवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए। इस टेस्ट मैच के शुरुआती तीन दिनों में बारिश से लगभग आठ सत्र का खेल प्रभावित होने के बाद भारतीय टीम ने चौथे दिन अपनी पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी की जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 47 रन का योगदान दिया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को मिलाकर वह 27,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले महान सचिन तेंदुलकर के बाद वह दूसरे भारतीय बल्लेबाज है। सबसे ज्यादा रन तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने 34,357 रन बनाए है। दूसरे स्थान पर श्रीलंका के संगकारा (28,016) और तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (27,483) है। कोहली के नाम टेस्ट में 8,870 से अधिक रन है जबकि उन्होंने 295 वनडे में 13,906 और 125 टी-20 में 4,188 रन बनाए है। इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा विराट के शानदार करियर में एक और बड़ा मील का पत्थर, उन्होंने 27,000 रन पूरे किए।

स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश पहली पारी : 233/10 — 74.2 ओवर

	रन	गेंद	4/6
जाकिर का जायसवाल बो आकाश	0	24	0/0
शादमान इस्लाम पगबाधा बो आकाश	24	36	4/0
मोमिनुल हक नाबाद	107	194	17/1
नजमुल हुसैन शंटो पगबाधा बो अश्विन	31	57	6/0
मुशफिकुर रहीम बो बुमराह	11	32	2/0
लिटन दास का शर्मा बो सिराज	13	30	3/0
शाकिब का सिराज बो अश्विन	9	17	2/0
मेहदी हसन मिराज का गिल बो बुमराह	20	42	4/0
तैजुल इस्लाम बो बुमराह	5	8	1/0
हसन महमूद बो सिराज	1	4	0/0
खालिद अहमद का और बो जडेजा	0	4	0/0

अतिरिक्त : 12, गेंदबाजी : बुमराह 18-7-50-3, सिराज 17-2-57-2, अश्विन 15-1-45-2, आकाश दीप 15-6-43-2, जडेजा 9.2-0-28-1

भारत पहली पारी : 285/9 (घोषित) — 34.4 ओवर

	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल बो महमूद	72	51	12/2
रोहित शर्मा बो मेहदी हसन	23	11	1/3
शुभमन गिल का महमूद बो शाकिब	39	36	4/1
ऋषभ पंत का महमूद बो शाकिब	9	11	0/0
विराट कोहली बो शाकिब	47	35	4/1
केएल राहुल स्ट लिटन बो मेहदी हसन	68	43	7/2
रविंद्र जडेजा का शंटो बो मेहदी हसन	8	13	0/0
रविचंद्रन अश्विन बो शाकिब	1	4	0/0
आकाश दीप का महमूद बो मेहदी हसन	12	5	0/2
जसप्रीत बुमराह नाबाद	1	1	0/0

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : महमूद 6-0-66-1, अहमद 4-0-43-0, मेहदी हसन 6.4-0-41-4, इस्लाम 7-0-54-0, शाकिब 11-0-78-4

बांग्लादेश दूसरी पारी : 26/2 — 11 ओवर

	रन	गेंद	4/6
शादमान इस्लाम नाबाद	7	40	1/0
जाकिर हसन पगबाधा बो अश्विन	10	15	1/0
हसन महमूद बो अश्विन	4	9	1/0
मोमिनुल हक नाबाद	0	2	0/0

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 3-1-3-0, अश्विन 5-2-14-2, आकाश दीप 3-2-4-0

खेल डायरी

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को वनडे शृंखला में 3-2 से हराया

ब्रिस्टल। बारिश आई लेकिन देर से और ऑस्ट्रेलिया ने निर्णायक पांचवें एक दिवसीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके इंग्लैंड को शृंखला में 3-2 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिये 310 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन उस समय बारिश हो गई जब ऑस्ट्रेलिया ने 20.4 ओवर में दो विकेट पर 165 रन बनाए थे। इसके बाद का खेल नहीं हो सका और डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ऑस्ट्रेलिया ने 49 रन से जीत दर्ज की। शृंखला के दौरान चोटों और बीमारियों से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया ने हर मैच में अलग टीम उतारी। आखिरी मैच में मिचेल मार्श के फिट नहीं होने से स्टीव स्मिथ ने कप्तानी की। ऑस्ट्रेलिया ने दस ओवर के बाद एक विकेट पर 103 रन बना लिए थे। मैथ्यू शॉर्ट ने 30 गेंद में 58 रन बनाए। स्टीव स्मिथ 36 और जोश इंगलिस 28 रन बनाकर खेल रहे थे जब मैच खत्म करने का फैसला किया था।

खेल पत्रकारों का सम्मान करेगा डीएसजेए

नई दिल्ली। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) दिल्ली के 80 साल से अधिक उम्र के खेल पत्रकारों को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये सम्मानित करेगा। डीएसजेए ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस मौके पर केवल कौशिक, के.दत्ता और सी.एस. रामचंद्रन जैसे अनुभवी खेल पत्रकारों को विशेष एसजेएफआई पदक और एक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन शनिवार शाम को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में होगा। डीएसजेए स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) का एक सहयोगी है जिसे इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीए) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

रेलवे ने आईओसी को हराकर गोल्ड कप जीता

चेन्नई। गत चैंपियन भारतीय रेलवे ने आरएसपीबी ने इंडियन आइल कारपोरेशन को 5-3 से हराकर 95वां अखिल भारतीय एमसीसी मुरूगप्पा गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया। आरएसपीबी ने आक्रामक शुरूआत की और सातवें ही मिनट में गुरसाहिबजीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। सिमरनजोत सिंह ने दो मिनट बाद बढत दुगुनी कर दी। युवराज वाल्मीकि ने 18वें और 58वें मिनट में गोल दागे जबकि मुकुल शर्मा ने 35वें मिनट में पांचवां गोल किया। आईओसी के लिए 23वें मिनट में तलविंदर सिंह ने और 29वें मिनटमें गुरजिंदर सिंह ने गोल किया। राजबीर सिंह ने 58वें मिनट में गोल दागा।

रक्षा ने क्रोएशिया और बेल्जियम में जीते खिताब

मुंबई। भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा कंदासामी ने शानदार फॉर्म कायम रखते हुए क्रोएशिया इंटरनेशनल और बेल्जियम जूनियर टूर्नामेंट खिताब जीते। सोलह वर्ष की रक्षा दोनों टूर्नामेंटों में अपराजेय रहीं। उन्होंने क्रोएशिया इंटरनेशनल के फाइनल में इंग्लैंड की लियोना ली को 21-9, 21-5 से हराया। इसके अलावा बेल्जियम में जर्मनी की ग्लोरिया पोलुएक्तोव को 21-14, 10-21, 22-20 से मात दी।

निशानेबाज जूनियर विश्व चैंपियनशिप में देश को दो कांस्य

नई दिल्ली। भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की जूनियर विश्व चैंपियनशिप में क्रमश: 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कांस्य पदक जीतने के साथ ही भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई जिसमें दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। राइफल निशानेबाजों के क्वालीफिकेशन दौर में गौतमी भनोट व अजय मलिक की भारतीय जोड़ी 628.9 का संयुक्त स्कोर बनाकर 34 टीमों में तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय टीम ने क्रोएशिया को 17-9 से हराया। वहीं चीन ने फाइनल में फ्रांस को हराकर प्रतियोगिता का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में भारत के अभिनव साव व शाम्भवी क्षीरसागर की दूसरी जोड़ी 628.1 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रही। मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में दोनों भारतीय जोड़ियां क्वालीफिकेशन में क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं, जिससे उनके बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला खेल गया।

एटलेटिको प्रशंसकों ने मैदान पर फेंका सामान, मैच बाधित

मैड्रिड, एजेंसी

मेजबान एटलेटिको मैड्रिड और रीयाल मैड्रिड के बीच ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार का मैच बीच में रोकना पड़ा जब एटलेटिको के प्रशंसकोंने मैदान पर सामान फेंकना शुरू कर दिया। मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में हुए मैच में करीब 70वें मिनट में व्यवधान पैदा हुआ और खिलाड़ियों को लॉकर रूम में भेज दिया गया।

मैड्रिड ने उस समय पहला गोल दागा था जो एटलेटिको के प्रशंसकों के सामने इस गोल का जश्न मना रहे थे। इसके 15 मिनट से अधिक समय के बाद मैच को दोबारा शुरू किया गया जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। रियाल के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस ने रेफरी को मैदान पर फेंकी जा रही चीजों के बारे में सचेत किया जिसमें लाइटर भी शामिल था। वहीं एटलेटिको के कोच डिएगो सिमोन ने प्रशंसकों को कई बार समझाया। स्टेडियम के लाउडस्पीकर पर ऐलान किया गया कि 15 मिनट तक खेल रोकना पड़ा है और अगर दर्शकों का ऐसा ही व्यवहार रहा तो

इसे निलंबित कर दिया जाएगा। स्पेनिश लीग ने एक दिन पहले कहा था कि वह पुलिस से उन सोशल मीडिया अभियान के प्रचारकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी जिनका उद्देश्य विनिसियस जूनियर (खिलाड़ी) के खिलाफ नस्लवादी हरकतों को बढ़ावा देना था। मैच से पहले एटलेटिको के प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर वीडियो में विनिसियस अलग है नारे लगाते हुए देखा गया था।

पाकिस्तान दौरे पर फैसला सरकार का : बोर्ड

कानपुर, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के दौरे को लेकर अंतिम फैसला भारत सरकार को करना है। पाकिस्तान 19 फरवरी से नौ मार्च तक एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले इस आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला है।

शुक्ला ने बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल के इतर संवाददाताओं से कहा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमारी नीति यह है कि अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं। यह सरकार तय करती है कि हमारी टीम को किसी देश के दौर पर जाना चाहिए या नहीं। इस मामले में भी सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसका पालन करेंगे। मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ को द्विपक्षीय शृंखला नहीं खेली है। दोनों टीमें का आमना सामना सिर्फ आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के टूर्नामेंटों में होता है। पाकिस्तान की टीम ने पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए सात साल के अंतराल के बाद भारत का दौरा किया था। बीसीसीआई आईसीसी से टूर्नामेंट को पाकिस्तान से हटाकर श्रीलंका या दुबई में आयोजित करने का अनुरोध कर सकता है। एशिया कप के बीते सत्र का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ था। जिसमें भारत को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। इससे श्रीलंका ने टूर्नामेंटों के नौ मैचों की मेजबान की थी जबकि पाकिस्तान ने शेष चार मैचों की मेजबानी की। पीसीबी हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी को अपने देश से बाहर ले जाने के विचार के खिलाफ है।

- **उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा- हमारी नीति है हम अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं**

पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग में खेलेंगे तेंदुलकर

मुंबई। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर नजर आएंगे जब वह इस साल तीन आयोजन स्थलों पर होने वाली पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) में हिस्सा लेंगे। इस टी-20 प्रतियोगिता में छह टीम हिस्सा लेंगी। आईएमएल में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इसके मैच मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे। हर साल आयोजित होने वाला यह टी-20 टूर्नामेंट तेंदुलकर और भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर की योजना का हिस्सा है। गावस्कर इस लीग के आयुक्त भी होंगे। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तेंदुलकर और गावस्कर पीएमजी स्पोर्ट्स और खेल विपणन कंपनी स्पोर्टफाइव के साथ मिलकर भारत में लीग का आयोजन करने के लिए एक और कंपनी स्थापित करेंगे। किसी एक फ्रेंचाइजी के स्वामित्व के माध्यम से भाग लेने में रुचि रखने वाले पक्षों को भी आमंत्रित किया गया था।

बॉलीवुड हलचल

काजोल, कृति की फिल्म दो पत्ती 25 को होगी रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री काजोल और कृति सेनन अभिनीत बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स हैंडल पर बताया कि शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती 25 अक्टूबर से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी। निर्माताओं ने दर्शकों को सस्पेंस थ्रिलर की एक झलक दिखाते हुए एक मिनट 32 सेकंड के वीडियो के साथ फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। नेटफ्लिक्स ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म दो पत्ती के बहुप्रतीक्षित टीजर को एक कैप्शन के साथ साझा करते हुए लिखा, अब होगा खेल शुरू, लेकिन इस कहानी के है दो पहलू, दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी, केवल नेटफ्लिक्स पर। फिल्म दो पत्ती, उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है। काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। कृति सेनन ने पहली बार दोहरी भूमिका निभाई है। उन्होंने जुड़वां बहनों का किरदार निभाया है। यह फिल्म बड़े पर्दे पर शाहीर शेख की पहली फिल्म भी है।

आईफा में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं मृणाल

मुंबई। जानीमानी अभिनेत्री मृणाल ठाकुर आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं। अबु धाबी में आयोजित आईफा उत्सवम में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर को फिल्म 'हाय नन्ना' में यशना की भूमिका के लिए पुरस्कार मिला है। आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर मृणाल बेहद खुश हैं। मृणाल ठाकुर ने कहा, मैं इस अवॉर्ड के लिए बहुत आभारी हूं। मेरे लिए यशना की भूमिका निभाना वास्तव में एक खास अनुभव था, जिसने मुझे प्यार और भावना की गहराई के बारे में जानने का मौका दिया। मैं अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने निर्देशक, प्रतिभाशाली सह-कलाकारों और पूरी टीम को देती हूं। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है। यह हमारी

पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है। मृणाल ने कहा, मैं इस सफर को जारी रखते हुए दर्शकों के साथ और भी बेहतर कहानियां शेयर करने के लिए तैयार हूं। यह मेरा पहला आईफा अवार्ड है। इस अवॉर्ड को रानी मैम और ऐश्वर्या मैम जैसे कलाकारों के साथ शेयर करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री, पटनायक ने मिथुन को दादा साहेब फाल्के के लिए दी बधाई

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने सोमवार को मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर माझी ने प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर जाने माने अभिनेता को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा भारतीय सिनेमा में आपके पांच दशक के उल्लेखनीय सफर और भारतीय दर्शकों के साथ साथ दुनियाभर के अपने प्रशंसकों का आपने अपनी बहुमुखी प्रस्तुतियों से जो मनोरंजन किया है, उसके सम्मान में यह सबसे शानदार श्रद्धांजलि है। पटनायक ने एक्स पर लिखा प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर बहुमुखी प्रतिभा के अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को बधाई। उन्होंने उड़िया सिनेमा सहित पर्दे पर कई यादगार भूमिकाएं निभाई हैं। मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस डांस जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाले चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में सरकार के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए सोमवार को नामित किया गया। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

महिला टी-20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारी बेहतरीन : लक्ष्मण

बेंगलुरू। भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने टी-20 महिला विश्व कप से पहले सेंटर ऑफ एक्सीलैंस में लगाए गए शिविर में जो मेहनत की है, उसका फायदा टूर्नामेंट में मिलेगा। भारतीय टीम चार अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।

लक्ष्मण ने बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलैंस में चुनिंदा पत्रकारों से कहा उन्होंने जिस प्रतिबद्धता, समर्पण और ऊर्जा के साथ तैयारी की है, वह अतुलनीय है। मुझे उनकी तैयारियों पर गर्व है। यह काफी अच्छा शिविर था और मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने इस तरीके से तैयार किया था कि पहले चरण में मानसिक और शारीरिक पहलुओं पर फोकस था। इसके बाद ब्रेक था और दूसरे चरण में कौशल तथा तकनीकी पहलू पर जोर रहा। यह सिर्फ नेट्स अभ्यास तक नहीं था बल्कि पांच मैच भी खेले जिसमें अमोल ने उन्हें अलग अलग तरह की चुनौतियां दी। भारत में महिला क्रिकेट आगे की ओर बढ़ रहा है और इसमें महिला प्रीमियर लीग की अहम भूमिका होगी। मेरा मानना है कि महिला क्रिकेट का ग्राफ ऊपर जा रहा है। इस भूमिका में मैने भारतीय युवा लड़कियों और अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों को तैयारी करते देखा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

स्पेसएक्स कैप्सूल अंतरिक्ष पहुंचा दोनों यात्रियों की जल्द होगी वापसी

- **चार सीट वाले कैप्सूल में विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए दो सीट खाली रखी गईं**



केप केनवरल (अमेरिका)

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स समेत जून से फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लाने के लिए स्पेस एक्स का नया कैप्सूल रविवार को अंतरिक्ष पहुंचा। स्पेस एक्स ने बचाव अभियान के लिए शनिवार को उड़ान भरी। चार सीट वाले कैप्सूल में क्षमता से कम केवल दो अंतरिक्ष यात्री हैं। दो सीट अंतरिक्ष में फंसे बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए खाली रखी गई हैं। कैप्सूल के अगले साल धरती पर लौटने की संभावना है।

'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) ने 'बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल' में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बाद विल्मोर और विलियम्स को स्पेसएक्स कैप्सूल से धरती पर लाने का फैसला किया। अंतरिक्ष यात्रियों के साथ उड़ान भरने वाला यह स्टारलाइनर का यह पहला यान था। नासा ने कहा कि उड़ान के बाद 'थ्रस्टर' की विफलता और हीलियम' रिसाव की समस्या बहुत गंभीर है। इसी कारण स्टारलाइनर इस महीने की शुरुआत में खाली ही धरती पर लौटा।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के साथ हिंदी का महत्व बढ़ा

सिंगापुर के एक शीर्ष कारोबारी नेता ने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका के साथ हिंदी का महत्व भी बढ़ा है और अत्याधुनिक तकनीक के साथ हिंदी के मेल ने कारोबार के क्षेत्र में भारत में 57 .2 करोड़ और विश्व में 50 करोड़ हिंदी भाषियों के लिए संभावनाओं के द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें पहले अछूते रहे विशाल बाजारों में प्रवेश करने का अवसर मिलता है। सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष नील पारेख ने कहा हम डिजिटलीकरण की दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं, जहां संस्कृति और बाजारों के बीच सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं और भाषा लोगों, विचारों एवं अवसरों को जोड़ने वाले अहम सेतु के रूप में उभरी है। सप्ताहांत में आयोजित वैश्विक हिंदी उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन – 2024 की थीम नवाचार के युग में हिंदी की उत्कृष्टता थी, जिसका आयोजन सिंगापुर स्थित ग्लोबल हिंदी फाउंडेशन ने किया था। पारेख ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तेजी से उभरते भारत में काम करने के लिए हिंदी भाषा के ज्ञान के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। पारेख सिंगापुर में संसद के मनोनीत सदस्य भी हैं।

गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए हिंदी एक सेतु

उद्यमी पारेख ने कहा कि हिंदी सिर्फ संचार की भाषा नहीं है बल्कि यह गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए एक सेतु है। इससे हमें भारतीय बाजार में प्रवेश का मौका मिलता है, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की इच्छा रखने वाले निगमों और एसएमई के लिए उत्कृष्ट संभावनाएं प्रदान करता है। हिंदी दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसे वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ से अधिक लोग बोलते हैं। भारत में 57 .2 करोड़ से अधिक लोग सिर्फ हिंदी बोलते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने में एक शक्तिशाली उपकरण बन गई है और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाया जा रहा है।

आने वाले समय में अहम भाषा होगी हिंदी

सिंगापुर स्थित वित्तीय सलाहकार मंदार पाध्ये ने भाषाओं विशेषकर हिंदी के प्रचार-प्रसार के प्रयासों का उल्लेख किया, जो देश के अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली भाषाओं में से एक है। पाध्ये ने कहा, वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी भाषा का ज्ञान जरूरी है तथा इसके बाद जिन दो भाषाओं का ज्ञान आपको होना चाहिए, वे हैं हिंदी और चीनी (मंदारिन), क्योंकि अगली पीढ़ी के नेता ऐसी जगहों से आ रहे हैं जहां ये भाषाएं बोली जाती हैं। पाध्ये की हालिया पुस्तक द रिजिलिएंट इन्वेस्टर में मानव-से-मानव संबंधों पर प्रकाश डाला गया है जो निरंतर विकसित होते वित्तीय परिदृश्य में व्यावसायिक विकास और व्यक्तिगत विकास के बीच विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी एक अहम भाषा होगी क्योंकि कई कारोबारी नेता भारतीय समुदाय से आते हैं और इनमें से कई की मातृभाषा हिंदी है। करीब 300 प्रतिभागियों के साथ हिंदी पर अपने विचार साझा करने के लिए सिंगापुर पहुंचीं इंदौर में 'प्री-एग्जामिनेशन ट्रेनिंग सेंटर' की प्राचार्य अलका भार्गव ने कहा कि उनका मानना है कि वैश्विक मंच पर हिंदी को और अधिक बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक संयुक्त प्रयास किए जाने चाहिए।

एक नजर

भारतीय सिख डॉलर लेकर पाक की यात्रा पर आएं

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने सोमवार को देश की यात्रा करने वाले भारतीय सिखों को सलाह दी कि वे भारतीय मुद्रा के बजाय अमेरिकी डॉलर लेकर चलें। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के प्रथम सिख मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा हमें कई शिकायतें मिली हैं कि अपने पवित्र स्थलों के दर्शन के लिए पाकिस्तान आने वाले भारतीय सिखों को मौजूदा विनिमय दर से बहुत कम राशि दी जा रही है। अरोड़ा ने भारतीय सिखों के शोषण के बारे में कई शिकायतें प्राप्त होने के बाद यह परामर्श जारी किया।

बांग्लादेश ने ब्रिटेन से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाया

ढाका। बांग्लादेश सरकार ने ब्रिटेन में अपनी उच्चायुक्त सईदा मुना तस्नीम को वापस बुला लिया है और उन्हें तुरंत ढाका लौटने को कहा है। ढाका ट्रिब्यून की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने अवामी लीग सरकार द्वारा नियुक्त दूतों को वापस बुलाने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में रविवार को नोटिस जारी किया। तस्नीम नवंबर 2018 से लंदन में उच्चायुक्त हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अपने लंदन कार्यभार से पहले उन्होंने थाईलैंड में बांग्लादेश के राजदूत के रूप में कार्य किया था।

ताइवान पहुंचा तूफान क्रैथॉन, चेतावनी जारी

ताइपे। तूफान क्रैथॉन के ताइवान के तट पर पहुंचने के बाद सोमवार तड़के जान-माल की क्षति की गंभीर चेतावनी जारी की गयी। ताइवान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी के अनुसार, सोमवार सुबह नौ बजे तक क्रैथॉन ताइवान के सबसे दक्षिणी बिंदु से लगभग 220 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में केंद्रित था, जो लगभग नौ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा था। इसके केंद्र के पास अधिकतम हवा की गति 162 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई और तूफान का दायरा 200 किलोमीटर है।

विदेश मंत्री जयशंकर ब्लिंकन से करेंगे मुलाकात

वाशिंगटन। विदेश मंत्री एस जयशंकर मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष टोनी ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे और इस दौरान दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध एवं पश्चिम एशिया में संकट सहित कई द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। जयशंकर रविवार को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी पहुंचे। वह कैबिनेट के अन्य मंत्रियों और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से मुलाकात करने के अलावा जयशंकर का थिंक-टैंक समुदाय से भी बातचीत करने का कार्यक्रम है।

कोलंबिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में आठ की मौत

बोगोटा। कोलंबिया के पूर्वी विभाग विचाडा में मानवीय मिशन के दौरान कोलंबियाई वायु सेना के एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से आठ लोगों की मौत हो गयी। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के एक्स अकाउंट पर कहा गया, पेट्रो ने शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना जताई और देश इस त्रासदी में मृतकों के प्रति शोकाकुल है।

हिजबुल्ला उप प्रमुख जारी रखेगा लड़ाई

नईम कासेम ने कहा- इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो उसके लड़ाके पूरी तरह तैयार

- **शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद लंबे युद्ध के लिए तैयार**

बेरूत, एजेंसी

हिजबुल्ला के उपप्रमुख ने समूह के अधिकतर शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद इजराइल के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया और कहा कि आतंकवादी समूह लंबे युद्ध के लिए तैयार है। हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला भी इजराइली हमलों में मारे जाने वाले शीर्ष नेताओं में शामिल था।

नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्ला के लड़ाके लेबनान की रक्षा करने और लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नसरल्ला के उत्तराधिकारी का फैसला होने तक उप महासचिव के रूप में नईम कासेम अब हिजबुल्ला के कार्यवाहक नेता हैं। कासेम ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हिजबुल्ला के शीर्ष सैन्य कमांडरों की मौत के बावजूद समूह अब नये कमांडरों पर निर्भर है। कासेम ने कहा, इजराइल हमारी (सैन्य) क्षमताओं को प्रभावित करने में सक्षम नहीं है। हमारे पास उपकमांडर हैं और किसी भी शीर्ष नेता के मारे जाने या घायल होने की स्थिति में कमांडर की जगह ले सकते हैं।

लेबनान के कई क्षेत्रों पर रविवार को इजराइली हमलों के परिणामस्वरूप कम से कम 105 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया ने लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पहले कहा था कि उसने रविवार दोपहर से लेबनान भर में दर्जनों लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया है।

लेबनान में हमले के बाद ध्वस्त इमारतों का मलबा।

इजराइल ने मध्य बेरूत पर किया हमला

यरूशलम। लेबनान में हिजबुल्ला के नेताओं और उसके ठिकानों को निशाना बनाकर हमला करने के कुछ ही घंटों बाद इजराइल ने मध्य बेरूत में हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाया। लगभग एक साल के संघर्ष में मध्य बेरूत में यह पहला इजराइली हवाई हमला है। इससे पहले, इजराइल की सेना ने सप्ताहांत में लेबनान पर हमला कर हिजबुल्ला के प्रमुख नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया था। इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि उसने शनिवार को हवाई हमले में हिजबुल्ला की 'सेंट्रल काउंसिल' के उप प्रमुख नबील कौक को मार गिराया। हिजबुल्ला ने उसकी मौत की पुष्टि की है। वह एक सप्ताह से भी कम समय में इजराइली हमलों में मारा गया हिजबुल्ला का सातवां शीर्ष सदस्य है।

नेतन्याहू ने अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी को कैबिनेट में शामिल कर अपनी स्थिति को मजबूत किया

यरूशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने गठबंधन का विस्तार करते हुए और सरकार में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी गिदोन सार को रविवार को अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया। नेतन्याहू ने बताया कि समझौते के तहत, सार बिना किसी विभाग के मंत्री के रूप में काम करेंगे और उस सुरक्षा कैबिनेट में शामिल होंगे जिस पर पश्चिम एशिया में इजराइल के शत्रुओं के खिलाफ जारी युद्ध के प्रबंधन की निगरानी है। सार (57) को उम्मीद थी कि वह नेतन्याहू के एक और प्रतिद्वंद्वी एवं रक्षा मंत्री योआव गैलेंट की जगह लेंगे लेकिन इजराइल की उत्तरी सीमा पर हिजबुल्ला के साथ लड़ाई तेज होने के कारण गैलेंट फिलहाल पद पर बने रहेंगे। सार के प्रधानमंत्री के साथ तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। वह कभी नेतन्याहू की 'लिकुड पार्टी' के उभरते सितारे थे, लेकिन चार साल पहले उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी और अपने अलग दल का गठन किया।

यमन के हुती विद्रोहियों ने अमेरिका निर्मित ड्रोन को मार गिराने का किया दावा

दुबई। यमन के हुती विद्रोहियों ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने देश के ऊपर अमेरिका निर्मित एक और 'एमक्यू-9 रीपर' ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने वीडियो भी साझा किया जिसमें कथित तौर पर सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल ड्रोन को निशाना बनाती दिखती है। अमेरिकी सेना ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। दावा ऐसे समय किया गया है जब गाजा पट्टी में इज़राइल-हमास युद्ध को लगभग एक साल होने वाला है। हुती विद्रोही लाल सागर से यात्रा करने वाले जहाजों को निशाना बनाते रहे हैं और अमेरिका के नेतृत्व वाले हवाई हमलों ने यमन में हुती की स्थिति को प्रभावित किया है।

नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 200 लोगों की मौत

- **30 लोग अब भी लापता हिमालयी राष्ट्र में तबाही**

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर लगभग 200 हो गई जबकि कम से कम 30 लोग अब भी लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पिछले शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आई और जगह जगह भूस्खलन हुआ, जिससे हिमालयी राष्ट्र में तबाही मच गई। नेपाल पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश, बाढ़, भूस्खलन और पानी भर जाने की वजह से कम से कम 192 लोग मारे गए हैं।

उन्होंने बताया कि इस आपदा में देश भर में 194 अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जबकि 30 अन्य लापता हैं। सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भारी बारिश के कारण आई आपदा के दौरान बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत कार्यों के लिए सभी सुरक्षा एजेंसी को तैनात किया गया है और नेपाल सेना, नेपाल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों ने अब तक लगभग 4,500 आपदा प्रभावित व्यक्तियों को बचाया है। घायलों का मुफ्त उपचार कराया जा रहा है और बाढ़ से प्रभावित अन्य लोगों को भोजन और अन्य आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्राकृतिक आपदा के बाद काठमांडू में सैकड़ों लोग भोजन, सुरक्षित पेयजल और गंदगी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। भूस्खलन के चलते प्रमुख राजमार्गों के अवरुद्ध होने के कारण देश के अन्य जिलों और भारत से सब्जियों की आवक अस्थायी रूप से बाधित हुई है जिससे बाजार में कीमतें भी बढ़ गई हैं।

बाढ़ पीड़ितों को रेस्क्यू करते हुए।

जापान में 27 अक्टूबर को चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं इशिबा

टोक्यो। जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने सोमवार को कहा कि वह पदभार ग्रहण करने की तैयारी के तहत 27 अक्टूबर को आम चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं। इशिबा ने कहा कि संसद का निचला सदन 09 अक्टूबर को भंग हो जाएगा। उन्होंने जल्द से जल्द जनता का जनादेश प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया। पूर्व रक्षा मंत्री इशिबा (67) ने शुक्रवार को आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को मामूली अंतर से हराकर देश की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) का नेतृत्व प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की। एलडीपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जापान में संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है, इसलिए पार्टी के नए प्रमुख के रूप में इशिबा को मंगलवार को एक असाधारण डाइट सत्र में प्रधानमंत्री चुना जाना तय है।

डेमोक्रेट्स चुनाव जीतने पर संविधान कर सकते हैं नष्ट

- **अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने व्यक्त की चिंता**

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने सोमवार को कहा कि आगामी पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी अगर जीत हासिल करती है तो अमेरिका के संविधान को नष्ट कर देगी। मस्क राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी के इस कथन को देश के मुख्य कानून के लिए खतरा मानते हैं कि अमेरिकी संविधान भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने में बाधक है।

उन्होंने कहा कि केरी ने पहले चिंता जतायी थी कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देने वाला अमेरिकी संविधान का पहला संशोधन सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने में बाधक है। एक एक्स यूजर ने केरी के भाषण पर एक लेख के शीर्षक का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया और कहा कि अगर डेमोक्रेट जीत गये, तो यह आखिरी चुनाव होगा। मस्क ने एक्स पर इसे 'रि-पोस्ट' करते हुए कहा और वे संविधान को नष्ट कर देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटस की ओर से मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस चुनाव लड़ रही है जबकि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार हैं।

ब्रिटेन का आखिरी कोयला बिजली संयंत्र हुआ बंद

लंदन। ब्रिटेन का आखिरी कोयला आधारित बिजली संयंत्र सोमवार को बंद हो जाएगा, जिससे देश में औद्योगिक क्रांति को जन्म देने वाली कोयला विद्युत की 142 साल पुरानी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। मध्य इंग्लैंड स्थित 'रैटक्लिफ-ऑन-सोर स्टेशन' अपनी अंतिम पाली के साथ आधी रात से हमेशा के लिए विराम ले लेगा। ब्रिटेन सरकार ने 2030 तक देश के लिए समूची ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न करने के प्रयासों में एक मील के पत्थर के रूप में कोयला आधारित बिजली संयंत्र के बंद होने की सराहना की। ऊर्जा मंत्री माइकल शैंक्स ने कहा, संयंत्र का बंद होना एक युग के अंत का प्रतीक है और कोयला श्रमिक 140 वर्षों से अधिक समय से हमारे देश को बिजली प्रदान करने वाले अपने काम पर गर्व कर सकते हैं। एक देश के रूप में हम पीढ़ियों के प्रति ऋणी हैं।

दुर्गा पूजा का विरोध वाले बयान पर चिंता व्यक्त की

- **कट्टरपंथी इस्लामी समूह इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता की 16 सूत्री मांग की आलोचना की**
- **हिंदुओं को दुर्गा पूजा मनाने या किसी भी मूर्ति पूजा में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी दी गई**

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने देश में दुर्गा पूजा समारोहों का विरोध करने वाले कट्टरपंथी इस्लामी समूह, इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता के बयानों पर चिंता व्यक्त की है। मीडिया रिपोर्टों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, परिषद ने मीडिया के लिए जारी बयान में इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता की 16 सूत्री मांग की आलोचना की है, इस 16 सूत्री मांग में उन्होंने हिंदुओं को दुर्गा पूजा मनाने या किसी भी मूर्ति पूजा में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी दी है। काउंसिल ने बयानों और मांगों के जरिए देश में सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वालों को तुरंत हिरासत में लेने की मांग की है।

परिषद ने दी चेतावनी

परिषद ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदू समुदाय दुर्गा पूजा के आयोजन से हतोत्साहित हो सकता है। परिषद ने उल्लेख किया कि ऐसी मांगें और बयान मानवाधिकारों के खिलाफ हैं और धार्मिक आयोजन करने के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं।

कोशिका प्रतिरोपण से टाइप 1 मधुमेह को ठीक करने का दावा

बीजिंग। चीनी वैज्ञानिकों ने मूल कोशिका (स्टेम सेल) प्रतिरोपण के माध्यम से 'टाइप-1' मधुमेह के एक पुराने रोगी को ठीक करने का दावा किया है और इसे विश्व भर में अपनी तरह का पहला मामला बताया गया है। चीनी समाचार पत्र 'द पेपर' की रिपोर्ट के अनुसार, 25 वर्षीय एक महिला एक दशक से अधिक समय से इस बीमारी से पीड़ित थी लेकिन छोटे से ऑपरेशन के जरिए कोशिका प्रतिरोपण के लगभग ढाई महीने बाद वह अपने रक्त शर्करा स्तर को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रित करने में सक्षम है। इस ऑपरेशन में सिर्फ आधे घंटे का समय लगा। यह ऑपरेशन करने वाली टीम ने पिछले सप्ताह पत्रिका सेल में अपने निष्कर्ष प्रकाशित किए।

इमरान पर आतंकवाद का नया मामला दर्ज

- **रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में प्रदर्शन के बाद तीन नए मामले दर्ज किए गए**

इस्लामाबाद, एजेंसी

रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के आह्वान पर किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद पंजाब पुलिस ने उनके खिलाफ शनिवार को तीन नए मामले दर्ज किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री पहले से ही जेल में बंद हैं।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार पीटीआई के संस्थापक पर रविवार को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और पार्टी अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान के साथ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। रावलपिंडी के न्यू टाउन और सिविल लाइंस पुलिस थानों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों में हत्या के प्रयास, धारा 144 के उल्लंघन और अन्य आतंकवाद से संबंधित अपराधों के आरोप भी शामिल थे। एक वर्ष से अधिक समय से जेल में बंद इमरान खानने अपने समर्थकों को राष्ट्रीय संस्थाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए उकसाया और जेल से निर्देश जारी किए।

17 भारतीय मछुआरे श्रीलंका में गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 17 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी नौकाएं जब्त कर लीं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि इन 17 मछुआरों को मिला कर इस साल द्वीप राष्ट्र में ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या 413 हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और रविवार को मन्नार के उत्तर में उनकी दो नौकाएं जब्त की गईं। नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया। इसमें कहा गया है कि पकड़े गए 17 मछुआरों को तलाईमन्नार पियर ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मन्नार मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा।

खगोल विज्ञान | कैमरे में कैद करने की पूरी दुनिया में होड़ लगी

आसमान मे चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु ए 3

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : धूमकेतु ए 3 त्सुचिंशान-एटलस का नजर आना शुरू हो गया है। सुबह के आसमान में प्रभावशाली ढंग से चमक बिखेर रहा है। इसकी चमक बढ़ने को लेकर खगोल के प्रति रूचि रखने वाले दुनियाभर के खगोलप्रेमी व धूमकेतुओं पर अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों के बीच इस धूमकेतु को कैमरे में कैद करने की होड़ लगी हुई है। इस धूमकेतु के जुलाई में विखण्डित होने की खबर आई थी।

यह क्षतिग्रस्त हो चुका था और नज़र आना भी बंद हो गया था। घटना बेहद निराश करने वाली थी। मगर अब पुनः नजर आने लगा है। 27 सितंबर को सूर्य के सबसे करीब पहुंच गया था। अब वापस लौट रहा है। अब यह धूमकेतु 12 अक्टूबर को पृथ्वी के सबसे करीब होगा। उम्मीद है कि तब वह सुबह की जगह शाम को नजर आने लगेगा। अक्टूबर में इसकी चमक में काफी बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है। संभव है कि तब इसे कोरी आंखों से देखा जा सकेगा। फिलहाल यह धुंधला नजर आ रहा है और इसे देखने के लिए दूरबीन की सहायता लेनी पड़ेगी।



यूएई से कैमरे में कैद धूमकेतु ए3।

नष्ट होने से बच गया ए 3 त्सुचिंशान-एटलस

नैनीताल : धूमकेतु ए 3 त्सुचिंशान-एटलस बेहद भाग्यशाली माना जा रहा है। जुलाई में टूटकर बिखर चुका था। जिसने जबरदस्त वापसी की। मगर 27 सितंबर को सूर्य के करीब पहुचने पर इसके पुन: नष्ट होने की आशंका बनी हुई थी। दरअसल सूर्य के नजदीक पहुचने पर संभव था कि वह सूर्य के आकर्षण में हजार भीषण ताप में समा जाता और सदा के लिए समाप्त हो जाता। मगर यह यह बच निकला। अब इसके धरती के करीब पहुचने का इंतजार है।